नई दिल्ली मंगलवार 11 फरवरी 2025 माघ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 303 पृष्ठ : 12, मूल्य : 2.00 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## राष्ट्रपति मुर्मू ने संगम में 3 डुबकी लगाई

प्रयागराज। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में 3 डुबकी लगाई। भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। स्नान से पहले मां गंगा को पुष्प अर्पित किए। मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजन और आरती की। इसके बाद राष्ट्रपति लेटे हनुमान मंदिर पहुंचीं और आरती की, फिर अक्षयवट धाम पहुंची और दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सीएम योगी ने स्वागत किया। वहां से अरैल पहुंचीं, फिर बोट से संगम पहुंचीं और स्नान किया।

नेशनल हाईवे 30 पैक

**संगम नगरी को जोड़ने वाले सभी जिलों में 36-36 घंटे तक हिल नहीं पा रहे वाहन**

# जाम से 'त्राहिमाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना/चित्रकूट/रीवा

श्रद्धालुओं का एक रेला प्रयागराज में है। दूसरा रेला संगमनगरी जाने वाले जिलों की सड़कों पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के अलावा प्रयागराज जाने वाले सभी छोटे-बड़े सड़क मार्गों पर फंसे लोगों के दिन और रात रास्ते में ही कट रहे हैं। इन लोगों को भरपेट खाना और पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। टॉयलेट भी सड़क के किनारे ही जाना पड़ रहा है।

रीवा, चित्रकूट के अलावा झांसी- मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 35 में हजारों की संख्या में फंसे लोग भारी परेशान हैं। जाम इतना ज्यादा लगा हुआ है कि उसका असर सतना, रीवा, मैहर, चित्रकूट, कटनी और जबलपुर के अलावा अन्य शहरों तक देखने को मिल ▶▶ शेष पेज 5 पर

- सतना, मैहर, कटनी और जबलपुर में 3 दिन से 15 से 20 किलोमीटर तक बार- बार जाम, श्रद्धालु परेशान


चित्रकूट प्रयागराज मार्ग पर फंसे वाहन

सड़क पर गुजर रहे दिन और रात न भर पेट खाना और न पीने को पानी, ढाबों में खाना खत्म, टॉयलेट की कोई व्यवस्था नहीं

लोग एक्स पर वीडियो डाल रहे- कह रहे : न घर के रहे न घाट के। घर 250 किमी दूर। घाट 350 किमी दूर। न घर जा सकते और न घाट

### बनाए गए रैन बसेरे कहीं-कहीं बांटी जा रही खिचड़ी और पूड़ी सब्जी

इसी सड़क मार्ग पर नगर परिषद द्वारा चाकघाट से लेकर त्योंथर तक तक रैन बसेरा बनाए गए हैं। जहां पर जाम में फंसे नागरिकों को कहीं-कहीं खिचड़ी बनती जा रही है तो कहीं पर सब्जी-पूड़ी दी जा रही है। पर ये ▶▶ शेष पेज 5 पर

### झांसी- मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर भी वाहनों की कतार

झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 35 पर भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगीं हुईं हैं। इस मार्ग पर मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली आदि जगहों के श्रद्धालु फंसे हुए हैं। प्रयागराज जाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बाबा महाकाल को अर्पित किया चांदी का मुकुट



उज्जैन। मंदिर में एक भक्त ने भगवान महाकाल को 2 किलो 794 ग्राम वजन का चांदी का मुकुट अर्पित किया। मंदिर समिति ने दानदाता को बाबा महाकाल का प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।

### तिरुपति लड्डु में मिलावट 4 न्यायिक हिरासत में



नई दिल्ली। तिरुपति की एक अदालत ने सोमवार को उन चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिन्हें श्री वेंकटेश्वरा स्वामी मंदिर में चढ़ाए लड्डू में मिलावट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी



अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र मिला है। अधिकारी ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे जेद्दा-अहमदाबाद विमान में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

12 वीं बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े छात्रों से सीधा संवाद किया

# 'परीक्षा पे चर्चा' में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिया तनावमुक्त रहने का गुरुमंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण के जरिए 10 और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े छात्रों से सीधा संवाद किया। जिसमें उन्होंने परीक्षा की तैयारी के दौरान होने वाले तनाव को दूर भगाने के कई गुरुमंत्र छात्रों को दिए।

सबसे पहले पीएम इस बात पर जोर दिया कि छात्र अपने अभिभावकों के साथ हमेशा बातचीत करेंगे तो उन्हें कभी भी तनाव नहीं होगा। जिंदगी के हर पल को पूरी तरह से जीना चाहिए। क्योंकि अगर किसी पल को आपने महसूस नहीं किया तो वह पल चला जाएगा। फिर वापस लौटकर नहीं आएगा। सुंदर नर्सरी में प्रधानमंत्री की छात्रों ▶▶ शेष पेज 5 पर


पीएम मोदी छात्रों से चर्चा करते हुए

### अलग अंदाज में सबके सामने कार्यक्रम

बताते चलें कि इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को एक बिलकुल अलग अंदाज में मनाया जा रहा है। जिसमें सदगुरु से लेकर दीपिका पादुकोण, मैरीकॉम, विक्रांत मैसी, पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा और अन्य प्रभावशाली हस्तियां अपने अनुभवों को 8 एपिसोड के माध्यम से छात्रों संग साझा कर उन्हें प्रेरित-प्रोत्साहित करेंगी। उधर, कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### समय की कीमत को पहचानें

पीएम ने छात्रों से बातचीत में उनके सामने समय की कीमत को पहचानने का मंत्र दिया। साथ ही कहा कि अगर हम अपने समय का अधिकतम उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करें और दिनभर का कार्यक्रम सही तरीके से बनाएं तो पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के लिए आसानी से समय निकाल सकते हैं। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि आजकल लोग अपनी दिनचर्या के अधिकतम समय का सदुपयोग नहीं कर पाते हैं। कोई व्यक्ति गपशप करने में अपना समय बर्बाद कर देता है तो कोई पढ़ाई में लगाकर अपने समय का सही ढंग से उपयोग करता है।

### सकारात्मक नजरिया अपनाने की सलाह दी

उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वो अपने जीवन में हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। अपने दोस्तों के बारे में पूरी जानकारी रखें। खासतौर पर उनके गुणों के बारे में जरूर अच्छे से जानें। जिससे छात्रों को यह सीखने को मिलेगा कि हर व्यक्ति में कुछ सकारात्मक गुण होते हैं। अपनी बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों का ध्यान समाज में बदलते पारिवारिक ढांचे की तरफ भी लगाया। पहले समाज में परिवार सर्वोपरि था। वो एक प्रकार से हमारी यूनिवर्सिटी था। जिसमें नाना-नानी, दादा-दादी और पापा व मम्मी में आपस में बातें करते थे। इन सभी से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जीवन अनमोल है, फेलियर के डर से गंवाए नहीं

उन्होंने कहा कि असफल होने के डर से घबराएं नहीं। क्योंकि अगर आप एक बार फेल हो जाएंगे तो आपको दोबारा मौका मिल जाएगा। फेल होने के डर से छात्र अपना मानसिक स्वास्थ्य खराब न करें। जीवन अनमोल है, आपका परीक्षा परिणाम नहीं। हमें केवल लगातार अपना बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहिए। पीएम ने छात्रों को कहा कि वो खुद से प्रतिस्पर्धा करें। जो अपने आप से स्पर्धा करता है वह कभी भी नहीं टूटता और उसका विश्वास हमेशा बना रहता है।

फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## आज फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ पेरिस में पीएम करेंगे एआई सम्मेलन की सह-अध्यक्षता



- जन कल्याण के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगी दृष्टिकोण पर किया जाएगा विचारों का आदान-प्रदान।
- अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने पर होगी चर्चा।
- फ्रांस-अमेरिका यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने आधिकारिक बयान में प्रधानमंत्री ने दी यह जानकारी।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय (10 से 13 फरवरी तक) आधिकारिक यात्रा पर पेरिस पहुंच गए। मंगलवार को वह पेरिस में आयोजित किए जा रहे कृत्रिम मेधा (एआई) शिखर सम्मेलन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ शिरकत करेंगे।

दोनों देशों की इस यात्रा पर रवाना होने से पहले दिए अपने बयान में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर मैं 10 से 11 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहूंगा। पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं। जो विश्व के दिग्गज नेताओं और विश्व स्तर की प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीईओ का एक ▶▶ शेष पेज 5 पर

निशिकांत दुबे ने यूएसएड का मामला उठाते हुए कहा संस्थाओं की हो जांच

## लोकसभा में शून्य काल के दौरान भाजपा सांसद ने कांग्रेस के साथ जॉर्ज सोरोस के संबंध फिर दोहराए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने अमेरिकी संस्था 'यूएसएड' द्वारा भारत को विभाजित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं को धन दिए जाने का दावा करते हुए सोमवार को सरकार से मांग की कि इस मामले में जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि दोषी पाए गए लोगों को जेल में डाला जाए। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान दुबे ने कांग्रेस के साथ अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस के साथ संबंध होने का अपना आरोप एक बार फिर दोहराया।



दुबे के इन आरोपों पर कांग्रेस सदस्यों ▶▶ शेष पेज 5 पर

रणवीर, समय रैना व अपूर्वा मखीजा के खिलाफ एफआईआर, यूट्यूब से हटेगा वीडियो

## मां-पिता पर अश्लील टिप्पणी करने वाले रणवीर व समय रैना के खिलाफ देश में गुस्सा, सारी उम्र जेल में 'सड़ा' देने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपने यूट्यूब वीडियो से करोड़ों कमाने वाले रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना व अपूर्वा मखीजा ने मां-पिता के पवित्र रिश्तों को ऐसा तार-तार किया कि सारे देश में गुस्सा भड़क उठा। एक्स पर लोगों ने यहां तक लिख दिया कि इनको इनके शो में घुसकर जिंदा जला देना चाहिए या फिर इनको ▶▶ शेष पेज 5 पर



### असम में इलाहाबादिया रैना समेत 5 पर केस दर्ज :

दिसपुर। रणवीर इलाहाबादिया मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। असम पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। रणवीर इलाहबादिया के साथ आशीष चंचलानी, ▶▶ शेष पेज 5 पर

नव निर्वाचित सदस्यों को संबोधित किया

## संसद और विधानमंडलों की कार्यवाही में सदस्यों की कम हो रही भागीदारी चिंताजनक: बिरला



- विधायक पूरी तैयारी और तथ्यों के साथ सदन में बहस के लिए आएं, प्रश्नकाल में लोगों से जुड़े मुद्दे उठाएँ: लोक सभा अध्यक्ष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को संसद और विधानमंडलों की कार्यवाही में सदस्यों की कम हो रही भागीदारी व राजनीतिक गतिरोध पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विधानमंडलों की बैठकों की संख्या में कमी और उत्पादकता में गिरावट पर भी चिंता व्यक्त की। संसद भवन परिसर में महाराष्ट्र ▶▶ शेष पेज 5 पर

यह जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बेंगलुरु में आयोजित 'एयरो इंडिया शो-25' का उद्घाटन करते हुए दी

## स्थायी शांति की प्राप्ति तभी संभव जब राष्ट्र एक साथ मजबूत बने: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को बेंगलुरु के येलहंका एयरफोर्स स्टेशन में आयोजित किए जा रहे एयरो इंडिया शो-2025 के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया।

इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने वर्तमान में घरेलू और वैश्विक स्तर पर बने हुए चुनौतीपूर्ण हालातों के बीच कहा कि स्थायी शांति की प्राप्ति तभी संभव है जब राष्ट्र एक साथ मजबूत बनें और बेहतर विश्व व्यवस्था की दिशा में कार्य करें। हालांकि समूचे वातावरण के बावजूद भारत एक ऐसा बड़ा देश है जो शांति और समृद्धि का अनुभव कर रहा है।

हम हमेशा शांति और स्थिरता के समर्थक रहे हैं। यही हमारे मूल आदर्शों का हिस्सा है। हमने कभी किसी देश ▶▶ शेष पेज 5 पर



### रक्षा औद्योगिक क्षेत्र अर्थव्यवस्था का अहम भाग

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है। जो तेजी से विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा एक ठोस, सतत और सुविचारित प्रारूप के कारण देश में एक जीवंत और संपन्न रक्षा उद्योग पारिस्थितिकी व्यवस्था ▶▶ शेष पेज 5 पर

### संबंधों को मिलेगी मजबूती

उन्होंने कहा कि एयरो इंडिया मौजूदा अनिश्चितताओं से निपटने के लिए आपसी सम्मान, हित और लाभ के आधार पर समान विचारधारा वाले देशों के बीच संबंधों को और मजबूती प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। राजनाथ ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**



## गोकशी के आरोप में दो लोग पकड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को सिग्नेचर ब्रिज के पास गोकशी के एक मामले में शामिल होने के आरोप में एक नाबालिग सहित दो लोगों को पकड़ा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। न्यू उस्मानपुर थाने की पुलिस को सुबह आठ बजकर 20 मिनट पर घटना के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम को फोन करने वाले रूपेश राणा वहीं मिला, जहां दो अन्य लोग गोकशी कर रहे थे। दोनों को तुरंत पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने दो गायों के अवशेष, गोकशी में इस्तेमाल उपकरण, एक सीरींज, दवा की बोतल और पशुओं को लाने ले जाने में कथित रूप से इस्तेमाल होने वाली एक कार बरामद की। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और यह पता लगाने के लिए इस बात की जांच की जा रही है कि क्या मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं।

## तालाब में मिला शव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के एक पार्क में स्थित तालाब में सोमवार को 24 वर्षीय एक व्यक्ति मृत पाया गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। पुलिस के अनुसार, सुबह 7:38 बजे एक पीसीआर कॉल मिली और मौके पर पहुंचने पर उन्हें स्मार्टवन पार्क में व्यक्ति का शव मिला, जो पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ था। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान उत्तराखंड के मूल निवासी राहुल सिंह बिष्ट के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसकी पहचान उसके बटुए में मिले पहचान पत्रों से हुई, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी शामिल है। उसके पास से एक फोन भी बरामद किया गया है। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में उसके सिर के पिछले हिस्से पर दो घाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि अपराध अन्वेषण दल ने इलाके का निरीक्षण किया। अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस दल गठित कर दिये गए हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जाएगी।

## सीलमपुर में किशोर की चाकू से गोदकर हत्या



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सीलमपुर इलाके में एक किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात को हुई और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 17-18 वर्ष रही होगी। उसे सड़क पर खून से लथपथ पाया गया था। उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## एनडीएमसी ट्यूलिप महोत्सव-2025 का उद्घाटन आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, नीदरलैंड के राजदूत, महामहिम मारिसा जेराड्र्स के साथ एनडीएमसी ट्यूलिप महोत्सव-2025 का आज मंगलवार को उद्घाटन करेंगे और ट्यूलिप वॉक में भाग लेंगे। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशासन के अनुसार आज मंगलवार को शांतिपथ (रूसी दूतावास के सामने), चाणक्यपुरी नई दिल्ली में करीब पौने चार बजे आयोजित ट्यूलिप प्रदर्शनी का सक्सेना, मारिसा आदि गणमान्य भी दौरा करेंगे।

### दो बच्चे मुक्त कराये, चार गिरफ्तार

# दिल्ली पुलिस ने बाल तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की रेलवे इकाई ने बाल तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके चंगुल से एक शिशु समेत दो बच्चों को मुक्त कराया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस टीम ने 2023 से 2025 तक के तीन मामलों को सुलझा लिया है। इसी पुलिस कार्रवाई के दौरान यह भी खुलासा हुआ है कि यह गिरोह गोद लेने के बहाने निःसंतान दंपतियों को तस्करी किए गए बच्चे दे (बेच) रहा था। पुलिस उपायुक्त (रेलवे) के पी एस मल्होत्रा ने कहा कि पिछले साल 17 अक्टूबर को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक मामला सामने आने के बाद जांच शुरू हुई। एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके ढाई साल के बेटे का उस समय अपहरण कर



लिया गया जब वह स्टेशन के मुख्य हॉल में सो रही थी। मल्होत्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात महिला बच्चे को ऑटो-रिक्शा में ले जाती हुई दिखाई दी। उन्होंने बताया कि पुलिस दलों ने ऑटो-रिक्शा चालक का पता लगाया, जिसने इस बात की पुष्टि की कि उसने संदिग्ध (आरोपी महिला) को बदरपुर-फरीदाबाद टोल गेट के पास छोड़ा था। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि मामले की जांच करते समय पुलिस दलों को यह भी पता चला कि 31 जुलाई को रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर हॉल से एक अन्य महिला के तीन वर्षीय बेटे का अपहरण कर लिया गया था। उस मामले में सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण से भी पता चला कि उसी (आरोपी) महिला ने बच्चे का अपहरण किया और ऑटो-रिक्शा में बैठकर उसी स्थान (बदरपुर-फरीदाबाद) पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार 21 जनवरी को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक और अपहरण की सूचना मिली। एक महिला के चार महीने के बच्चे को 'फूड कोर्ट वेटिंग हॉल' से अगवा कर लिया गया। इसी तरह के तीन मामलों की जांच के सिलसिले में पुलिस ने एक टीम बनाई। मल्होत्रा ने कहा कि हमने बड़े पैमाने पर एक बचाव अभियान चलाया और कई दलों ने 700 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा फोन ट्रैकिंग डेटा के आधार पर यह पता लगाय कि संदिग्ध कहां-कहां आयी-गयी। सफलता तब मिली जब संदिग्ध को रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार से एक ऑटो-रिक्शा में चढ़ते हुए देखा गया। पुलिस के मुताबिक यह पता लगाया गया कि गाड़ी का पंजीकरण क्रमांक कहां का है और फिर उस आधार पर बदरपुर में जांच की गई। टीम ने छापेमारी के बाद संदिग्ध जोड़े को फरीदाबाद में ढूंढ निकाला और चार लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि टोह लेने के बाद रेलवे स्टेशन से बच्चों का अपहरण करने वाली एक महिला और उसके पति को पुलिस टीम ने पकड़ा और तब पता चला कि महिला का पति सूरज तस्करों और खरीददारों के बीच सौदा कराने का काम करता था। उन्होंने बताया कि एक वकील के यहां लिपिक का काम करने वाली एक अन्य महिला गोद लेने के फर्जी कागजात तैयार करती थी ताकि बच्चों की यह खरीद-फरोख्त वैध रूप से गोद लेना प्रतीत हो। मल्होत्रा ने कहा कि टीम ने बाद में एक स्वयंभू डॉक्टर को गिरफ्तार किया, जो 10वीं पास है। वह तस्करी कर लाये गये शिशुओं को निःसंतान दंपतियों के वास्ते परित्यक्त बच्चों के रूप में प्रस्तुत करती थी। वे बहुत ही योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे थे जिसमें अपहृत शिशुओं को बेचने के लिए कानूनी खामियों और चिकित्सा संबंधी फर्जीवाड़े की मदद ली जाती थी। इस गिरोह के कामकाज के तौर-तरीके का जिक्र करते हुए पुलिस ने बताया कि तस्कर रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाली जगहों से शिशुओं को उठा लेते थे।

## अदालत ने नरेश बाल्यान के सहयोगी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट रद्द करने से किया इनकार



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मकोका मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता नरेश बाल्यान के एक कथित सहयोगी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट रद्द करने से सोमवार को इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि याचिकाकर्ता उम्मेद सिंह ने अपने खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट को वापस लेने के लिए कोई पर्याप्त आधार नहीं दिखाया। जांच अधिकारी द्वारा दायर अर्जी पर 21 जनवरी को सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि आरोपी जानबूझकर गिरफ्तारी से बच रहा है और उसके घर और ठिकानों पर लगातार छापेमारी के बावजूद उसका पता नहीं चल पा रहा है। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह के अनुसार, बाल्यान ने सिंह के नाम पर समझौतों का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा कि समझौतों के बाद, बाल्यान ने संपत्तियों को विवादित स्थिति में लाने के लिए हेरफेर किया, कथित सिंडिकेट नेता कपिल सांगवान को शामिल किया, ताकि वह वैध विक्रेताओं को उनकी संपत्तियों को समझौते में उल्लिखित राशि से बहुत कम कीमत पर बेचने के लिए धमका सके। न्यायाधीश ने आरोपी की इस दलील को खारिज कर दिया कि वह पारिवारिक मुद्दों में व्यस्त था।

न्यायाधीश ने 15 जनवरी को मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून) के तहत दर्ज मामले में बाल्यान को जमानत देने से इनकार कर दिया था। बाल्यान को चार दिसंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक अदालत ने जबरन वसूली के एक मामले में उन्हें जमानत दे दी थी।

## अदालत ने नकली नोट रखने और उसका इस्तेमाल करने के मामले में दो लोगों को दोषी ठहराया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने 2,000 रुपये के नकली नोट रखने और आईएनए मार्केट की एक दुकान पर उनका इस्तेमाल करने के चार साल पुराने मामले में दो लोगों को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लवलीन अकीब और वकार के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। अकीब और वकार के खिलाफ में कोटला मुबारकपुर थाने में भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 489 बी (वास्तविक, जाली या नकली मुद्रा नोट या बैंक नोटों का उपयोग करना) और 489 सी (जाली या नकली नोटों को रखना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। एक अन्य आरोपी मुनीश अहमद को भादंसं की धारा 489 सी के तहत आरोपित किया गया है।

अदालत ने सात फरवरी को अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने मामले के तथ्य स्थापित किए। अदालत ने कहा कि आरोपी अकीब और वकार 23 फरवरी 2020 को आईएनए मार्केट की एक दुकान पर गए तथा 2,000 रुपये के नकली नोट का इस्तेमाल किया, जिसके बाद दुकानदार ने उन्हें पुलिस को सौंप दिया। अदालत ने कहा कि तलाशी लेने पर दोनों के पास से 2,000 रुपये के 29 नकली नोट बरामद हुए।

अदालत ने कहा कि दोनों ने खुलासा किया कि उन्होंने अहमद से नकली नोट प्राप्त किए थे, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और खानपुर स्थित उसके (अहमद के) घर से तीन नकली नोट बरामद किए गए। अदालत ने कहा कि नासिक स्थित करेंसी नोट प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, जब्त किए गए सभी नोट नकली हैं। अदालत में दोषियों की सजा पर 24 फरवरी को बहस होगी।

## दिल्ली से बसपा का कैडर होने लगा गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ अधिकांश सीटों पर नहीं मिले हजार वोट, जमानत जब्त

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने बहुजन समाज पार्टी के लिए भी खतरे की बड़ी घंटी बजा दी है। क्योंकि ऐसा लगता है कि जैसे दिल्ली से बसपा का कैडर अब गायब यानी कम हो रहा है। इसका उदाहरण ताजा चुनावी नतीजों में देखने को मिला। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए आंकड़े के मुताबिक, बहुजन समाज पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में केवल 0.58 प्रतिशत वोट पड़े है। चंद सीटों पर ही बसपा उम्मीदवार एक हजार वोट पाने में कामयाब हुए जबकि अधिकांश सीटों पर बसपा आंकड़ा तीन अंको व इससे नीचे ही रहा। जिसके चलते बसपा का एक भी उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा सका। बसपा का कैडर इस कदर नाराज हो चुका है कि उसके उम्मीदवारों को करीब 40 से ज्यादा सीटों पर नोटा से भी कम वोट पड़े। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की दो सीटों पर चुनाव लड़ने वाली एआईएमआईएम वोट शेयर के मामले में मायावती की बसपा ओवैसी की पार्टी से भी नीचे चली गई। एक तरफ जहां एआईएमआईएम वोट शेयर मामले में पांचवें पायदान पर रही। वहीं दूसरी तरफ खराब प्रदर्शन के चलते दिल्ली में बहुजन समाज पार्टी छठे नंबर पर रही है। दलितों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि बसपा सुप्रीमो ने दिल्ली के अपने कैडर से नाता तोड़ रखा है। लोकसभा हो या दिल्ली विधानसभा अथवा निगम चुनावा। दिल्ली के गत अधिकांश चुनाव में बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने पार्टी के लिए प्रचार ही नहीं किया। जिसके चलते बसपा कैडर जहां खुद को ठगा सा महसूस करते हैं। दिल्ली में बसपा संगठन क्या करता है किसके दिशा निर्देश पर करता है इसकी जानकारी मीडिया में, यानी दिल्ली के लोगों तक नहीं पहुंचती। जबकि बसपा कैडर की मजबूरी है कि वह तमाम विपरीत हालात के बावजूद बसपा को छोड़ना नहीं चाहता। कभी दिल्ली में बसपा का एक विधायक, तीन से अधिक निगम पार्षद भी रहे है। वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत तक पहुंच गया था। लेकिन उस दौरान खुद मायावती दिल्ली में प्रचार करने आती थी और उम्मीदवारों के पक्ष में खड़ी रहती थी। लेकिन आज हालात यह है कि न मायावती आती है, बसपा के उम्मीदवार जीतते है, न ही बसपा का वोट बैंक बढ़ता है।

## अवैध विदेशियों को उनके देश भेजा वापस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में कथित रूप से बिना वैध वीजा के रह रहे 16 विदेशी नागरिकों को पुलिस ने पकड़ लिया और उन्हें उनके देश वापस भेज दिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश के पांच, नाइजीरिया के नौ, गिनी और उज्बेकिस्तान के एक-एक नागरिक को हिरासत में लिया गया और उन्हें उनके देश भेजने से पहले हिरासत केंद्र में रखा गया। उन्होंने बताया कि ये पांचों बांग्लादेशी एक ही परिवार के हैं, जिसमें दो बच्चे भी शामिल हैं।

## गंदगी को लेकर काफी परेशान रहे लोग, अब नई सरकार से जगी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पूर्व सीएम आतिशी ने चुनाव से पहले कई इलाकों में सीवर की समस्या को खुद ही सार्वजनिक किया

आम आदमी पार्टी की सरकार में सड़क और सीवर के साथ गंदगी भी प्रमुख समस्या रही। हालांकि अब दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के बाद लोगों को इस बात की आस जगी है कि अब उन्हें इन समस्याओं से निजात मिलेगी।

गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की सरकार में यमुनापार का इलाका समेत पूरी दिल्ली में सीवर जाम और जर्जर सड़कों समस्या बनी रही। सरकारी तंत्र समस्या का निरीक्षण करने के बाद समस्या का स्थाई निदान नहीं कर सका। पूर्व सीएम आतिशी ने चुनाव से पहले कई इलाकों में सीवर की समस्या को खुद ही सार्वजनिक किया। यहां तक वह खुद ही इलाकों में गई और सीवर की समस्या को ठीक भी करवाया लेकिन इन्होंने इसका स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया। जिससे थोड़े दिनों बाद समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती थी। दरअसल सीवर की समस्या का स्थायी हल सीवर लाइन का बदलना था लेकिन आप सरकार दावा तो करती रही लेकिन सीवर लाइनों को नहीं बदला। यदि कहीं सीवर लाइनें बदली भी गईं तो वहं काफी छोटे व्यास के पाइप डाले गए। जो इलाके की क्षमता पर खरे नहीं उतरे और वहां सीवर जाम होने लगे। यमुनापार के कई इलाकों में सीवर जाम की समस्या दूर करने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई। लेकिन कुछ दिनों बाद नई सीवर लाइनों में भी जाम की शिकायत मिलती थी। लोगों के द्वारा शिकायत करने के बाद भी उन पर सुनवाई नहीं होती थी। इसी तरह का हाल सड़क और गंदगी की समस्या का था। लेकिन लोगों को कहना है कि दिल्ली में अब दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई इसलिए सभी समस्याओं से निजात मिलेगी।

## एमसीडी के शौचालयों पर जड़े रहते हैं ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ देहात इलाके में सफाई व्यवस्था भी चौपट

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन ने भले ही अपने सार्वजनिक शौचालय के बुनियादी ढांचे को बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) प्रणाली और बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ मजबूत करने के दावे किए हैं लेकिन देखा जाए तो दिल्ली और दिल्ली देहात के इलाकों में अनेकों जगह महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों पर ताले जड़े रहते हैं तो वहीं, दूसरी तरफ पुरूषों के लिए बने सार्वजनिक शौचालयों में सफाई व्यवस्था का अभाव रहता है। नरेला जोन में निगम जोन उपायुक्त कार्यालय के बाहर बने शौचालय की ही बात करें तो यहां सफाई व्यवस्था का अभाव देखा गया है और इसके साथ ही अलीपुर बस पास केंद्र और बवाना चौक पर महिलाओं के लिए बने शौचालयों



पर ताले जड़े देखें गए हैं। वहीं, बता दें कि दिल्ली में सार्वजनिक जन शौचालयों की अस्वच्छ (अनहाइजेनिक) स्थितियों को लेकर दिल्ली नगर निगम के आयुक्त पर कोर्ट की फटकार भी पड़ चुकी है।

### शौचालय रखरखाव के लिए 18 करोड़ की निधि का आवंटन

एमसीडी प्रशासन ने गत वर्ष दिसंबर में बताया था कि एमसीडी ने 12 जोन में शौचालय और यूरिनल की मरम्मत और सुधार के लिए 18 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह बहुआयामी दृष्टिकोण दिल्ली के निवासियों और आगंतुकों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ सार्वजनिक शौचालय प्रदान करने के लिए एमसीडी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### शहर के सार्वजनिक शौचालय ढांचे को सुदृढ़ कर रहा निगम

बता दें कि गत वर्ष दिसंबर में एमसीडी प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम शहर में स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाने के लिए शहर के सार्वजनिक शौचालय ढांचे को सुदृढ़ कर रहा है, जिसमें नए शौचालय ब्लॉकों का निर्माण, पुराने शौचालयों की मरम्मत और प्रभावी प्रबंधन शामिल है। वर्तमान में 409 सामुदायिक शौचालय, 905 सार्वजनिक शौचालय और 1621 यूरिनल चालू हैं। इन शौचालयों का रखरखाव एमसीडी और एनजीओ/मार्केट एसोसिएशन के द्वारा किया जाता है।

### निगरानी और रखरखाव में सुधार के लिए कई पहल शुरू

दिल्ली नगर निगम ने सार्वजनिक शौचालयों की निगरानी और रखरखाव में सुधार के लिए कई पहल शुरू की हैं। इसके लिए नियमित निरीक्षण, दैनिक सफाई और रखरखाव अनुसूची, क्यूआर कोड के माध्यम से फीडबैक संग्रह, एनजीओ और सामुदायिक संगठनों के साथ सहयोग किया गया है। इसके साथ ही प्रशासन ने बताया कि निगम आम जनता के लिए बेहतर स्वच्छता और सुलभ सार्वजनिक शौचालय सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग ने नहीं दिया ध्यान

# जहां होने चाहिए पौधे, वहां फैला हुआ है कूड़ा कचरा

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मानसून सीजन से पहले हर बार दिल्ली सरकार हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए लाखों की संख्या में पौधारोपण के दावे किए जाते हैं और पर्यावरण मंत्री द्वारा प्रेसवार्ता में आंकड़े भी पेश किए जाते हैं लेकिन देखा जाए तो यह सब कागजों में ही होता है। बता दें कि वर्ष 2024 में मानूसन से पहले ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्युडी) ने मुकरबा चौक से आजादपुर की तरफ मार्ग पर बड़े बड़े सीमेंटिड गमलों को पौधारोपण के लिए लगाया गया था और उस समय पौधारोपण भी किया गया था लेकिन इनकी देखरेख पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और अब इन गमलों में पौधों की जगह कूड़ा कचरा भरा हुआ है। ऐसे ही हालात नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से लेकर कमला मार्केट थाने से गुजरते हुए सिविक सेंटर की तरफ आते हुए भी



दिख जाएगे। यहां भी बड़ी संख्या में बड़े बड़े गमलों में कूड़ा फैला रहता है और मानसून के दौरान तो मच्छर भी पनप रहे थे। गत वर्ष मानूसन के दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि वर्ष 2023 में भी मंत्री गोपाल राय ने 1 करोड़ पौधारोपण और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 5 लाख 50 हजार पौधे लगाने का वायदा किया था लेकिन क्या केजरीवाल सरकार बता सकती है कि वह पौधारोपण कहां हुआ? मुकरबा चौक क्षेत्र के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी शंकर सिंह ने बताया कि इस समस्या को जल्द हल किया जाएगा।

### दिल्ली में पौधारोपण बन गया एक बड़ा घोटाला

सचदेवा ने गत वर्ष कहा था कि सच्चाई यह है कि दिल्ली में पौधारोपण एक बड़ा घोटाला बन गया और उन्होंने दिल्ली में हरित क्षेत्र बढ़ने के दावे के साथ-साथ वास्तविक पौधारोपण पर भी एनजीटी के माध्यम से ग्रीन ऑडिट की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय 2 करोड़ 5 लाख पौधे लगाने का दावा किया जो बिल्कुल झूठा है। दिल्ली में हरियाली बढ़ाने और दिल्ली में पौधारोपण के नाम पर दिल्ली सरकार सिर्फ घोटाला कर रही है।

खबर संक्षेप

## कई क्षेत्रों में रहेगी जलापूर्ति प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के तहत भूमिगत जलाशय की फ्लशिंग और बूस्टर पम्पिंग की साफ सफाई आदि के चलते आज और वेस्ट दिल्ली के कई क्षेत्रों में पेय जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि जरूरी मरम्मत के चलते मंगलवार को सी-2 बी ब्लॉक जनकपुरी, ए-1 ए ब्लॉक जनकपुरी, एजी-I विकासपुरी, सूरजमल विहार, विश्वास नगर, कस्तूरबा नगर, योजना विहार, श्रेष्ठ विहार और ज्वाला नगर तथा इससे जुड़े अन्य क्षेत्र शामिल है। डीजेबी ने बताया कि वहीं बुधवार को सी-6 ए ब्लॉक जनकपुरी, बोडेला बीपीएस, सी-3/120 जनकपुरी, डीजी-1 विकासपुरी, पीतम पुरा एवं शालीमार बाग सहित इनसे जुड़े अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। ऐसे में डीजेबी ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह पहले ही पानी भरकर रख लें। अगर संभव न हो तो जरूरत के अनुसार डीजेबी के निशुल्क पानी के टैंकर मंगाए जा सकते है। डीजेबी का कहना है कि इन क्षेत्रों में किसी प्रकार को कोई खराबी नहीं है, यह रूटीन कार्य में आता है।

## निगम आयुक्त 13 फरवरी को पेश करेंगे बजट

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की एक विशेष बजट बैठक गुरुवार, 13 फरवरी, 2025 को दोपहर 2 बजे सिविक सेंटर निगम मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी दी और बताया गया कि इस बजट बैठक में निगम आयुक्त 'संशोधित बजट अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26 की प्रस्तुत' करेंगे। वर्ष 2025-26 के लिए निगम द्वारा निर्धारित किये जाने वाले करों, दरों एवं उपकरों पर विचार किया जायेगा। बता दें कि चुनाव को देखते हुए यह बजट पहले पेश नहीं किया जा सका।

## दिल्ली देहात के मुद्दों पर जल्द कार्य करने की अपील


नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात के मुद्दों पर जल्द कार्य करने की अपील की है। दिल्ली पंचायत संघ ने भाजपा से दिल्ली देहात से मुख्यमन्त्री बनाने की मांग की ताकि दिल्ली देहात व ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को हल कराने में आसानी हो। दिल्ली देहात व ग्रामीणों ने पिछले कई दशकों से अपने मुद्दों को पूरा ना करा पाने से परेशानी झेली है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि इन्हीं मुद्दों को पूरा कराने को लेकर दिल्ली देहात ने अपना शत-प्रतिशत समर्थन दिल्ली पंचायत संघ के आह्वान पर भाजपा को दिया। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली देहात व गांवों की 18 सूत्री मांगों को पूरा होने की उम्मीद है। हम दिल्ली के होने वाले नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री को इन 18 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन देकर जल्द पूरा कराने की अपील करेंगे। अब दिल्ली देहात के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों स्वर्गीय चौधरी ब्रह्म प्रकाश व स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा के 'दिल्ली देहात का विकास' के सपने को पूरा कराने की बात रखेंगे।

### अधिकारियों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

# दिल्ली ने 2025 का विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक कराया संपन्न : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के सफल समापन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं कुशलतापूर्वक निष्पादित की गईं, जिससे राजधानी भर में सुचारू मतदान और मतगणना प्रक्रिया सुनिश्चित हुई। चुनावों के संचालन पर बोलते हुए वाज ने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए किसी भी आरोप का समाधान करने और उसका जवाब देने के लिए हर कदम धैर्य के साथ




उठाया गया। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शिकायतों का तेजी से जवाब देने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक्स सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सक्रिय रूप से उपयोग किया। सीईओ आर. एलिस वाज ने बताया कि जिला चुनाव अधिकारियों ने वास्तविक समय में चिंताओं को दूर करने और गलत सूचनाओं का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा उपायों पर प्रकाश डालते हुए सीईओ वाज ने उल्लेख किया कि पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने में मदद की। उन्होंने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने में दिल्ली के नागरिकों की उत्साही भागीदारी के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### मतदान और मतगणना के दौरान कोई बड़ी शिकायत नहीं आई

सीईओ वाज ने पुष्टि करते हुए बताया कि मतदान के दिन या मतगणना केंद्रों पर उम्मीदवारों की ओर से कोई बड़ी शिकायत नहीं आई। मतदान केंद्रों को सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) दिशानिर्देशों के तहत सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया था, जिससे सभी मतदाताओं के लिए आरामदायक मतदान अनुभव सुनिश्चित हुआ। वाज ने चुनाव अधिकारियों, सुरक्षाकर्मियों और स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए समापन किया, जिनके सामूहिक प्रयासों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण और सफल बनाना सुनिश्चित किया।

# यमुना की सफाई न कराकर केजरीवाल ने किया पाप : बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



इस बात में कोई संशय नहीं है कि दिल्ली में यमुना नदी की सफाई न कराने का पाप ही आम आदमी पार्टी सरकार को ले डूबा है। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने भी अब यही बात आतिशी से भी कही है। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को यह बयान जारी कर आप पर निशाना साधा है। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस की शुरुआत करते हुए उन्होंने यही बात कही थी कि यमुना मैया के साथ आम आदमी पार्टी सरकार ने जो व्यवहार किया है, वह पाप है और उन्हें इस पाप की सजा जरूर मिलेगी। बिधूड़ी ने कहा कि अब मीडिया में यह खबर आई है कि आतिशी जब मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा लेकर उपराज्यपाल पास पहुंची तो उपराज्यपाल ने उनसे यही कहा कि यमुना नदी का श्राप ही है जो आम आदमी पार्टी सरकार को ले डूबा है। आतिशी के पास इसका कोई जवाब नहीं था।

### यमुना सफाई को लेकर किए वादे, नहीं किए पूरे

बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने 2020 के विधानसभा चुनावों में यमुना की सफाई को लेकर दो बड़े वादे किए थे। एक वादा तो यह था कि वह अगले पांच सालों में यमुना को इतना साफ कर देंगे कि वह लोगों के साथ उसमें डुबकी लगाएंगे। उन्होंने दूसरी बात यह कही थी कि अगर मैं यमुना साफ नहीं कर पाया तो आप मुझे वोट न देना। केजरीवाल ने यमुना मैया के बारे में झूठे वादे किए जिसका उन्हें दंड मिला है और वह अपना चुनाव भी हार गए।

### एलजी को भी नहीं करने दी यमुना की सफाई

बिधूड़ी ने कहा कि यही नहीं, जब एनजीटी ने उपराज्यपाल की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर उसे यमुना की सफाई का काम सौंपा और वह 11 किमी. सफाई करवा चुके तो केजरीवाल सरकार उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई। इस प्रकार केजरीवाल ने खुद यमुना की सफाई नहीं कराई और उपराज्यपाल को भी करने नहीं दी। केंद्र सरकार ने इसके लिए साढे 8 हजार करोड़ रुपए दिए जिसका दिल्ली सरकार ने कोई हिसाब नहीं दिया।

# आप के गलत प्रचार से हुआ कांग्रेस को नुकसान : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में तीसरी बार खाता खोलने से चूकी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को हार पर बोलते हुए कहा कि आप पार्टी के द्वारा गलत प्रचार की वजह से कांग्रेस को नुकसान हुआ है। यादव ने कहा कि इसके अलावा दलित और अल्पसंख्यकों वोट प्राप्त करने में कांग्रेस विफल रही जिससे जहां हमारा वोट प्रतिशत घटा वहीं इसका सीधा फायदा भाजपा को हुआ और सरकार बनाने में कामयाब हुई। यादव ने कहा कि बेशक कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनावों में की गई मेहनत का लाभ नहीं मिला हो। लेकिन सभी उम्मीदवारों ने बेहतरीन तरीके से चुनाव लड़ा, जिसमें कार्यकर्ताओं ने सभी सीटों पर कांग्रेस के लिए जमीनी स्तर पर कड़ी मेहनत की थी, जिसका मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि दलितों और अल्पसंख्यकों के भाजपा विरोधी वोट आम आदमी पार्टी द्वारा गलत प्रचार करने से कांग्रेस को नहीं मिल पाया। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने भ्रम फैलाया कि दिल्ली में फिर से आम आदमी पार्टी सरकार बना रही है। यादव ने कहा कि दलित और अल्पसंख्यक मतदाता हमेशा ही भाजपा की राजनीति से असहज रहता है। ऐसे में इस वर्ग ने भाजपा को रोकने लिए आम आदमी पार्टी के भ्रमित करने वाले प्रचार में आकर कांग्रेस की बजाए आप को वोट कर दिया। ऐसे में कांग्रेस का वोट सीधे आप पार्टी में चला गया जिसका फायदा भाजपा को मिला है। तक ही सीमित रखा, जिसके कारण कांग्रेस को वोट नहीं मिल पाया, जिससे हमारी संभावनाएं प्रभावित हुईं।

### विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

# एलजी से की छह फ्लैग स्टाफ रोड के आवास को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना को पत्र लिखकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पुराने आधिकारिक आवास 6, फ्लैग स्टाफ रोड को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग की है। हीं उन्होंने इस आवास में किए गए अवैध निर्माणों और नियमों के घोर उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने उपराज्यपाल से आग्रह किया है कि इस आवास से सटे हुए सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल समाप्त कर उनकी भी पूर्व स्थिति को बहाल किया जाए। विजेंद्र गुप्ता ने एलजी को लिखे पत्र में कहा है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक आवास को जनता के पैसे से एक भव्य 'शीशमहल' में तब्दील कर दिया, जो पूरी तरह से



अवैध और अनैतिक था। यह निर्माण बिना किसी अनुमति और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना किया गया था। इस आवास का क्षेत्रफल 10 हजार वर्ग मीटर से बढ़ाकर 50 हजार वर्ग मीटर तक कर दिया गया था और जिसमें आसपास की सरकारी संपत्तियों को भी शामिल कर लिया गया था। गुप्ता ने अपने पत्र में विस्तार से बताया कि किस तरह केजरीवाल सरकार ने 45 और 47, राजपुर रोड स्थित आठ टाइप-5 फ्लैट और 8ए व 8बी फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले को मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में अवैध रूप से जोड़ लिया था। भाजपा विधायक ने इस अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग करते हुए कहा कि 6, फ्लैग स्टाफ रोड को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए और 8ए व 8बी फ्लैग स्टाफ रोड के सरकारी बंगले अलग किए जाएं।

यह न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जनता के पैसों की खुली लूट भी है। विजेंद्र गुप्ता ने इस पूरे मामले को एक गंभीर भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के खजाने से करोड़ों रुपये खर्च कर यह आलीशान शीशमहल तैयार किया गया, जबकि दिल्ली की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही थी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। एक तरफ वे खुद को आम आदमी बताते रहे, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने जनता के पैसों से अपने लिए एक भव्य महल खड़ा कर लिया।

# एलजी ने किया गुरु रविदास जयंती पर दिल्ली में अवकाश घोषित

नई दिल्ली। महान संत गुरु रविदास की जयंती माघ पूर्णिमा के अवसर पर 12 फरवरी 2025 बुधवार को दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरु रविदास की जयंती पर दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश के निर्देश दिए है। एलजी के निर्देश के बाद संयुक्त सचिव (जीडीए) प्रदीप तायल ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जिसके अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना बुधवार 12 फरवरी 2025 को गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा। जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के तहत सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों में अवकाश रहेगा। नोटिफिकेशन के अनुसार रविदास जयंती के उपलक्ष्य में यह प्रतिबंधित अवकाश है। जबकि 13 नवंबर 2024 के द्वारा घोषित किया गया था, उसे अब निरस्त किया जाता है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/30 | | |
| 1. | उप सीटीओ (आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर) | 01 | कंत्राटी |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/31 | | |
| 1. | सर्कल डिफेंस बैंकिंग सलाहकार – (CDBA) बेंगलुरु | 01 | कंत्राटी |
| | विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/32 | | |
| 1. | आंतरिक लोकपाल (I.O) | 02 | कंत्राटी |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 08.02.2025 से 02.03.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 08.02.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)


# नहीं हो रही नालियों की सफाई, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- निगम प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

दिल्ली में इस समय बारिश नहीं हो रही है और इसके बावजूद भी दिल्ली में जगह जगह सड़कों, गालियों में पानी भरने की शिकायतें मिल रही हैं। नाले व नालियों की नियमित सफाई नहीं होना और कई जगह मरम्मत कार्य नहीं होना इसका कारण बताया जा रहा है। साथ ही लोगों का कहना है कि मानसून से पहले किए गए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के नाले नालियों को साफ करने संबंधी दावें भी गलत साबित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

बात नरेला विधानसभा की करें तो यहां बकौली गांव से अलीपुर की तरफ जाते समय मुख्य सड़क पर पानी भरा रहता है,



इसके साथ ही रानी खेड़ा, मदन पुर डबास गांव के आसपास भी पानी की निकासी नहीं है जिसके चलते जलभराव की समस्या बनी रहती है। इसके चलते लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। बवाना, उत्तम नगर विधानसभाओं के इलाकों में भी इस प्रकार की शिकायतें मिल रही है। नरेला विधानसभा के अंतर्गत बख्तावरपुर वार्ड, नरेला वार्ड, अलीपुर वार्ड में कई जगह बिन बारिश के जलभराव की समस्या बनी हुई है और ग्रामीणों में रोष है। ऐसा ही कुछ हाल सिंघू गांव की कुछ गलियों का है, जहां नालियों की सफाई नहीं होने से गलियों में पानी भर जाता है। जबकि ग्रामीणों ने बताया यूईआर दो के किनारे लगते डबास खेप के गांव मदन पुर, रानी खेड़ा, कराला, मुबारक पुर, मजरी की खेती की जमीन में पिछले तीन साल से करीब तीन फुट तक जलजमाव है।

### एआई और इसके प्रभावों के बारे में दी जानकारी

# आईपीयू : एआई संबंधी चुनौतियों और अवसरों पर सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में यूएसएलएसएस-आईपीआर सेल द्वारा 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचेन और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) में नियामक चुनौतियों और अवसरों का अन्वेषण' विषय पर एक कानून सम्मेलन आयोजित किया गया। आईपीयू में जनसंपर्क अधिकारी नलिनी रंजन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा और इनोवेशन अटैचे माया शेरमैन ने एआई और इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी। यूएसएलएसएस,



जीजीएसआईपीयू के पीएचडी छात्र और 'द क्रिप्टो माइन्स' के लेखक मोहित तंवर ने ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी और इसके कानूनी प्रभावों का एक व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रो. (डॉ.) क्वीनी प्रधान, यूएसएलएसएस की डीन, और प्रो. (डॉ.) लिसा पी. लुकोज के नेतृत्व में किया गया था, जिसमें प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा, कुलपति ने पैट्रन-इन-चीफ के रूप में कार्य किया। विभिन्न कानून पाठ्यक्रमों के 80 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से सेमिनार में भाग लिया।

### एआई के प्रभावों और संभालने पर दिया जोर

माया ने एआई के प्रभावों और एआई को संभालने के लिए अपनाने वाले उपयुक्त कोर्स ऑफ एक्शन के बारे में जोर दिया। उन्होंने डेटा और एआई के लोकतंत्रीकरण और एक कुशल और सुलभ उपयोग के लिए आवश्यक तकनीकी विकास पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने मानव निर्मित छवियों की तुलना में एआई के बड़े प्रभाव पर मामलों का अध्ययन प्रस्तुत किया। तन्वर की प्रस्तुति में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी और कानूनी ढांचों के बीच के संबंध पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें बताया गया कि कैसे वितरित लेजर सिस्टम विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति ला रहे हैं।

## 'आम आदमी पार्टी की लापरवाही से पैदा हो रहा है वित्तीय संकट'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की लापरवाही की वजह से दिल्ली नगर वर्ष 2025-26 का बजट अभी तक पेश नहीं हो हो सका। इसके अलावा वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट अनुमान भी पेश नहीं किया गया। बजट पेश न होने से नगर निगम में वित्तीय संकट पैदा होने की आशंका है। दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर और निगम पार्षद सत्या शर्मा ने सोमवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि बजट पेश नहीं होने के कारण निगम के विकास कार्य जहाँ एक तरफ पूरी तरह से ठप्प पड़े हैं तो दूसरी तरफ कर्मियों की वेतन, पेंशन, बिल सहित अन्य भत्ते का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने कहा कि आदमी पार्टी जब से निगम में काबिज हुई है तभी से उनकी अनुभवहीनता के चलते निगम पंगु बना हुआ है। न स्थायी समिति बन पाई है और न ही निगम का काम सुचारू हो पाया है। उन्होंने कहा कि आदमी पार्टी की सरकार ने निगम को उसका ग्लोबल शेयर 13 हजार करोड़ जारी नहीं किया और अब तक दिसम्बर माह से 10 फरवरी बीत जाने पर भी संशोधित और अनुमानित बजट पेश नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह बात समझ से परे है कि आम आदमी पार्टी आखिर स्थायी समिति क्यों नहीं बनाने दे रही है, निगमायुक्त बजट पेश क्यों नहीं कर रहे हैं। अब तक की परंपरा के अनुसार 10 दिसंबर तक बजट पेश हो जाता है और यह दो महीने लेट हो चुका है।

एनएचपीसी NHPC
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
हरित ऊर्जा में निहित शक्ति
पंजी. कार्या.: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सेक्टर–33, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)
CIN No.-L40101HR1975GOI032564
Advertisement No: NH/Rectt./FTB/01/2025-26

अपने जुनून की खोज करें ............. हमारे साथ अपना करियर बनाएं

निर्धारित अवधि (Fixed Tenure) के आधार पर अनुभवी चिकित्सा अधिकारी / फील्ड इंजीनियरों की भर्ती

एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का नवरत्न उद्यम) भारत में सबसे बड़ा जलविद्युत विकास संगठन है, जिसमें जलविद्युत परियोजनाओं की संकल्पना से लेकर कमीशनिंग तक सभी गतिविधियों को करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर और पवन ऊर्जा विकास आदि के क्षेत्र में भी विविधता लाई है। कंपनी के बेहतर अवलोकन के लिए, हमारी वेबसाइट www.nhpcindia.com पर आपका हमेशा स्वागत है

एनएचपीसी लिमिटेड इच्छुक और योग्य अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों / फील्ड इंजीनियरों से 01 वर्ष की अवधि के लिए निश्चित कार्यकाल के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है, जिसमें नीति के अनुसार अतिरिक्त 02 वर्षों तक वार्षिक आधार पर विस्तार का प्रावधान है। रिक्तियों और आरक्षण आवश्यकताओं का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | तैनाती स्थान | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | चुटक पावर स्टेशन, मिंजी, कारगिल, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | मेडिकल अधिकारी | 02 |
| 2 | रंगित पावर स्टेशन, रंगीत नगर, दक्षिण सिक्किम सिक्किम | मेडिकल अधिकारी | 02 |
| 3 | किशनगंगा पावर स्टेशन, गुरेज़ में डैम टो पावरहाउस जिला–बांदीपोरा, जम्मू–कश्मीर (केंद्र शासित प्रदेश) | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | 01 |
| 4 | | फील्ड इंजीनियर (विधुत) | 03 |
| 5 | | फील्ड इंजीनियर (यांत्रिक) | 03 |
| 6 | धौलीगंगा पावर स्टेशन तपोवन, धारचूला, जिला–पिथौरागढ़, उत्तराखंड | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | 05 |
| | | कुल | 16 |

अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट https://www.nhpcindia.com के "करियर" सेक्शन पर जाकर पद और श्रेणी के अनुसार रिक्तियों की स्थिति, पात्रता शर्तों एवं ऑनलाइन आवेदन भरने संबंधी अनुदेशों के साथ विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम में ही स्वीकार किए जाएंगे।

CBC 34128/12/0005/2425

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तारीख: 28.01.2025 (प्रात: 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 18.02.2025 (साँय 05:00 बजे)

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में हरियाणवी संस्कृति की झलक

# 'सुण ले मेरा ठिकाणा, इस भारत में हरियाणा' गीत से मशहूर कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू ने सांस्कृतिक संध्या में समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

'सुण ले मेरा ठिकाणा, इस भारत में हरियाणा' गीतों की सुरीली सांझ में सूरजकुंड मेला परिसर गूंजायमान हो गया। 38वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला की चौपाल पर जब पद्मश्री से सम्मानित विख्यात आर्टिस्ट महावीर गुड्डू ने अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा मेला परिसर हरियाणवी सांस्कृतिक रंग से सराबोर हो गया।

गौरतलब है कि मेला परिसर में 23 फरवरी तक रोजाना मुख्य चौपाल व अन्य सांस्कृतिक मंचों पर देश-विदेश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां देते हुए मेले को शोभायमान किया जा रहा है। पर्यटन निगम व कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा की तरफ से प्रतिदिन शाम के समय सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का बेहतरीन आयोजन किया जा रहा है। हर संध्या पर देश के जाने-माने कलाकार अपनी गायकी के जादू से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में सांस्कृतिक संध्या में हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू ने बड़ी चौपाल पर हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी से देर रात तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

**खास बातें**

- प्रतिदिन शाम सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का बेहतरीन आयोजन
- मध्यप्रदेश थीम स्टेट के साथ बिम्सटेक संगठन के देशों की संस्कृति की झलक

## इंटरनेशनल पवेलियन बना पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र




38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुण्ड शिल्प मेले देश-विदेश की संस्कृति के साथ शिल्प कला के अद्भुत दर्शन करा रहा है। ओडिशा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट के साथ बिम्सटेक संगठन के देशों की संस्कृति की झलक मेला परिसर में देखने को मिल रही है। मेला परिसर में बनाए बिम्सटेक संगठन पवेलियन में काफी चहल-पहल देखने को मिल रही है। पर्यटकों में इंटरनेशनल पवेलियन को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही पर्यटक यहां जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। बता दें कि चौपाल के पीछे की तरफ इंटरनेशनल पवेलियन बना हुआ है। इस बार मेले में बिम्सटेक संगठन से जुड़े देशों को पार्टनर कंट्री बनाया गया है। इस संगठन में भारत, नेपाल, भूटान, म्यांमार, थाईलैंड, घाना, अफगानिस्तान सहित अन्य सदस्य देश शामिल हैं। इनके साथ ही लगभग 51 अन्य देश मेले से जुड़ रहे हैं। इंटरनेशनल पवेलियन में लगभग 30 से अधिक देशों ने अपने स्टॉल लगाए हुए हैं, जिनमें विभिन्न देशों की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है।

## क्रांतिकारी को याद कर दर्शक हुए भावुक

सूरजकुंड मेले की सांस्कृतिक संध्या में बल्लभगढ़ के महान क्रांतिकारी राजा नाहर सिंह की वीरगाथा पर आधारित ..सन 1858 की हम 9 जनवरी भूले ना...को गीत के माध्यम से सुनाया तो सभी दर्शक महान क्रांतिकारी को याद कर भावुक हो गए। इसी क्रम में उन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत व रागनियां गाईं, जिनमें भगत सिंह कदै जी घबरा ज्या तेरा बंद मकान में, मेरा रंग दे बसंती चोला आदि से देशभक्ति का जज्बा भर दिया। इसी तरह कलाकार महावीर गुड्डू और उनकी टीम ने इनमें चंदन की मेरी पाटरी, पानी आली पानी पिया देए क्यूं ठाके ढोल खड़ी हो गी...तू राजा की राज दुलारी में कुंडी सोटे आला सूं और आजा गौरी बैठ जीप में मेरी जीप रोड की रानी आदि गीत गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उन्होंने बिना किसी अंतराल के दो घंटे से भी अधिक समय तक निरंतर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में उनकी टीम द्वारा हरियाणवी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## राजेंद्र नागर जसाना बने एमपैक्स के चेयरमैन



**फरीदाबाद।** बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति तिगांव के पदाधिकारियों के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए जिसमें राजेंद्र नागर जसाना चयरमैन और महावीर सरपंच चीरसी वाइस चेयरमैन चुने गए। पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

## वाहन चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बार्डर की टीम ने वाहन चोरी के मामले में आरोपी अरबाज को गिरफ्तार किया है।राजकुमार कुशवाह निवासी सेक्टर-23 ने थाना मुजेसर में दी अपनी शिकायत में बताया कि शिकायतकर्ता कम्पनी मे कल्मपिंग का काम करता है और बाइक को कम्पनी के बाहर खड़ी की थी। जब वापिस आकर देखा तो बाइक वहां से चोरी हो गई थी।

## थाना खेड़ीपुल क्षेत्र में हुए मार-पिटाई में गिरफ्तार



फरीदाबाद। थाना खेड़ीपुल पुलिस ने 6 फरवरी को न्यू पुलिस लाइन खेड़ीपुल नहर की पटरी के पास मार-पीट के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रेम चंद वासी ने बताया कि वह नहर की पटरी के पास उसकी बाइक में स्कूटी पर सवार 4 लड़कों ने टक्कर मारी। जिससे वह गिर गया और चारों लडकों ने उसको डंडो से पीटा। जिसमें शिकायतकर्ता को काफी चोट आई थी। जिसकी शिकायत पर थाना खेड़ीपुल में मामला दर्ज किया गया।

### जमीन विवाद पर मुकदमा दर्ज करवाया था

# मुकदमा वापस न लेने पर सरेआम कंपनी निदेशक के हाथ-पैर तोड़ दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़



सेक्टर-20बी स्थित दशमेश प्लाजा में रविवार दोपहर सरिये से लैस बदमाशों ने रियलटेक कंपनी के निदेशक के हाथ-पैर तोड़ दिए। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। पूर्व में दर्ज मुकदमा वापस न लेने पर यह हमला किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-19 निवासी राजेश भारद्वाज प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का कारोबार करते हैं। सेक्टर-20 बी स्थित दशमेश प्लाजा में उनकी कंपनी का कार्यालय है। उनकी कुछ जमीन ग्रेटर फरीदाबाद में है तो कुछ जमीन ग्रेटर नोएडा के मोतीपुर और तीलवाड़ा में है। उनकी ग्रेटर नोएडा की जमीन पर कब्जा कर बेचा जा रहा है। जब उन्होंने जमीन बेचने पर मुकदमा दर्ज करवाया तो आरोपी आक्रोशित हो गए। कुछ दिन पहले उनके कार्यालय पहुंचकर मुकदमा वापस लेने की धमकी दी गई थी। वहीं, फोन पर भी जान से मारने की धमकी दी गई। धमकी देने का मामला ओल्ड फरीदाबाद थाना में दर्ज हो चुका है। इसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

> बल्लभगढ़ के दशमेश प्लाजा में रविवार को बदमाशों ने रियलटेक कंपनी के निदेशक पर हमला किया। सरिये से लैस हमलावरों ने उनके हाथ-पैर तोड़ दिए। यह हमला सीसीटीवी में कैद हो गया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### बदमाशों की दहशत से लोगों ने बचाने की कोशिश नहीं की

जब बदमाश कंपनी निदेशक पर हमला कर रहे थे तो वहां पर लोगों की भीड़ भी जमा थी, लेकिन बदमाशों की दहशत की वजह से आस-पास जमा लोग उन्हें बचाने के लिए आगे नहीं आ सके। उनकी कार के चालक ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी धमका दिया। आरोपी कंपनी मालिक को धमका रहे थे कि यदि दर्ज करवाए गए मुकदमे वापस नहीं लिए तो अगली बार हत्या कर दी जाएगी।

### हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीम उत्तर प्रदेश रवाना

सेक्टर-11 पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप मोर ने बताया कि आरोपियों की पहचान हो चुकी है। जमीन के विवाद में हमला किया गया है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम यूपी के लिए रवाना हो गई है। पुलिस जल्द ही मामला दर्ज कर लेगी। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली जा चुकी है। हमला करने वाले आरोपियों की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर पहचान की जा रही है।

## जीडीए ने शुरू किया मधुबन बापूधाम योजना के अर्जित क्षेत्र का ड्रोन सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मधुबन बापूधाम योजना के संपूर्ण अर्जित क्षेत्र का ड्रोन सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य योजना के संपूर्ण क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन करना है।ड्रोन सर्वे से प्राप्त डाटा को योजना के सजरा प्लान और लेआउट प्लान पर सुपरइंपोज किया जाएगा। इस तकनीकी प्रक्रिया से वास्तविक स्थलीय स्थिति के अनुरूप योजना का लैंड ऑडिट करना संभव होगा। जिससे भविष्य में बेहतर योजना निर्माण और प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया ड्रोन कम मानवीय संसाधन में किया जाने वाला आधुनिक व कुशल तकनीकी कार्य है। इससे उच्च रिजॉल्यूशन आर्थो फोटो और विस्तृत 3डी मॉडल तैयार किया जाएगा जिससे योजना क्षेत्र की बारीकी से जांच और विश्लेषण किया जा सकेगा।

### लोनी में चला जीडीए का बुलडोजर, कई निर्माण ध्वस्त

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर लोनी क्षेत्र में चला। यहां कई दुकानों व अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-8 की उपस्थिति मे लोनी क्षेत्र में शगुन मैरिज होम के पास प्रेम नगर अवैध कालोनी मे 4 दुकानों के निर्माण जोकि प्रारम्भिक अवस्था मे थे तथा पूर्व निर्मित 12 भूखंडों की बाउन्ड्री वाल निर्माण एवं इलाईचीपुर क्षेत्र मे पूर्व निर्मित 5 कालोनियों के साइट ऑफिस, भूखंडों के बाउन्ड्री वाल को तोड़ा गया। इसके बाद पुस्ता रोड के किनारे पूर्व निर्मित कालोनी बदरपुर (मीरपुर हिन्दू) की 3 कालोनियों मे भूखंडों की पूर्व निर्मित बाउन्ड्री वाल का ध्वस्तीकरण किया गया।

### स्टॉक मार्किट में निवेश के नाम पर

## 36.87 लाख रुपए के फ्रॉड मामले में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आजकल के तकनीकी युग में लोगों के साथ साइबर फ्रॉड के मामले बढ़ रहे है। ठग नए-नए तरीके से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जागरुक होना ही साइबर ठगी से लोगो के बचाव का सुरक्षित रास्ता है। साइबर ठगी के बढ़ते हुए मामलो को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा साइबर ठगी में शामिल आरोपियों की धर-पकड के दिए गए दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए थाना साइबर अपराध एनआईटी की टीम ने शेयर मार्किट में पैसे निवेश कर मोटा मुनाफे का लालच देकर ठगी के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना साइबर अपराध एनआईटी में पोर्टल3 के माध्यम से एक शिकायत 12 अक्टूबर 2024 को प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता निवासी एनआईटी फरीदाबाद ने शिकायत में बताया कि उसको एक अनजान व्हाटसएप नम्बर से कॉल प्राप्त हुआ।

जिसमें ठग ने स्टॉक मार्किट में पैसा निवेश करके मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। जिसके बाद शिकायतकर्ता को व्हाटसएप ग्रुप में जोडा। जिसके बाद आरोपी ने लालच में आकर 36,87,000 रूपए निवेश कर दिए। जिसके संबंध में थाना साइबर एनआईटी में मामला दर्ज किया गया है।

## 5 लाख का प्रलोभन देकर महिला से सोने का कड़ा लेकर फरार हुए युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

न्यू कॉलोनी एरिया में महिला को पांच लाख रुपए का झांसा देकर बाइक सवार दो युवक उसका सोने का कड़ा लेकर फरार हो गए। युवकों ने पहले स्कीम के नाम पर महिला को प्रलोभन देते हुए उसका सौ रुपए का ईनाम भी निकाला।




महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में अर्जुन नगर में रहने वाली सुमित्रा देवी ने कहा कि वह नौ फरवरी की सुबह अपने घर से राधा स्वामी सत्संग घर कादीपुर के लिए निकली थी। मदनपुरी रोड पर महिला को एक युवक बाइक पर मिला। युवक के हाथ में एक पॉलिथिन थी। युवक ने महिला को बताया कि उसके पास एक स्कीम है,जिसके लिए उसने महिला को पॉलिथिन में से एक पर्ची निकालने को कहा। महिला ने जब पर्ची निकाली तो उसमें सौ रुपए का ईनाम निकला। जिस पर युवक ने महिला को सौ रुपए दे दिए। इसी दौरान एक युवक बाइक से और आया, उसने पर्ची निकाली तो उसके एक हजार रुपए निकले। युवक ने उसको भी एक हजार रुपए दे दिए। जिसके बाद युवक ने अपने हाथ में पहना कड़ा निकाला और बाइक पॉलिथिन लिए युवक को देते हुए फिर से पर्ची निकाली। लेकिन इस बार उसके हाथ कुछ नहीं लगा। जिसके बाद बाइक पर बैठे युवक ने महिला से कहा कि वह अपने हाथ का कड़ा निकालकर दे दे वह उसका पांच लाख रुपए का ईनाम निकाल देगा। महिला ने अपना कड़ा उसे दे दिया। इसके बाद दोनों युवक बाइक लेकर फरार हो गए।

## दिल्ली से बिहार जाने वाली ट्रेनों की सवारियों के चोरी करता था मोबाइल व पर्स, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ़्तार किया है जो दिल्ली से लेकर बिहार तक रेल गड़ियों में चलता था तथा मौका मिलते ही सवारियों के मोबाइल फोन व पर्स चोरी करता था। उसके कब्जे से 21 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनियों के, 1 लैपटॉप, 2 ईयर फोन, 1 बैग, 1 मंगलसूत्र पीली धातु, 1 जोड़ी पायल सफेद धातु, 4 बिच्छिया सफेद धातु, 1 लाल धागे में सफेद धातु का चांद, 1 पेन ड्राइव 32 जीबी, 4 एटीएम कार्ड, 1 ड्राईविंग लाईसेंस, 2 वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए हैं।

आरोपी का नाम कृष्ण मोहन राय है। उसे चौकी क्षेत्र लालबाग से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि मैं बिहार का रहने वाला हूँ। इसलिये बिहार तक ट्रेन व बस में सफर करता हूँ तथा घर आते-जाते समय ट्रेन व बसों में मौका पाकर सवारियों के मोबाईल फोन व पर्स चोरी कर लेता हूँ। । ये सभी सामान व मोबाईल भी मैने इसी तरह से अलग-अलग ट्रेनों व बसों से चोरी किये है।मेरे इसमे केवल दो मोबाइल है । मैं इन्ही चोरी के मोबाइल व अन्य चीजों को बेचकर अपने शौक पूरे करता हूँ । मैं लाल बाग में इन चोरी के मोबाईल व सामान को चलते-फिरते लोगों को बेचने की कोशिश कर रहा था ।

### इंस्टाग्राम पर विवाहिता की फोटो लगाकर बनाई फेक आईडी

गुरुग्राम । साइबर क्राइम मानेसर एरिया में इंस्टाग्राम पर एक विवाहिता की फोटो लगाकर फेक आईडी बनाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि आरोपी द्वारा उसकी फोटो लगाकर उसकी छवि को खराब किया जा रहा है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। विवाहिता ने कहा कि बीती 25 दिसंबर को उसने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट खोला तो उसे इंस्टाग्राम पर राव साहबनी नामक आईडी में अपनी फोटो देखी। जबकि उसने इस नाम से इंस्टाग्राम पर कोई आईडी नहीं बना रखी है। किसी ने उसकी फोटो का इस्तेमाल कर फेक आईडी बनाई है और उसकी छवि को खराब किया जा रहा है।

### क्षतिग्रस्त गाड़ियों को क्रेन की मदद से हटाया गया

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक के बाद एक भिड़ीं 3 गाड़ियां, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पल्ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर सुबह तीन गाड़ी आपस में भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक को ऊपर एक गाड़ी चढ़ गई। तीनों गाड़ियों में चार लोग सवार थे जो घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी गाड़ियों को क्रेन की मदद से साइड में कराया। गाड़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। सभी गाड़ियों के एयरबैग खुल गए । पुलिस मामले की जांच कर रही है कि किस चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ । उधर, एक अन्य मामले में दिल्ली-आगरा नेशनल हाइवे स्थित जेसीबी चौक के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान अलीगढ़ निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। सेक्टर-58 थाना की पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रवि कुमार कारपेंटर का काम करता था। उसके भाई धर्मवीर ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वह अपने भाई रवि कुमार के साथ पैदल जा रहे थे। वह जेसीबी चौक के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार एक कार ने रवि को टक्कर मार दी। उसे गंभीर हालत में इएसआइसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामला दर्जकर आरोपित कार चालक की तलाश कर रही है।




### ग्रेटर फरीदाबाद में अधूरी पड़ी मास्टर रोड बनी आफत

ग्रेटर फरीदाबाद के कुछ हिस्से में विभाग ने मास्टर रोड बना दी है, लेकिन कुछ जगह अधूरी पड़ी है। इससे हजारों वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वर्ल्ड स्ट्रीट के सामने मास्टर रोड पर आधा किलोमीटर से अधिक हिस्सा आठ महीने से अधूरा पड़ा है। यहां पहले भतौला गांव का गंदा पानी जमा रहता था लेकिन अब छह महीने से वह भी साफ हो गया है। इसके बावजूद फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने अधूरी मास्टर रोड नहीं बनाई है। यहां अकसर मास्टर रोड की स्ट्रीट लाइटें भी बंद रहती है। इस वजह से खतरा और बढ़ गया है। अब अधिकारी दावा कर रहे हैं कि मार्च में यह अधूरी सड़क बना दी जाएगी।

### झगड़ते हुए पहली मंजिल से गिरे पति-पत्नी

*फरीदाबाद। शराब पीने से मना करने पर दंपती लड़ते हुए निर्माणाधीन इमारत की पहली मंजिल पर चले गए। यहां ग्रिल कच्ची होने की वजह से दोनों नीचे गिर गए। हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर है। उसे दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।*


# सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड

पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजारामपुर, सिकंद्राबाद, बुलंदशहर, यू.पी. 203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479, Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: www.samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 30.09.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 30.09.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.12.2024 अअंकेक्षित | 31.12.2023 अअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.06 | 0.09 | 0.18 | 0.15 | 0.18 | 0.76 | 1.14 | 0.58 | 0.48 | 1.73 | 1.95 | 4.01 |
| 2 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -8.34 | -5.52 | -5.68 | -22.58 | -22.34 | -31.99 | -10.50 | -7.48 | -78.56 | -29.71 | -357.85 | -476.73 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -8.34 | -5.52 | -5.68 | -22.58 | -22.34 | -31.99 | -10.50 | -7.48 | -78.56 | -29.71 | -357.85 | -476.73 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -8.34 | -5.52 | -5.68 | -22.58 | -22.34 | -31.99 | -10.50 | -7.48 | -78.56 | -29.71 | -357.85 | -476.73 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर के बाद अवधि हेतु निहित लाभ/हानि और कर के बाद अन्य व्यापक आय) | -8.22 | -5.32 | -5.68 | -22.26 | -22.34 | -31.94 | -3.09 | -3.62 | -78.02 | -18.41 | -350.61 | -468.65 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.03 | -0.03 | -0.04 | 0.00 | 0.00 | -0.10 | -0.02 | -0.47 | -0.63 |
| 9 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्युटेड (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.03 | -0.03 | -0.04 | 0.00 | 0.00 | -0.10 | -0.02 | -0.47 | -0.63 |

टिप्पणी :

1. प्रचालनों से कुल आय में केवल अन्य आय शामिल है क्योंकि कम्पनी प्रचालनों से आय नहीं रखती है।
2. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुसार, उपरोक्त परिणाम कम्पनी के अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किए गए हैं और समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है तथा 10 फरवरी 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
3. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज और नीतियों के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
4. अन्तिम अवधियों के आंकड़े वर्तमान तिमाही के वर्गीकरणों की पुष्टि के लिए, जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।
5. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टाक एक्सचेंज के पास दायर किए गए तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। समेकित एवं स्टैंडअलोन तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.samtexfashions.com पर भी उपलब्ध है और ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से देखे भी जा सकते हैं।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 10.02.2025

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

## खबर संक्षेप

### गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा विधेयक



**रांची।** गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए राज्य सरकार एक विधेयक लाने जा रही है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने विधेयक का प्रस्ताव तैयार किया है, जिस पर सरकार से सहमति ली जाएगी। श्रम विभाग ने प्रस्तावित विधेयक को विधि और वित्त विभाग के पास भेजा है। सहमति मिलने पर कैबिनेट से स्वीकृति ली जाएगी।

### मोतिहारी में निगरानी का दारोगा गिरफ्तार



**मोतिहारी।** जिले के एसपी ऑफिस में उस समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब निगरानी थाना पटना में तैनात दारोगा को काबू कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा रामबहादुर प्रसाद कुशवाहा पिपरा थाना के कांड में फरार चल रहा था। एक मामले में पैरवी के लिए एक नेताजी के साथ वह एसपी से मिलने ऑफिस पहुंच गया था। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के आदेश पर दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मां ने दो बेटियों को मौत के घाट उतारा



**अमरोहा।** यूपी के अमरोहा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक मां ने दो मासूम बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी फिर खुद का भी गला चाकू से रेत लिया। घर के आंगन में लहूलुहान हाल में महिला को देख उसक बड़ी बहन ने शोर मचाया। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

# प्रधानमंत्री मोदी की भागलपुर सभा में जुटेंगे 3 लाख किसान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी के आगमन को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। बिहार बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि सभा में 3 लाख किसान जुटेंगे। भाजपा कार्यालय में पार्टी अधिकारियों की बैठक में रोड मैप तैयार किया गया है।

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

आगामी 24 फरवरी को भागलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 13 जिलों से तीन लाख किसान शामिल होंगे। इस बात की जानकारी सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि जनसभा में सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज भाजपा कार्यालय में पार्टी अधिकारियों की बैठक में रोड मैप तैयार किया गया।

**बिहार के लिए कर सकते हैं बड़ा ऐलान, जनसभा में सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे**

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की नई किस्त जारी करेंगे



उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री का भागलपुर दौरा है। जहां लाखों की संख्या में किसान पहुंचेगे। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर चर्चा करेंगे। साथ ही किसानों की आय को और कैसे बेहतर किया जा सके, इसको लेकर चर्चा की जाएगी। बिहार के 82 लाख किसानों को राशि मिलती है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की नई किस्त जारी करेंगे। इसके तहत भागलपुर जिले के 2,54,072 किसानों के खातों में आर्थिक सहायता राशि ट्रांसफर की जाएगी। इसके अलावा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, पीरपैंती में थर्मल पावर प्लांट, कहलगांव में विक्रमशिला सेंट्रल यूनिवर्सिटी की योजनाओं की सौगात देंगे। साथ ही कई बड़ी योजनाओं का भी ऐलान कर सकते हैं।

### 2025 का साल बिहार के लिए चुनावी साल

2025 का साल बिहार के लिए चुनावी साल है। जिसके चलते पीएम मोदी के भागलपुर दौरे को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है, कि प्रधानमंत्री कई बड़ी योजना की घोषणा कर सकते हैं। इससे पहले केंद्रीय बजट में भी बिहार के लिए कई बड़ी योजनाओं का ऐलान हुआ था। वहीं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय दावा कर चुके हैं कि पहली बार भागलपुर में किसी नेता को सुनने के लिए इतनी भीड़ जुटेगी, जो रिकॉर्ड कायम करेगी। लाखों लोग आएंगे। बिहार सरकार के तमाम मंत्री पीएम मोदी के दौरे को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं।

## 8 करोड़ रुपए का बजट जारी

# यूपी में 36 सड़कों के सुदृढ़ीकरण व निर्माण पर योगी सरकार ने लगाई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने अमेठी के तिलोई विधानसभा क्षेत्र की 36 सड़कों के निर्माण के लिए आठ करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। पीडब्ल्यूडी की ओर से निविदा प्रकाशित कराई जा चुकी है जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कराकर कार्य प्रारंभ होगा जिससे लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। स्थानीय लोग आए दिन जन प्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों से सड़कों को ठीक कराए जाने की मांग कर रहे थे।

जर्जर व गड्ढों में तब्दील सड़कों पर चलना राहगीरों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। स्थानीय लोग आए दिन जन प्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों से सड़कों को ठीक कराए जाने की मांग कर रहे थे। शासन ने विधानसभा क्षेत्र की 36 सड़कों के निर्माण के लिए आठ करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। पीडब्ल्यूडी की ओर से निविदा प्रकाशित कराई जा चुकी है, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कराकर कार्य प्रारंभ होगा, जिससे लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

तिलोई विधानसभा क्षेत्र में अभी 200 से 250 की आबादी वाले कुछ गांव शेष हैं, जो पक्के मार्गों से नहीं जुड़े हैं। उन्हें भी चिन्हित किया गया है। शीघ्र ही उन चिन्हित गांवों के संपर्क मार्गों का निर्माण कराया जायेगा। विशेष नवीनीकरण वाले सात बड़े लिंक मार्गों और 29 ग्रामीण मार्गों के विशेष नवीनीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा टेंडर जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही इन मार्गों का नवीनीकरण कराया जायेगा।

**खास बातें**

- राहगीरों को आवागमन में मिलेगा सहूलियत
- स्वास्थ्य राज्यमंत्री के प्रयास से कराया जाएगा कार्य

### बड़े लिंक मार्गों का होगा विशेष नवीनीकरण



फत्तेपुर अहोरवा भवानी, लखनऊ सुलतानपुर से (हजारीगंज) टेढ़ई, विजयपुर, बारकोट से जनापुर, अरियांवा के पूरे गजराज, जगतपुर से माठा गांव, पूरे धवकल, पूरे ठकुराइन संपर्क मार्ग का विशेष नवीनीकरण होगा। पिपरी अहमदाबाद, गड़ेहरी के पूरे लालशाह, चकदहिरामऊ, लौली हथरोहना, सुलतानपुर-बहेंगी, बल्दी मिश्र पुरवा, बसंतपुर, कल्याणपुर, तोता नगर, भवानीपुर, भीखीपुर घूरेश्वर मंदिर, पूरे बछेरा, बहादुरगंज, पूरे चौबे, पूरे मिश्रन, पहाड़पुर, चिलूली के पूरे कोहली, चिलूली के पूरे चेत, खेखरुआ, अहोरवा भवानी से कोलवा, सढ़िया, गंगापुर, पूरे हवेली, बहुआ मिर्जागढ़, रतवलिया मंझार से मंझार, रतवलिया मंझार के पूरे कूटी, सिंहपुर के पूरे सर्वजीत, सिंहपुर के पूरे रुस्तम, सिंहपुर के पूरे जगन्नाथ आदि संपर्क मार्ग का नवीनीकरण कराया जाएगा।

### निर्माण कार्यों के लिए टेंडर हो चुका है जारी

*स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि तिलोई में इन्हौना-महराजगंज मार्ग का नवनिर्माण सेमरौता तक 27 करोड़, कठौरा सेमरौता मार्ग का चौड़ीकरण और नव निर्माण 18 करोड़ और सिंहपुर तिलोई मार्ग का चौड़ीकरण व नवनिर्माण 14 करोड़ की लागत से कराया गया है। आठ करोड़ की लागत से 36 सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता रमेशचंद्र ने बताया किसेमरौता हैदरगढ़ मार्ग के सुदृढ़ीकरण का कार्य 24 करोड़ रुपए में प्रस्तावित है, जिसका टेंडर हो चुका है। वहीं, तिलोई क्षेत्र के कई मार्ग नवीनीकरण के लिए प्रस्तावित हैं।*

## केशव मौर्य का अखिलेश यादव पर हमला

# महाकुंभ अव्यवस्था को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद करिए



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव महाकुंभ में होने वाली अव्यवस्था को लेकर लगातार योगी सरकार पर निशाना साध रहे हैं। एक्स पर ट्वीट कर महाकुंभ का हाल बता रहे हैं। हालांकि अब यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन पर तीखा हमला बोला है। डिप्टी सीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि वह महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद कर दें। सरकार श्रद्धालुओं की सेवा में जुटी हुई है।

### भाजपा कार्यकर्ता संकल्प के साथ सेवा में जुटे

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- 'अखिलेश यादव जी, महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद कीजिए। पूरे देश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं, सरकार व भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। आपकी राजनीति आस्था और व्यवस्थाओं को नीचा दिखाने तक ही सीमित रह गई है। कुंभ भारतीय संस्कृति का गौरव है और इस पर सवाल उठाकर आप अपनी संकीर्ण सोच ही दर्शा रहे हैं।

### अखिलेश ने योगी सरकार पर साधा निधाना

सपा प्रमुख अखिलेश यादव महाकुंभ से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अव्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। एक पोस्ट में अखिलेश ने लिखा- ‘प्रयागराज में चतुर्दिक जाम की वजह से न तो खाने-पीने के लिए खाद्यान्न और सब्ज़ी मसाले उपलब्ध हो पा रहे हैं और न ही दवाई, पेट्रोल-डीज़ल। इससे प्रयागराज व महाकुंभ परिसर तथा प्रयागराज आने-जाने वाले मार्गों पर फंसे करोड़ों भूखे-प्यासे, थके-हारे श्रद्धालुओं की हालत हर घंटे बद से बदतर होती जा रही है। ये एक अति गंभीर स्थिति है।

## पेज एक का शेष

### जाम से 'त्राहिमाम'...

रहा है। कुछ मार्गों पर वाहन रेंग रहे हैं और कुछ ऐसे भी मार्ग हैं जहां पर श्रद्धालुओं को प्रयागराज जाने से रोक दिया जा रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि 12 तारीख को पूर्णमासी का शाही स्नान होना है, जिसकी वजह से प्रयागराज में भारी भीड़ जमा हो चुकी है। रामबाग और संगम स्टेशन को बंद कर दिया गया है। सिर्फ प्रयागराज जंक्शन ही खुला हुआ है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 रीवा से चाकघाट के बीच पांच स्टॉपेज बनाए गए हैं। यहां पर वाहनों को 20 से 25 किलोमीटर तक छोड़ा जाता है और फिर घंटे भर के रोक दिया जाता है।

### बनाए गए रैन बसेरा...

भी पर्याप्त नहीं हो पा रहा है। ढाबों में खाना खत्म हो गया है।

### झांसी- मिर्जापुर नेशनल...

वाले श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी ज्यादा है कि रविवार को चित्रकूट मैहर स्टेट हाईवे पर प्रयागराज जाने वाले वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। ट्रक ड्राइवर अनिल यादव ने बताया कि वह नासिक से प्याज लेकर प्रयागराज जा रहे थे। ड्राइवर शेख शाहरुख ने बताया कि उनके ट्रक में अंगूर है। इसी प्रकार ड्राइवर सूती यादव रायपुर से बिस्किट लोड करके लखनऊ जा रहे थे। जाम में फंसे होने की वजह से हालत खराब है।

### 'परीक्षा पे चर्चा' में ...

से यह बातचीत हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि रिश्तों में धीरे-धीरे आ रही दूरियां ठीक नहीं हैं। क्योंकि इससे मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है। इसलिए अपने मन की दुविधाओं को बिना किसी संकोच के साथ अपने परिवार के किसी सदस्य के साथ साझा करें। पीएम ने एक्स पोस्ट में छात्रों, परीक्षार्थियों और अभिभावकों से इस कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया और कहा कि परीक्षा पे चर्चा वापस आ गई है। वह भी नए और जीवंत प्रारूप में। सभी से आग्रह है कि वो पीसीसी-25 देखें। जिसमें तनाव मुक्त परीक्षाओं के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले 8 एपिसोड शामिल हैं।

**लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें:** उन्होंने छात्रों से अपील की कि वो परीक्षा से जुड़े दबाव के बारे में ज्यादा न सोचें। पीएम मोदी ने एक बल्लेबाज का उदाहरण देते हुए बताया कि जिस तरह से स्टेडियम में एक खिलाड़ी में स्टेडियम में शोरगुल और नारे को नजरअंदाज कर केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करता है। ठीक उसी तरह से छात्रों को दबाव के बारे में सोचने की जगह पर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**प्रकृति से जुड़ने की सलाह दी:** पीएम ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ने की सलाह दी। जिसमें उन्होंने कहा कि छात्रों को धूप में बैठने की आदत डालनी चाहिए। साथ ही छात्रों को बाजरा और सब्जियों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह हमारी संस्कृति नहीं है कि हम प्रकृति का शोषण करें। बल्कि हमारी जीवनशैली ऐसी होनी चाहिए जो कि प्रकृति की संरक्षक हो यानी उसकी रक्षा करे। छात्रों से अपील करते हुए पीएम ने कहा कि वो लगातार प्रश्न पत्रों को हल करते रहे। जिससे उनका अभ्यास बना रहेगा। इसके अलावा परीक्षा में पेपर छूटने का मन में डर नहीं रहेगा।

**समझदारी से करें तकनीक का इस्तेमाल:** उन्होंने कहा कि तकनीक कोई ऐसा तूफान नहीं है जो आपको गिरा देगा। नवाचार आपकी भलाई के लिए किए जा रहे हैं। तकनीक का अच्छी तरह से जानकर इस्तेमाल करें और अपना समय बेकार के कार्यों में बर्बाद न करें। उन्होंने छात्रों से लिखने की आदत डालने के लिए कहा। पीएम ने कहा कि छात्र दूसरों के लिए उदाहरण बनें। केवल वर्तमान पर फोकस रहें। हर बच्चे में कुछ न कुछ खासियत जरूर होती है।

**अभिभावकों को दी यह सलाह:** प्रधानमंत्री ने अभिभावकों को सलाह दी कि अपने बच्चों को मॉडल के रूप में खड़ा न करें। उनसे प्यार करें और उनकी ताकत को पहचानें। छात्रों के लिए लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच में हो, पकड़ में न हो। उन्होंने छात्रों को तनाव को दूर भगाने के लिए मेडिटेशन के फायदे भी बताए।

**विभिन्न राज्यों के स्कूलों से शामिल हुए 36 छात्र:** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूलों से 36 छात्रों का चयन किया गया है। इनमें सीबीएसई, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक बोर्ड, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा कला उत्सव और वीर गाथा प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ-साथ प्रेरणा स्कूल कार्यक्रम के पूर्व छात्र भी शामिल हैं।

### अलग अंदाज में ...

एक्स पोस्ट में कहा कि आपके प्रधानमंत्री, आपके मार्गदर्शक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ परीक्षा के तनाव को अलविदा कहें। परीक्षा पे चर्चा को सुनें।

### सकारात्मक नजरिया ...

हमें मार्गदर्शन मिलता था। जिससे यह स्पष्ट होता था कि हमारे बारे में कोई सोचता है।

### आज फ्रांस के राष्ट्रपति ...

सम्मेलन है। जहां पर हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके नवाचार और सभी लोगों के कल्याण के लिए एआई प्रौद्योगिकी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान प्रदान करेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वहीं, पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी कुछ पोस्ट में भी फ्रांस और अमेरिका की यात्रा का जिक्र किया।

**भारत-फ्रांस साझेदारी की समीक्षा होगी:** पीएम ने यह भी कहा कि फ्रांस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी के लिए वर्ष 2047 क्षितिज कार्य योजना पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा। हम दोनों फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए फ्रांस के ऐतिहासिक शहर मार्सिले की यात्रा करेंगे। साथ ही वैश्विक थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे। जिसमें भारत फ्रांस सहित भागीदार देशों के संघ का सदस्य है। इससे वैश्विक कल्याण के लिए ऊर्जा का दोहन किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि मैं प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को मजारग्यूज युद्ध समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करूंगा।

**अमेरिका के साथ संबंधों को मिलेगी मजबूती:** प्रधानमंत्री ने अपने बयान में अमेरिका की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि फ्रांस के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अमेरिका की यात्रा पर जाऊंगा। मैं अपने मित्र ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। जनवरी में उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत और शपथ ग्रहण के बाद हालांकि ये हमारी पहली मुलाकात होगी। लेकिन मुझे उनके पहले कार्यकाल मे भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बनाने में साथ करने की अच्छी तरह से याद है। यह यात्रा राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में हमारे सहयोग की सफलताओं को आगे बढ़ाने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा ऊर्जा तथा सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्रों सहित हमारी साझेदारी को पहले से ज्यादा बढ़ाने तथा गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने का अवसर होगी। हम अपने- अपने देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे।

### लोकसभा में शून्य काल...

ने नारेबाजी की। कुछ सदस्य इस संबंध में व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाह रहे थे। हालांकि, पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि शून्यकाल में व्यवस्था का प्रश्न नहीं होता। भाजपा सांसद दुबे पहले भी सदन में इन मुद्दों को उठाते रहे हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि अमेरिका में नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'यूएसएड' संस्था को पूरी तरह बंद कर दिया है क्योंकि यह वर्षों से विभिन्न सरकारों को गिराने के लिए पैसा खर्च कर रही थी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को बताना चाहिए कि क्या यूएसएड ने जॉर्ज सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन को पांच हजार करोड़ रुपये भारत को विभाजित करने के लिए दिये या नहीं। उसने राजीव गांधी फाउंडेशन को पैसा दिया या नहीं। दुबे ने सवाल उठाया कि क्या 'यूएसएड' ने तालिबान को पैसा दिया था? उन्होंने कहा कि इस अमेरिकी संस्था ने आतंकवादी और नक्सलवादी गतिविधिया बढ़ाने वाले कुछ संगठनों को पैसा दिया या नहीं, विपक्ष यह बताए।

भाजपा सांसद ने देश में मानवाधिकार के नाम पर और 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' के नाम पर विभिन्न संस्थाओं को 'यूएसएड' द्वारा पैसा दिए जाने का आरोप लगाते हुए सरकार से अनुरोध किया कि इनकी जांच हो और जिन्होंने देश को नुकसान पहुंचाने के लिए पैसा लिया, उन्हें जेल में डाला जाए।

### मां-पिता पर अश्लील...

ताउम्र जेल में सड़ा देना चाहिए। यूट्यूब को इनका शो बंद कर देना चाहिए। शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' में तीनों ने मां-पिता पर ऐसी अभद्र टिप्पणी कि मानवता शर्मसार हो गई। कई सेलीब्रिटी ने भी कहा है कि तीनों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इनके शो पर ताला डाल देना चाहिए। तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, विवाद बढ़ता देश रणवीर ने अकड़ दिखाते हुए कहा कि कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता है। मैंने जो कुछ भी कहा, वह नहीं कहना चाहिए था। आई एम सॉरी। पॉडकास्ट हर उम्र के लोगों ने देखा। यह जिम्मेदारी इतने हल्के में नहीं लेनी चाहिए थी। इस प्लेटफॉर्म को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। वीडियो से असंवेदनशील कंटेंट को हटाने को कहा गया है। उम्मीद है कि इंसानियत के नाते आप मुझे माफ करेंगे। खार के जिस स्टूडियो में शो की शूटिंग हुई, वहां मुंबई पुलिस ने जांच की है।

**सीएम फडणवीस ने कहा- कार्रवाई नजीर बननी चाहिए:** अक्षित सिंह नाम के एक व्यक्ति ने यूट्यूबर, जिसे बीयरबाइसेप्स के नाम से भी जाना जाता है, और शो के होस्ट समय रैना के खिलाफ अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है लेकिन यह तब समाप्त हो जाती है जब दूसरों की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण होता है। हमारे समाज में, हमने कुछ नियम बनाए हैं, अगर कोई उनका उल्लंघन करता है तो यह बिल्कुल गलत है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। जेएमएम सांसद महुआ माजी का कहना है कि सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। संबंधित मंत्रालय को कार्रवाई करनी चाहिए। इसे बैन किया जाना चाहिए। शिवसेना नेता राजू वाघमारे ने कहा कि अगर वह नहीं मानेगा तो हम उसका शो बंद करने की कोशिश करेंगे। सीपीआई सांसद पी संदोश कुमार ने कहा कि यह गंदा धंधा बंद होना चाहिए। कलाकार सोनी निगम व गीतकार मनोज मुंतिशर ने कहा कि शो बंद होना चाहिए।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य ने यूट्यूब को लिखी चिट्ठी:** एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) सदस्य प्रियांक कानूनगो ने यूट्यूब की पब्लिक पॉलिसी हेड मीरा चैट को पत्र लिखा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि यूट्यूब से संबंधित एपिसोड/वीडियो को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। ऐसी सामग्री को हटाने से पहले आपको संबंधित पुलिस अधिकारियों को चैनल और विशिष्ट वीडियो का विवरण प्रस्तुत करना होगा, जहां आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। इस संबंध में एक कार्रवाई रिपोर्ट इस पत्र के जारी होने की तारीख से तीन (10) दिनों के भीतर आयोग को प्रस्तुत की जाएगी।

### असम में इलाहाबादिया ...

जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा, समय रैना और अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। अश्लीलता को बढ़ावा देने और अश्लील चर्चा में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया है।

### संसद और विधानमंडलों ...

विधानमंडल के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने विधायकों से आग्रह किया कि वे सत्र के दौरान सदन में अधिक समय बितायें और विभिन्न पक्षों की राय सुनें , जिससे लोगों के मुद्दों को समझने और उनसे निपटने में उनका नजरिया व्यापक होगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर ने सभा को सम्बोधित करते हुए प्रबोधन कार्यक्रम के लिए भी प्राइड और लोक सभा सचिवालय का धन्यवाद किया। लोक सभा महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। यह विचार व्यक्त करते हुए कि विधानमंडलों में योजनाबद्ध व्यवधान संविधान की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत है, बिरला ने विधायकों से आग्रह किया कि वे सदन की कार्यवाही में ब्यवधान न डालकर प्रश्नकाल जैसे प्रभावी विधायी साधनों का उपयोग करते हुए जनता के मुद्दे उठाएँ। उन्होंने विधायकों से यह भी कहा कि वे पूरी तैयारी और तथ्यों के साथ सदन में बहस के लिए आएं। वे सदन में जितनी अधिक तैयारी के साथ आएंगे, उनकी भागीदारी उतनी ही अधिक प्रभावी होगी तथा सदन की कार्यवाही उतनी ही अधिक उत्पादक होगी। उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ विधायक वही होता है जो सदन की कार्यवाही में पूर्ण सहभाग करता है और समय-समय पर संसदीय कार्यों को समझकर, अच्छे शोध के साथ तर्कपूर्ण चर्चा करता है। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि विधानमंडलों की बैठकों की संख्या घटती जा रही है परंतु देश की सभी विधानसभाओं में महाराष्ट्र विधान सभा की कार्योत्पादकता प्रशंसनीय है। महाराष्ट्र विधान सभा के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि 1937 में अपनी स्थापना से लेकर आज तक महाराष्ट्र विधानमंडल ने सामाजिक-आर्थिक बदलावों की नींव रखी है। प्रबोधन कार्यक्रम के सन्दर्भ में बिरला ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विधायकों को संसदीय प्रक्रियाओं, परंपराओं और विभिन्न राज्यों के विधानमंडलों की कार्यविधियों के बारे में गहन जानकारी मिलेगी, जिससे वे अपने संसदीय दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि संसदीय कार्यों को समझने और प्रभावी रूप से करने के लिए निरंतर शिक्षा और प्रशिक्षण आवश्यक है। महाराष्ट्र विधान परिषद् के सभापति राम शिंदे ने भी इस अवसर पर उपस्थित विधायकों को संबोधित किया।

### स्थायी शांति की ...

पर हमला नहीं किया और न ही हम किसी महाशक्ति के साथ प्रतिद्वंद्विता में शामिल रहे हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी। 10 से 14 फरवरी तक आयोजित किया जाने वाला एयरो इंडिया शो एशिया का एक सबसे बड़ा वैमानिकी शो है। जिसमें इस साल कुल करीब 900 प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। रक्षा क्षेत्र के वास्तविक उपकरण निर्माताओं (ओईएम) की संख्या 54 है। जबकि 78 देशों की भागीदारी भी शो में बनी हुई है। इसमें 30 देशों के रक्षा मंत्री या उनके समकक्ष शामिल हैं।

**साझा निर्माण हैं सुरक्षा, स्थिरता:** राजनाथ सिंह ने कहा कि हम अक्सर खरीददार और विक्रेता के रूप में बातचीत करते हैं। लेकिन हम अपने संबंधों को लेनदेन से स्तर से ऊपर औद्योगिक स्तर तक ले गए हैं। भारत के पास समान विचारधारा वाले देशों के साथ सह-उत्पादन और सह-विकास के कई सफल उदाहरण मौजूद हैं। भारतीय सुरक्षा और शंति अलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं। जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। विदेशी मित्रों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि हमारे साझेदार एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।

**निजी उद्यमियों की बढ़ेगी भागीदारी:** सरकार रक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र मानती है। बजट में रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसमें सशस्त्र सेनाओं के लिए हथियारों, सैन्य प्लेटफार्म और अन्य जरूरी प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए निर्धारित पूंजीगत खरीद की मद में 1.80 लाख करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। आधुनिकीकरण बजट का 75 फीसदी हिस्सा घरेलू स्रोतों से खरीद के लिए आरक्षित किया गया है। जिसका उद्देश्य भारत के रक्षा औद्योगिक परिसर की क्षमताओं को व्यापक और सघन बनाना है। रक्षा मंत्री ने समग्र विकास गाथा में निजी उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। अर्थव्यवस्था को मुख्यधारा में लाने में निजी क्षेत्र बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। अपनी प्रेरणा, उदारता और उद्यमशीलता के कारण यह क्षेत्र देश में समृद्धि लाने की नई लहर लाने में सक्षम है। कई उन्नत देशों में निजी उद्योग ने रक्षा उत्पादन का नेतृत्व किया है। अब समय आ गया है कि अब यहां भी ये क्षेत्र रक्षा उद्योग में बराबर का भागीदार बने।

**2025 साबित होगा सुधारों का वर्ष:** रक्षा मंत्रालय ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये केवल एक सरकारी नारा नहीं है। बल्कि सुधारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता है। सुधारों के लिए निर्णय केवल मंत्रालय के स्तर पर नहीं लिए जा रहे हैं। बल्कि सशस्त्र सेनाएं और डीपीएसयू भी इसमें भाग ले रहे हैं। इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए रक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों की भागीदारी होनी चाहिए। ऐसे में सभी भागीदारों के सुझावों का स्वागत है।

**एयरो इंडिया शोध का कुंभ :** दुनियाभर से आए विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्होंने अतिथि देवो भव की भारतीय परंपरा से अवगत कराया। जिसका अर्थ यह होता है कि अतिथि ईश्वर के समान होता है। जिसे प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। महाकुंभ जहां आत्मनिरीक्षण का कुंभ है। वहीं एयरो इंडिया शोध का कुंभ है। साथ ही कहा, जहां महाकुंभ आंतरिक शक्ति पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वहीं एयरो इंडिया बाहरी शक्ति पर केंद्रित होगा। महाकुंभ भारत की संस्कृति को प्रदर्शित करता है। जबकि एयरो इंडिया भारत की शक्ति को प्रदर्शित करेगा।

### रक्षा औद्योगिक क्षेत्र...

बनाई गई है। रक्षा औद्योगिक क्षेत्र आज समग्र अर्थव्यवस्था के साथ पूरी तरह एकीकृत हो गया है। अब ये क्षेत्र एक मोटर की भांति भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास इंजन को शक्ति प्रदान कर रहा है।

### संबंधों को मिलेगी ...

कार्यक्रम देश की औद्योगिकी क्षमता और तकनीकी प्रगति को विश्व के समक्ष प्रदर्शित करेगा। साथ ही इससे मित्र देशों के साथ सहजीवी संबंधों को भी मजबूती मिलेगी।

# हरिभूमि सहेली

वैलेंटाइन-डे स्पेशल



स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत व्यापक हैं। उसके प्रेम का अर्थ सिर्फ रूमानी नहीं होता। स्त्री का एक अलग ही प्रेममय संसार है। इसमें वह प्रेम को वृहद रूप में जीती है। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, अपनों की खुशी। वह इसी खुशी में ही अपनी खुशी मानती है। वैलेंटाइन-डे पर स्त्रियों के नजरिए से प्रेम की व्याख्या।

## प्रेम के सार्थक भाव को जीती स्त्रियां

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर अपनी सहेलियों और आस-पड़ोस तक, स्त्रियां प्रेम के सार्थक भाव को जीती हैं। साथ ही वे स्नेह और जुड़ाव की बुनियाद पर सही मायने में प्रेममयी जीवन का ठिकाना बनाती हैं। व्यावहारिक समझ के साथ अपने परिवेश में प्रेम को पोसती हैं। जरूरत के समय किसी बच्चे-बुजुर्ग की मदद करने की बात हो या पीड़ा के दौर में अपनों का साथ देने की बात, प्रेम से अपनी भूमिका निभाती हैं। उत्सवीय परिवेश में साझी खुशियां मनाते हुए नेह उड़ेलने वाला व्यवहार हो या परंपरागत आयोजनों में किसी सहेली का साथ देने के लिए डट जाने का पहलू, स्त्रियों का प्रेम साथ देने में झलकता है। उनका प्रेम किसी की मनोदशा को जानकर हाथ थाम लेने में नजर आता है। जीवनसाथी हो या परिजन, भावनाओं को समझने और सम्मान देने में प्रतिबिंबित होता है, स्त्रियों का प्रेम-स्नेह।

### जीवन की ऊर्जा-प्रेम

यूं तो प्रेमपगा जुड़ाव हर इंसान के मन-जीवन के लिए संजीवनी-सा होता है, लेकिन स्त्रियां स्नेहमयी साथ को ज्यादा अहमियत देती हैं। प्रेम हर स्त्री के जीवन में बहुत मायने रखता है। भावनाओं की बुनियाद पर अपनों-परायों से जुड़ने वाली स्त्रियां, मन की गहराई से प्यार को समझती हैं। जज्बाती आधार से जुड़ना जानती हैं। खुद को मिले स्नेह-साथ का सम्मान करती हैं। यही वजह है कि उनका भावुक मन भी प्रेमपगे भाव-चाव की खूब चाहत रखता है। एक ओर अपने साथी संग मन की बात करना, स्त्रियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा जुटाने जैसा होता है तो दूसरी ओर साथी के दिल का हाल जानना भी उन्हें सुकून देता है। स्त्रियों के लिए प्यार जिंदगी को भावपूर्ण लगाव से सींचने वाली नेमत होता है। वे जीवन की इस अंतरंग साझेदारी में निःस्वार्थ भाव से प्रेम जताने और निभाने की राह चुनती हैं। यही कारण है कि स्त्रियां जीवन के हर उतार-चढ़ाव में अपने जीवन साथी को हिम्मत दे पाती हैं। प्रेमपगे समर्पण की यही सोच हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। आस-पड़ोस को जोड़ने वाली सुंदर कड़ी बनी हुई है। स्त्रीमन के स्नेहपूरित एहसास ही समाज के रंग, सजीव रखने का माध्यम बने हुए हैं।

### प्रेम का सार्थक भाव

प्यार किसी की अनुभूतियों को समझना भर नहीं है। आपसी सहजता और स्नेह बनाए रखने के लिए सामने वाले इंसान की भावनाओं का मान करना भी जरूरी है। प्रेम, त्याग और समर्पण



मांगता है। संवेदनशील और सार्थक भावों को मन में स्थान देकर ही प्यार की राह पर चलने वाले हमसफर, साथ को जीने का सही अर्थ समझते हैं। समर्पण के धरातल पर ही सम्मान देने की सोच पनपती है। मनुहार, मान और मन की सुनने-समझने का यह पहलू हर रिश्ते के लिए प्राणवायु सा होता है। देखने में आता है कि स्त्रियां प्रेम के इस जीवंत भाव को न केवल समझती हैं बल्कि जीती भी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में ह्यूमन डेवलपमेंट के प्रोफेसर डॉ.



रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग के मुताबिक, 'अपने मनोभावों को दूसरे इंसान के साथ शेयर कर पाने और जरूरत पड़ने पर भावनात्मक सपोर्ट देने और पाने का जुड़ाव ही सच्चा प्यार होता है। संघर्ष और जिंदगी की उथल-पुथल के दौर में किसी के साथ होने पर भरोसा महसूस हो तो यह भावनात्मक तौर पर जुड़े होने का संकेत है। साथ ही अगर खुद से पहले किसी दूसरे की खुशी की चाहत मन में हो तो निश्चित तौर पर यह प्रेम है। पूरी दुनिया में हमेशा से ही माताएं इस तरह के महत्वपूर्ण और मानवीय व्यवहार के लिए जानी जाती हैं।' मानवीय मन के अध्ययन से जुड़ी यह बात स्त्री-मन के नेह भरे पक्ष से मिलवाती है, जो प्रेम का सबसे सुंदर और सार्थक पहलू है।

### प्रेम के शाश्वत मूल्य बने रहें

प्रेम के भाव-चाव वक्त के साथ नहीं बदलते। एक दूजे संग मन से जुड़ने की यह रीत एक प्यारी परंपरा सी है। निःस्वार्थ अनुभूतियों से सींचित प्यार सदा से ही स्वार्थ साधने की सोच से परे रहा है। इसीलिए दिली धरातल पर जुड़े अहसास कभी अपने रंग-ढंग नहीं बदलते। प्रेम करने वाले दिल में नकारात्मक भाव जगह नहीं बना पाते। प्रेम के शाश्वत मूल्य यूं भी सहेजने योग्य ही हैं। प्रेम को पोसने वाली इन मान्यनाओं में चाहे आपसी संवाद की बात हो या भावनात्मक अंतरंगता की, इन स्नेहपगे मूल्यों से ही संसार में मानवीय जुड़ाव भी कायम है। लाख दुश्वारियों के बावजूद एक-दूजे को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह देना ही तो प्रेम है। प्रेम की शुरुआत एक-दूसरे पर विश्वास के साथ ही होती है। भरोसे के बल पर ही यह गठजोड़ विस्तार पाता है। अपनत्व का यह सूत्र जीवन के हर पहलू पर एक प्यारी साझेदारी की बुनियाद बनाता है। साझे लक्ष्यों को पाने की यात्रा में आपसी सम्मान, आत्मीयता और प्रतिबद्धता जैसे मूल्य, हर रिश्ते में बहुत मायने रखते हैं। ऐसे स्नेह भरे शाश्वत मूल्य परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़कर रखते हैं। समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। सदा प्रासंगिक रहने वाले मूल्यों को सहेजते इस प्रेमपगे जुड़ाव का यह सबसे प्यारा पहलू है।

### महिला-मन की चाहत

हमारे घरों में स्त्री-मन के भावनात्मक पहलू को समझने का भाव आज भी नदारद है। उनके प्रति जिम्मेदारी तो निभाई जाती है पर जज्बाती जुड़ाव कम दिखता है, उनके अपनों द्वारा कभी भी खुलकर प्यार नहीं जताया जाता। जबकि हर स्त्री प्यार के बदले ढेर सारा प्यार चाहती है। हर रिश्ते में खुलकर प्रेम जताने वाली स्त्रियां अपने लिए भी प्रेमपगे अहसासों की अभिव्यक्ति की उम्मीद रखती हैं। मौजूदा दौर की सजग सशक्त स्त्रियां भी प्यार के प्रति समर्पण और निष्ठा का भाव रखती हैं। ऐसे ही आत्मीय जुड़ाव की आशा भी रखती हैं। सी. एस. लुइस के मुताबिक, 'हमारे जीवन में जो भी दृढ़ और स्थायी खुशी है, उसके लिए नब्बे प्रतिशत प्रेम ही उत्तरदायी है।' महिलाओं से जुड़े सभी रिश्तों को भी समझना चाहिए कि उनका मन भी प्रेमपगे भावों को जीना चाहता है। खासकर जीवनयात्रा में अपने पार्टनर से स्नेह-सत्कार जताने की उम्मीद तो हर महिला को होती ही है। ❀

## सेलिब्रेट करें अपना प्यार

वैलेंटाइन-डे आए और हसबैंड-वाइफ इसे सेलिब्रेट न करें, यह कैसे हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए आप बहुत बड़े स्तर पर कुछ प्लान करें, आप घर पर ही या बाहर जाकर भी छोटे स्तर पर वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट कर सकती हैं। अपने दांपत्य जीवन में और मधुरता लाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

मैरिड लाइफ

पूर्ति खरे



दांपत्य एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार, विश्वास, समर्पण और आपसी समझ से मजबूत होता है। हालांकि इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए और भी तरीके हैं, लेकिन हमेशा इस रिश्ते की धुरी प्रेम ही माना गया है। पति-पत्नी जॉब के कारण कितने भी दूर अलग-अलग शहर में रह रहे हों, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ दिल से जुड़े रहते हैं। इस संदर्भ में यह भी समझना चाहिए कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जो बिना प्यार के संभव ही नहीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली के चलते इस रिश्ते के बीच कहीं न कहीं प्यार अपनी सुप्तावस्था में चला जाता है। एक लंबे दांपत्य जीवन के बाद भी कई पति-पत्नी के बीच यही शिकायत रहती है कि उनके बीच का प्यार अब पहले जैसा नहीं रहा। लेकिन हकीकत इससे जुदा होती है, क्योंकि असल में प्यार कभी नहीं बदलता, बस बदलते हैं तो उसको बयां करने के अंदाज। खैर, आपका तरीका जो भी हो,लेकिन प्यार के इस मौसम में अपने साथी के प्रति जो भी भाव आप रखती हैं, उसे अभिव्यक्त जरूर कीजिए। आपके इस भाव को बयां करने के लिए वैलेंटाइन-डे एक खास मौका है, जो प्यार-रोमांस को समर्पित है। इसे कैसे मनाएं, जरूर जानिए-



**बाहर घूमने जाएं:** अगर संभव हो तो आप अपने साथी के साथ बाहर किसी ऐसी एकांत और सुहावनी जगह पर जाएं, जहां आप दोनों एक-दूसरे को अपना भरपूर समय दे सकें। हो सके तो एक रोमांटिक डेट को अरेंज करें। इसके लिए आप किसी सुंदर पार्क में पिकनिक मना सकती हैं या एक रोमांटिक रेस्तरां में डिनर कर सकती हैं। आप चाहें तो सिनेमा हॉल में एक साथ कोई रोमांटिक फिल्म भी देख सकती हैं। इससे आपको एक रोमांटिक माहौल मिलेगा या फिर किसी डांस स्टूडियो में जाएं और एक साथ डांस करें। इससे आपको करीब आने का मौका मिलेगा।

**शादी की तस्वीरें या वीडियो देखें:** आप अपने पार्टनर के साथ शादी की तस्वीरें देखकर या वीडियो देखकर शादी के पल याद कर सकती हैं। याद रखें, शादी हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होते हैं, उन पलों को हम दुबारा जी तो नहीं सकते, लेकिन तस्वीरों और वीडियोज में कैद उन पलों को देखते हुए हम उन पलों की स्मृतियां फिर बटोर जरूर सकते हैं।

**घर पर रोमांटिक डिनर:** अगर आप या आपके पार्टनर बाहर नहीं जा सकते या आप घर के बच्चों या बड़ों के कारण घर से बाहर जाने में संकोच कर रही हैं तो आप घर पर ही एक रोमांटिक डिनर अरेंज करें। अपने पसंदीदा व्यंजन बनाएं, उन्हें सुंदर तरीके से परोसें। आप कैंडललाइट डिनर भी कर सकती हैं। साथ ही फूलों से घर को सजाएं। इससे आपको घर में एक रोमांटिक और खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**लव लैटर या लव कार्ड:** यह तरीका आपको थोड़ा ओल्ड लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए अपने हाथों से लिखे गए प्यार के अल्फाज हमेशा जुदा अहसास कराते हैं। यह बहुत मजेदार आइडिया है, आजमा कर तो देखिए, एक-दूसरे को लव लैटर लिखिए। इससे आपको अपने प्यार को व्यक्त करने का मौका मिलेगा और पढ़ने वाले को यह प्यार से भर देगा। आप यदि लव लैटर लिखने में संकोच कर रही हैं तो एक थॉट्सफुल कार्ड भी पार्टनर को खरीद कर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में इस तरह के गिफ्ट भी मिलते हैं, जो आपके प्यार को बयां करते हैं।

यह जान लीजिए कि प्यार करने का अंदाज कोई भी हो, बस आपके प्यार में प्यार होना चाहिए। यहां बताए गए आइडियाज को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकती हैं, अपने दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रख सकती हैं। हैप्पी वैलेंटाइन-डे! ❀

## इस लव-डे पर आप दिखें सबसे लवली-ब्यूटीफुल

मेकअप

विधि गोयल

आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप सबसे प्यारी और खूबसूरत नजर आना चाहेंगी। इसके लिए जरूरी है कि मेकअप सही तरीके से किया जाए। यहां आपको बता रहे हैं, परफेक्ट मेकअप करने के तरीके के बारे में।

**प्राइमर:** मेकअप की शुरुआत अपने चेहरे पर प्राइमर अप्लाई करने से करें। मेकअप करने से पहले प्राइमर लगाने से मेकअप को एक अच्छा बेस मिलता है और मेकअप ज्यादा देर तक टिका भी रहता है।

**फाउंडेशन:** प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर लाइट फाउंडेशन या बीबी-सीसी क्रीम अप्लाई करें। मेकअप ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से फाउंडेशन को अच्छी तरह ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि बहुत हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें, वरना फेस केकी लगने लगेगा।



**कंसीलर-कॉम्पैक्ट पावडर:** अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल्स, पिंपल्स या फाइन लाइंस नजर आती हैं, तो कंसीलर भी जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि हमेशा ऐसा कंसीलर इस्तेमाल करें, जो आपके स्किन टोन से एक शेड लाइटर हो। कंसीलर का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं जगहों पर करें, जहां इसकी जरूरत हो। चेहरे की अच्छी तरह से क्लींजिंग करके मॉयश्चराइज करें। फिर स्किन टाइप के अनुसार कंसीलर और फाउंडेशन लगाएं और मैट कॉम्पैक्ट से मेकअप को लॉक करें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो फेस पावडर लगाने की जरूरत नहीं है। हल्का फाउंडेशन ही काफी है।

**ब्लश से पाएं पिंकिश टोन:** प्यार के रंग से रंगे इस खास दिन अपने गालों पर ब्लश भी जरूर लगाएं। लाइट पिंक कलर का ब्लशर आपके चेहरे को और भी निखार देगा। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें और अगर आपकी ऑयली स्किन है तो पावडर ब्लश का इस्तेमाल करें।

**आई मेकअप:** आंखों की खूबसूरती को निखारने के लिए आप आई मेकअप में कुछ अलग ढंग से करें। आंखों की पलकों में अपनी ड्रेस से मैचिंग आईशैडो लगाएं। आईलाइनर और काजल की एक पतली कोट लगाएं। आई लैशेज को ग्लैमरस दिखाने के लिए पलकों के ऊपर और नीचे दोनों तरफ से उभार देते हुए मस्कारा लगाएं।

**ग्लिटरी ग्लैम लुक:** नाइट पार्टी के लिए ग्लिटरी ग्लैम लुक मेकअप भी कर सकती हैं। ऐसे लुक के लिए आप बेस मेकअप को ड्युई लुक दें। साथ ही आप ब्लश और हाइलाइटर के लिए लिक्विड या क्रीम प्रोडक्ट्स को चुनें। इसके अलावा आप लिप्स के लिए भी ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। ❀

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

## गिफ्ट हो ऐसा जिसमें झलके आपका प्यार

वैलेंटाइन-डे के अवसर पर गिफ्ट देना प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका होता है। आप भी अपने लव/लाइफ पार्टनर को इस मौके पर कुछ खास गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। जानिए, गिफ्ट देने के कुछ यूनीक आइडियाज।

फीलिंग्स

श्रुति आयंगर

जब मौका हो वैलेंटाइन-डे का तो आप जरूर अपने लव/लाइफ पार्टनर को प्यारा सा गिफ्ट देकर अपनी फीलिंग्स उनके सामने प्रकट करना चाहेंगी। प्यार का इजहार करना हो या प्यार को और भी प्रगाढ़ करना हो तो इसके लिए लव कपल्स एक-दूसरे को गिफ्ट देना पसंद करते हैं। अगर आपने अपने वैलेंटाइन के लिए अभी तक कोई गिफ्ट सेलेक्ट नहीं किया है, तो यहां बताए जा रहे, गिफ्ट आइडियाज पर गौर कर सकती हैं।

**फोटो फ्रेम विद म्यूजिक:** गिफ्ट के तौर पर फोटो फ्रेम देना काफी अच्छा ऑप्शन माना जाता है। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर को वैलेंटाइन-डे पर कुछ स्पेशल गिफ्ट देना चाहती हैं तो उन्हें प्लेन फोटो फ्रेम देने की बजाय, फोटो फ्रेम विद म्यूजिक दे सकती हैं। इस फ्रेम की खासियत यह होती है कि यह फ्रेम ग्लास का बना होता है और इसमें आप जो भी गाना



सेलेक्ट करती हैं, उसे इस फ्रेम में कस्टमाइज करवा सकती हैं। इसमें स्पेशल क्यूआर कोड की सुविधा होती है। आप इस कोड की मदद से अपने पार्टनर को अपना सेलेक्ट किया गाना सुनवा भी सकती हैं। यह गिफ्ट बेहद यूनीक लगता है। इसमें आप अपने पार्टनर के साथ की फोटो का कोलाज बनाकर भी एड करवा सकती हैं।



**चॉकलेट बुके विद हैंपर:** वैलेंटाइन-डे जैसे मौके पर चॉकलेट्स गिफ्ट करने का काफी ट्रेंड है। आप भी चाहें तो इस अवसर पर अपने पार्टनर को चॉकलेट्स हैंपर या चॉकलेट बुके गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप उनकी पसंद की चॉकलेट्स का हैंपर या बुके बनवा सकती हैं। चॉकलेट के साथ में छोटे-छोटे फूल, टेडीबियर, लव कोट्स लिखा एक कार्ड भी लगवा सकती हैं। अगर उन्हें केक पसंद है तो वो भी इसके साथ दे सकती हैं। इसके अलावा आप चॉकलेट्स से भरा हुआ एक सरप्राइज एक्सप्लोजन बॉक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

**हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स:** ऐसे स्पेशल डेज पर हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट देना न केवल आपके साथी को खुशी देता है बल्कि ये आपके बीच के प्यार को भी और गहरा बनाता है। इस वैलेंटाइन-डे पर अपने प्यार को, एक यादगार तोहफे के रूप में पर्सनलाइज्ड-हैंडमेड गिफ्ट देकर इसे खास बना सकती हैं। आप अपने पार्टनर के लिए अपने हाथों से बने क्राफ्ट बेस ग्रीटिंग कार्ड,




हाथ से लिखे लव लेटर या कविता, अपने हाथों से बना स्कार्फ, किसी कपड़े या रुमाल में कढ़ाई करके उनको गिफ्ट कर सकती हैं। माना ये तरीके पुराने हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड मग, पर्सनलाइज्ड ज्वेलरी, कस्टमाइज्ड कुशन कवर, कस्टमाइज्ड वॉल आर्ट और अपने पार्टनर के लिए प्यारा-सा पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज भी भेज सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह का गिफ्ट पाकर आपके पार्टनर के मन में आपके प्रति प्यार और गहरा हो जाएगा।

**गिफ्ट हैंपर:** वैलेंटाइन-डे को देखते हुए, इन दिनों मार्केट में कई तरह के गिफ्ट हैंपर मिल रहे हैं। आप भी चाहें तो वैलेंटाइन-डे पर अपने पार्टनर को इनमें से कोई गिफ्ट हैंपर सेलेक्ट कर दे सकती हैं। इसमें आप उनका पसंदीदा परफ्यूम, चेन, रिंग, वॉलेट, वॉच, ज्वेलरी प्रेजेंट कर सकती हैं। आप ऑनलाइन भी ऑर्डर करवा सकती हैं। ❀

## अकेले हैं तो क्या गम है...

अगर हाल में आपका ब्रेकअप हुआ है, अब इस साल आपका पार्टनर आपके साथ वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने के लिए नहीं है तो आप उदास, मायूस मत होइए। आप सिंगल ही वैलेंटाइन-डे मना सकती हैं। आपके आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जो आपके साथ प्यार बांट सकते हैं, खुशियां मना सकते हैं।

एडवाइस

नम्रता नदीम

इस बार वैलेंटाइन-डे पर बहुत से ऐसे लोग होंगे, जो हाल ही में अपने टॉक्सिक रिश्तों से बाहर आए होंगे। कुछ समय पहले जिनका ब्रेकअप हुआ होगा और अब किसी के साथ रिलेशनशिप में आने की कल्पना मात्र से ही परेशान होंगे। उन्हें रह-रहकर पिछले साल अपने पार्टनर के साथ मनाए गए वैलेंटाइन-डे की यादें विचलित कर रही होंगी। लेकिन ऐसे लोगों के लिए सिर्फ यही कहा जा सकता है कि 'अकेले हैं तो क्या गम है, चाहे तो हमारे बस में क्या नहीं।' इन लोगों को स्थितियां और परिस्थितियां ही अब अपने आप से प्यार करने की जरूरत समझाएंगी। अब इनके लिए वो दिन बीत गए जब ये रिलेशनशिप में थे, किसी और के लिए तैयार होकर डेट पर जाते थे।

**अब खुद को करना है पैंपर:** इस बात को समझें कि अब खुद से ही खुद को पेंपर करना है। प्यार के इस खास दिन के लिए अपने आपको घर के किसी कमरे में बंद करके सैड सॉन्ग सुनने की बजाय क्यों न इस बार वैलेंटाइन-डे खुद के साथ ही सेलिब्रेट करें, क्योंकि किसी ने बिल्कुल सही ही तो कहा है, सेल्फ लव इज अल्टीमेट लव।

**खुद को दें पार्टी या बनाएं फेवरेट डिश:** अगर आप सिंगल हैं और इस बार अपना वैलेंटाइन-डे भी मनाना चाहती हैं तो जरूरी नहीं कि बाहर लंच या डिनर के लिए आपका पार्टनर आपके साथ हो। आप अकेले भी जाकर खुद को पार्टी दे सकती हैं। घर पर रहकर बोर होने और ब्रेकअप का मातम मनाने की बजाय अपने दूसरे सिंगल दोस्त से घर या ऑफिस



के बाद मिलें और उसके या अपने घर में अपनी फेवरेट डिश बनाएं। अपने मम्मी-पापा या ग्रैंड पैरेंट्स के साथ मौज-मस्ती करें। इससे आपको ही नहीं, उनको भी अच्छा लगेगा। अगर आपके कई सिंगल दोस्त हैं तो सब लोग मिलकर पार्टी करें, सब कहीं बाहर जाकर भी लंच या डिनर में अपने सिंगलहुड को एंज्वॉय कर सकती हैं।

**दूसरों का दुख-दर्द बांटें:** मनोविदों की मानें तो जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं तो इससे हमें अपार खुशी मिलती है। यह जरूरी नहीं कि ये दूसरे लोग हमारे बहुत करीबी ही हों। इस दिन किसी वृद्ध आश्रम या अनाथालय में जाकर बुजुर्गों और बच्चों को खाने की कुछ चीजें दें। बुजुर्गों के दुख-दर्द सुनें और उनके साथ बातें करें। घर-परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर गरीब बच्चों के लिए खाना बनाकर खिलाएं। ऐसी एक्टिविटीज से सिंगल होने का दुख नहीं सताता और दूसरों को भी खुशी मिलती है।

**सेल्फ डेट प्लान करें:** जिनका हालिया ब्रेकअप हुआ है, पिछले वैलेंटाइन-डे पर वह अपने डेट के साथ कौन-सी खूबसूरत ड्रेस पहनकर गई थीं, इस दिन को खूब एंज्वॉय किया था, अब उन्हें इसकी अगर याद सताए तो इस तरह के हैंगओवर से भी बाहर आना जरूरी है। खुद के साथ सेल्फ डेट प्लान करें। वैलेंटाइन-डे के लिए ऐसी मनचाही सुंदर ड्रेस खरीदें, जिसे आप कई दिनों से खरीदने की सोच रही हैं। इस ड्रेस को पहनकर अपने किसी खास दोस्त से मिलें और खुद को ही यह साबित कर दें कि वैलेंटाइन-डे खुद के साथ भी मनाया जा सकता है। ❀

### मम्मी-पापा के साथ मनाएं वैलेंटाइन-डे



**क्या हुआ** जो पिछले साल आपने रिलेशनशिप में रहते हुए, जिसे हद से ज्यादा प्यार किया था, उसके साथ एक मेमोरेबल वैलेंटाइन-डे मनाया था! क्या हुआ अगर उसकी याद भर बाकी है। उस टॉक्सिक व्यक्ति के साथ मनाए गए उस वैलेंटाइन-डे को भूल जाइए और उससे ब्रेकअप करने को अपने भविष्य के लिए बेहद जरूरी समझते हुए उसकी यादों से भी बाहर आ जाइए। इस बार का वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा के साथ मनाएं। पैरेंट्स के ऊपर अपने प्यार की बौछार करके तो देखें, उनके साथ छुट्टी लेकर पूरा दिन बिताएं। उनके साथ लंच-डिनर करें। माता-पिता से अच्छा वैलेंटाइन-डे पार्टनर भला और कौन हो सकता है!

# वैश्विक टैक्सटाइल उद्योग के विस्तार की मध्य प्रदेश में हैं अपार संभावनाएं

**जीआईएस टैक्सटाइल उद्योग को और गति देने का माध्यम बनेगा**

**मध्यप्रदेश गारमेंट हब के रूप में उभर रहा**

**बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला से उद्योग बढ़ेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र टैक्सटाइल और परिधान उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाओं वाला राज्य बन चुका है। राज्य की समृद्ध कृषि पृष्ठभूमि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियां प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं। सरकार के सुविचारित प्रयासों से मप्र तेजी से भारत के प्रमुख टैक्सटाइल और गारमेंट हब के रूप में उभर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस औद्योगिक यात्रा को और गति देने का माध्यम बनेगा, जहां दुनिया भर के निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र का टैक्सटाइल उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिसमें कच्चे माल के उत्पादन से लेकर परिधान निर्माण और वैश्विक निर्यात तक सभी चरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मप्र भारत के 43% और वैश्विक स्तर पर 24% ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में योगदान देता है। यह आंकड़ा न केवल प्रदेश की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि इसे पर्यावरणीय रूप से सतत और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र निर्माण के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है।



### कपास, रेशम और आधुनिक फाइबर मप्र की बुनियादी ताकत

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश कपास उत्पादन में अग्रणी है। साथ ही यहां का रेशम उद्योग भी लगातार विस्तारित हो रहा है। राज्य प्रतिवर्ष 200 टन से अधिक रेशम उत्पादन करता है, जिससे परंपरागत हथकरघा और आधुनिक सिल्क उत्पाद दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके अलावा मप्र आधुनिक कृत्रिम फाइबर उत्पादन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे टेक्निकल टैक्सटाइल और स्पेशलिटी फाइबर निर्माण को बल मिल रहा है। धार जिले में विकसित किया जा रहा पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क प्रदेश के कपड़ा उद्योग को नया आयाम देगा। 2,100 एकड़ में फैले इस पार्क में टैक्सटाइल और गारमेंट उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा। यह पार्क न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनाएगा।*

### मध्यप्रदेश पारंपरिक कला और आधुनिक टैक्सटाइल का अनूठा संगम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की पहचान केवल बड़े कपड़ा उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां की पारंपरिक कला भी टैक्सटाइल क्षेत्र की एक बड़ी ताकत है। चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट, बाटिक प्रिंट और जरी-जरदोजी जैसे उत्कृष्ट हथकरघा उत्पाद मप्र की विरासत को दर्शाते हैं। इन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महेश्वरी साड़ी, बाग पैटर्न और चंदेरी कॉटन को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, जिससे इन उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार में स्थिति और मजबूत हुई है।*

### 60 से अधिक बड़ी कपड़ा मिल्स, 4,000 से अधिक करघे, 25 लाख स्पिंडल्स कार्यरत

*प्रदेश में 60 से अधिक बड़ी कपड़ा मिल्स, 4,000 से अधिक करघे और 25 लाख स्पिंडल्स कार्यरत हैं। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और जबलपुर प्रमुख टैक्सटाइल हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। इंदौर का रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर 1,200 से अधिक इकाइयों के साथ प्रदेश में रेडीमेड वस्त्र निर्माण की प्रमुख इकाई बन चुका है। यहां स्थित अपैरल डिजाइनिंग सेंटर और स्पेशल इकोनॉमिक जोन उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान कर रहे हैं।*

---

## बजट के प्रावधानों से मप्र के हर क्षेत्र में खुलेंगे तरक्की के द्वार: मुख्यमंत्री

# केंद्रीय बजट से सशक्त होंगे गरीब युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति

*कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री खट्टर ने पेश की बजट की आर्थिक तस्वीर*

*केंद्रीय बजट का उपयोग कर मध्य प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




**देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए**

केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र में सरकार बनी थी। उस समय केंद्र सरकार का बजट करीब 16 लाख करोड़ का था। इस साल का बजट करीब 50 लाख करोड़ का है, जो 2013-14 की तुलना में तीन गुना से अधिक है। जिस तेजी के साथ हमारे बजट का आकार बढ़ा है, वह दिखाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बीते एक दशक में कितनी तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चार जातियों गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के कल्याण की बात प्रधानमंत्री करते हैं और बजट इसी ज्ञान पर केंद्रित है।

केंद्रीय मंत्री खट्टर रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में बजट 2025-26 पर चर्चा दौरान प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी पत्रकारों को संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता राहुल कोठारी समेत अन्य लोग मौजूद थे। खट्टर ने वर्ष 2014 के बाद 2025 तक की अर्थव्यवस्था की तस्वीर भी पत्रकारों के सामने रखी। केन्द्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

### स्टार्टअप की संख्या 350 से बढ़कर 1.60 लाख हुई

खट्टर ने कहा कि स्टार्टअप के लिए लोन की सीमा 10 करोड़ तक बढ़ाई गई है। ब्याज रहित लोन के लिए एक लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या महज 350 थी, अब यह बढ़कर 1.60 लाख हो गई है। नए बजट में भी खेलो इंडिया के लिए 1000 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इस योजना के तहत 23 हजार, 80 एथलीटों को सहायता दी गई है।

### नए केंद्रीय बजट में पीएम धन धान्य योजना शुरू की गई

खट्टर ने कहा कि नए बजट में पीएम धन धान्य योजना शुरू की गई है, जिसका लाभ देश के 100 जिलों के 1.70 करोड़ लोगों को मिलेगा। यूरिया की उपलब्धता के लिए असम में तीन प्लांट लगाए जा रहे हैं। दालों पर आत्मनिर्भरता के लिए योजना शुरू की जा रही है, वहीं बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जा रहा है। किसान क्रेडिट कॉर्ड पर लोन की लिमिट को पांच लाख रुपए तक बढ़ा दिया गया है। किसानों के लिए डिजिटल एग्री मिशन शुरू किया जा रहा है। पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए गोकुल मिशन शुरू किया जा रहा है।

### बजट के हर प्रावधान का उपयोग कर मप्र को बनाएंगे अग्रणीः सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट के हर प्रावधान का लाभ मप्र को मिलेगा। केंद्रीय बजट का उपयोग कर मप्र को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। केंद्रीय बजट में कपास उत्पादन का प्रावधान है, इससे मप्र का निमाड़ से लगा हुआ पूरा मालवा और आगे तक का क्षेत्र शामिल है। कपास उत्पादन से कपड़ा उद्योग जुड़ा है, उद्योग लगेंगे जो निवेश से जुड़ा है। फैक्ट्री, कारखाने जो भारी उद्योग के तहत आते हैं उनकी भी संभावनाएं हैं। कपड़े से बने हुए सारे रेडीमेड गारमेंट उद्योग भी कपास से जुड़े हैं। योजना में हमारी लाड़ली बहना योजना भी आ गई है। हमारी सरकार ने पॉलिसी बनाई है, एमएसएमई इंडस्ट्री स्थापित होगी तो उससे लोगों की आय बढ़ेगी, निर्यात से भी आय होगी।*

### डे-केयर सेंटर व गिग वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल से मिला लाभ

*आयुष्मान भारत योजना में मुफ्त उपचार के अलावा देश भर के 200 जिला अस्पतालों में डे-केयर सेंटर भी बनाया जा रहा है। गिग वर्कर्स को ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से हितलाभ दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में 3 करोड़ नए घर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए बजट में 78 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना में छोटे कारीगरों के लिए 5100 करोड़ का बजट रखा गया है।*

### 50 हजार स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब

*खट्टर ने कहा कि शोध के प्रति रुचि जागृत करने देश के 50 हजार स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब बनाया जा रहा है। भारत नेट के अंतर्गत 2.5 लाख पंचायतों में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल एजुकेशन में फिलहाल 10 हजार सीटें हैं। आगे चलकर 75 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य है। युवाओं में शोध को बढ़ावा देने के लिए पीएम रिसर्च फैलोशिप योजना शुरू की गई है। आईआईटी के इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जा रहा है। सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर एआई के लिए 500 करोड़ का बजट रखा गया है।*

### मुख्यमंत्री से केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री खट्टर ने की सौजन्य भेंट



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केन्द्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री खट्टर का बुके देकर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया और निवास कार्यालय कक्ष से बड़ी झील के सौंदर्य का अवलोकन कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झील ही भोपाल की सबसे बड़ी पहचान है। झीलों के शहर में आपका स्वागत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री खट्टर के भोपाल प्रवास को स्मरणीय बताया और प्रतीक स्वरूप उन्हें राजा भोज की प्रतिमा देकर सम्मानित भी किया।*

---

# बातों में उलझाकर महिला से ठगे तीन लाख के जेवरात

**सीसीटीवी में कैद आरोपियों का फुटेज, पुलिस कर रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले में सोमवार की सुबह दिनदहाड़े सिटी कोतवाली के ठीक सामने बाइक सवार चार युवकों ने गुरुद्वारे से घर लौट रही महिला को बातों में उलझाकर लाखों रुपये के जेवरात ठग लिए। इसके बाद लुटेरे फरार हो गए। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक, मेडिकल संचालक सरबजीत सलूजा की मां विमलारानी (65) सोमवार सुबह गुरुद्वारे से वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान महिला जब सिटी कोतवाली थाना के सामने पहुंची, तभी बाइक सवार चार युवक महिला के पास पहुंचे और उसे अपनी बातों में उलझाते हुए उसके पहने हुए सोने के आभूषणों की ठगी कर बड़ी आसानी से फरार भी हो गए। परिजनों के अनुसार सोने के आभूषण की कीमत करीब तीन लाख रूपये के आसपास है। सिटी कोतवाली थाना के ठीक सामने दिनदहाड़े ठगी की इस घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस बुजुर्ग महिला से पूछताछ करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। इसी बीच सिटी कोतवाली के सामने स्थित सागर सिलाई में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपियों के फुटेज कैद हुए हैं। पुलिस अब इसी के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में जुट गई है।

---

## हिंदी भवन में हुई श्रद्धांजलि सभा में डॉ. यादव ने दी श्रद्धांजलि

# कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे स्व. रामदयाल प्रजापति, सबको साथ लेकर चलते थेः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को हिन्दी भवन में स्व. रामदयाल प्रजापति को श्रद्धांजलि अर्पित की। हिन्दी भवन में रामदयाल प्रजापति को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित की गई सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रामदयाल प्रजापति ने एक श्रेष्ठ जन-प्रतिनिधि की पहचान बनाई। उनका जीवन श्रेष्ठ कर्मों और कुशल व्यवहार से जाना गया है।

उनके निधन के बाद उनके प्रति विभिन्न जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा व्यक्त विचारों से भी यह सिद्ध होता है कि वे एक कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखा। उनके व्यक्तित्व का यह अनूठा गुण था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रजापति सदैव कार्यकर्ता भाव से सौंपे गए दायित्व पूरे करते रहे। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, विधायक सबनानी ने भी सभा को संबोधित किया।

---

## बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए थे बालोद के वीर सपूत

# गृह ग्राम पहुंचा शहीद का पार्थिव शरीर, मौजूद हर आंख हुई नम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




बीजापुर में हुई नक्सली मुठभेड़ में नक्सलियों की मांद में घुसकर लोहा लेते बलिदान हुए बालोद के वीर सपूत वासित कुमार का पार्थिव शरीर सोमवार को गृह ग्राम पहुंचा। पार्थिव शरीर जब बालोद पहुंचा तो गृह ग्राम से लेकर मुख्यालय तक लोगों की आंखें पसीज गईं। वीर सपूत की इस अंतिम यात्रा में शहादत को सलाम करते हुए गांव के युवा साथियों ने रैली निकाली। पार्थिव शरीर जब शहीद के घर पहुंचा तो परिवार बेसुध हो गया। पत्नी की सिसकती चीखों से पूरा गांव सन्न हो गया। जिले के विधायक और सभी वरिष्ठ नेता भी बलिदान जवान को नमन करने पहुंचे।

### नक्सलियों की झुंझलाहट का परिणाम

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णकांत पवार, राकेश यादव ने भी इस दुख के समय में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कहते हुए कहा कि सरकार अब नक्सली खात्मे की ओर अग्रसर हैं और जो झुंझलाहट है उसका यह परिणाम है।

### पूरा इलाका बहा रहा था आंसू

पूरा गांव वासित कुमार अमर रहे के नारों से गूंज उठा। यहां पर पुलिस और प्रशासन के सभी आला अधिकारी पहुंचे। एसटीएफ के अधिकारी कर्मचारी भी पहुंचे। बलिदान वासित कुमार की दो बेटियां हैं, जिन्हें ये भी नहीं पता कि उनके पिता के साथ हुआ क्या है। महिला पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी महिलाओं को संभालते रहे, लेकिन महिलाओं के आंसू थामने का नाम नहीं ले रहे थे। परिवार की वेदना देख पूरा गांव और भीड़ भी रो पड़ी।

### जनप्रतिनिधियों ने किया नमन

*श्रद्धांजलि अर्पित करने आए पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि हमारे जिले का लाल बलिदान हुआ है। हम गौरवान्वित हैं और हम सब की संवेदनाएं उनके परिवार वालों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से मैं यह गुजारिश करती हूं कि जो भी सुविधा सरकार से मिलती है, उन्हें दिया जाए। उन्होंने कहा कि उन माता-पिता को मेरा नमन है, जिन्होंने इस सपूत को जन्म दिया। इसी के साथ ही विधायक कुंवर सिंह निषाद और संगीता सिन्हा ने कहा कि बालोद जिले का लाल बलिदान हुआ है। बड़ी दुखद खबर है, लेकिन उन्होंने नक्सलियों से लोहा लिया और नक्सलियों को भी मौत के घाट उतारा और देश की रक्षा करते-करते बस्तर और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।*

---

# पुरानी पेंशन मुद्दे का असर चुनाव परिणामों पर भी लगा पड़नेः पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संगठन (एनएमओपीएस) का संभागीय सम्मेलन रविवार को गांधी भवन के सभागार में हुआ।

सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरसरि पटेल ने की। सम्मेलन में एनएमओपीएस के प्रांतीय संरक्षक सुधीर नायक, मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पटेल, लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा उपस्थित हुए। पटेल ने कहा कि पुरानी पेंशन राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है और इस मुद्दे का असर चुनाव परिणामों पर पड़ने लगा है। इसी संघर्ष से कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है यूपीएस भी कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं है इसलिए पुरानी पेंशन का लक्ष्य पूरा होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

---

## तेज रफ्तार ट्रक ने दो अन्य को भी मारी टक्कर, दोनों गंभीर

# ट्रक ने मारी युवक को टक्कर, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-49 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं, दो अन्य घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह संजीव कुमार उरांव (32) किसी काम के सिलसिले में रायगढ़ आया हुआ था। सोमवार सुबह जब वह वापस अपने गांव लौट रहा था। वह एनएच 49 में बानीपाथर गांव के पास पहुंचा ही था, तभी पीछे की तरफ से आ रहे ट्रक चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में ट्रक के चक्के में दबकर बाइक सवार युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक को कुचलने के बाद अनियंत्रित ट्रक ने सामने की तरफ से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। गंभीर चोट लगने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

---

## शारदा विहार आवासीय विद्यालय में प्रांतीय पूर्व आचार्य गटनायक सम्मेलन आयोजित

# विद्या भारती की प्रेरणा से राष्ट्र जीवन के लिए कार्य कर रहे पूर्व आचार्यः टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय पूर्व आचार्य गटनायक सम्मेलन का आयोजन राजधानी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, शारदा विहार आवासीय विद्यालय में हुआ। सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे शिशु मंदिर के पूर्व आचार्यों ने सहभागिता की और अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा (अभा सह संगठन मंत्री, विद्या भारती), डॉ. आदित्य मिश्र (उपाध्यक्ष, विद्या भारती मध्य क्षेत्र), विशिष्ट अतिथि मोहनलाल गुप्ता (अध्यक्ष, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मप्र), क्षेत्रीय संगठन मंत्री भलचंद्र रावले, प्रांतीय संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नीलाभ तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता गौतम टेटवाल (राज्यमंत्री, कौशल विकास एवं रोजगार, मप्र शासन) ने की। टेटवाल स्वयं भी सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व आचार्य रहे हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यालय के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा दिए संस्कारों के कारण ही आज हम राष्ट्र जीवन में समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नीलभ तिवारी ने बताया कि मध्यभारत प्रांत में 4500 से अधिक पूर्व आचार्य समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रो में अपना योगदान दे रहे हैं। वे सभी निरंतर राष्ट्र उन्नति में अपना योगदान अपनी जड़ों से जुड़े रहकर करें, इसलिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी सत्र में विद्या भारती मध्यभारत प्रान्त की गौरव गाथा विकास पथ पुस्तक का लोकार्पण किया गया। आयोजन में विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के पदाधिकारी, शिक्षाविद्, एवं समाज जीवन में कार्य करने वाले विद्याभारती के 500 से अधिक पूर्व आचार्य उपस्थित रहे।


### संस्कारयुक्त पीढ़ी से ही राष्ट्र निर्माण संभवः शर्मा

*मुख्य अतिथि यतीन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त पीढ़ी से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। विद्या भारती जिस लक्ष्य को लेकर विद्यालय संचालित करता है आज उसी के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बनी है और अधिकतम सरस्वती शिशु मंदिर में लागू भी हो चुकी है। इस विचार के साथ राष्ट्र निर्माण में हम पूर्व आचार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विचार-विमर्श किया गया तथा भारतीय शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पूर्व आचार्यों की भूमिका पर चर्चा हुई।*

## चिंतन

# ममता कुलकर्णी ने खुद पद त्यागकर अच्छा ही किया

लंबे विवाद के बाद आखिरकार ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। उनके महामंडलेश्वर बनने के बाद से ही देशभर में अलग-अलग तरह से विरोध के स्वर सुनाई दे रहे थे। प्रयागराज महाकुंभ में 24 जनवरी को उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उनका पिंडदान और पट्टाभिषेक कराया था। ममता को नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। करीब 7 दिन तक वह महाकुंभ में ही रहीं। एक वर्ग का कहना था कि ममता को महामंडलेश्वर बनाकर ठीक नहीं किया गया। ममता कुलकर्णी, जो अंडरवर्ल्ड संगठनों और ड्रग सिंडिकेट्स में उलझी एक बॉलीवुड अभिनेत्री थी, उन्हें महामंडलेश्वर के रूप में अभिषेक करने को त्याग की पवित्र परंपराओं का अपमान बताया जा रहा था। ममता कुलकर्णी जिसकी ख्याति आध्यात्मिक योगदान नहीं बल्कि किन्हीं और कारणों से थी, ने महाकुंभ में अचानक अपने संन्यास की घोषणा कर दी, अपना पिंडदान किया और खुद को संन्यासी घोषित किया। उसके बाद से बहस शुरु हो गई कि क्या कोई रातोंरात साधु बन सकता है? संन्यासी जीवन कोई दिखावा नहीं, केवल भगवा धारण कर लेने से कोई संन्यासी नहीं हो जाता। इसके लिए गहन अध्ययन, कठोर अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता होती है। यह एक ऐसी महिला है, जो दशकों से भौतिकता, विवाद और अवैध संबंधों के कारण चर्चाओं में रही। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के साथ उनके कथित रोमांटिक संबंध और उसके बाद में एक सजायाफ्ता ड्रग किंग विक्की गोस्वामी- के साथ उनके संबंध, एक संन्यासी से अपेक्षित नैतिक अखंडता की तस्वीर पेश नहीं करते। 2016 में 2000 करोड़ रुपये का ड्रग स्कैंडल, जिसमें कुलकर्णी को भगोड़ा बताया गया, उनकी विश्वसनीयता पर अमिट दाग लगाता है। 1998 में, छोटा राजन के साथ उनके कथित संबंधों ने मीडिया की गहन जांच को जन्म दिया, जिसकी परिणति फिल्म निर्माताओं को धमकियों और राजकुमार संतोषी की चाइना गेट में दोबारा से उनको अभिनेत्री के रुप में कास्ट करना अपने आप में हैरान करने वाला था। संदिग्ध संगति और अवैध लेन-देन से भरा ऐसा अतीत, आध्यात्मिक जागृति के उनके हालिया दावों पर गंभीर संदेह पैदा करता है। आत्म-साक्षात्कार और मुक्ति मौलिक अधिकार हैं, लेकिन व्यक्तिगत शरण के लिए। हो सकता है कि ममता उन सब कारकों से दूर हो गई हो, जिनसे वो जुड़ी रही थी। उन्होंने बहुत कुछ त्याग भी किया हो, लेकिन हमारे संत समाज के आदर्श होते हैं। ममता में भौतिक आसक्तियों के त्याग, शास्त्रों के ज्ञान का कठोर पालन और निस्वार्थ सेवा के प्रति अटूट समर्पण दिखाई नहीं दे रहा था। कुलकर्णी में हिंदू शास्त्रों के मूलभूत ज्ञान, अनुशासन और सच्चे भिक्षु के जीवित होने का अभाव दिख रहा था। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप भी लग रहे थे। हालांकि ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरी ने अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे। अब जब ममता ने खुद पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस विवाद पर पूर्णविराम लग जाएगा और अखाड़े भी किसी ऐसे इंसान को पदासीन करने से गुरेज करेंगे जो विवादों में रहे हों।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी

# मोदी की गारंटी पर दिल्ली की मुहर

> भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी जी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भाजपा ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- 'मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।' दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ₹साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी।₹ इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था-- "आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।"

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गांरटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के



नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा ज़ाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे। कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिल्ली परिणाम
डा. रमेश ठाकुर




# 'आप' का अपराजय होने का भ्रम टूटा

लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में जनता जर्नादन ही सर्वोपरि होती है। पर, ये बात एकाध बंपर जीत करने के बाद सियासी दल भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी का जब से जन्म हुआ, उसके बाद दिल्ली में तकरीबन चुनावों में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर अपने भीतर ये भ्रम पाल लिया कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता? लेकिन नियति की मार देखिएगा, केजरीवाल आखिरकार हार ही गए? दरअसल, भारतीय लोकतंत्र की यही सबसे खूबसूरत तस्वीर है जिसे स्वयं जनता कैनवास पर अपने मताधिकार से उकेरती है। जो आवाम नेताओं को सिर आंखों पर बिठाती है, वही जब अपने पर आती है तो अच्छे-अच्छों को आसमान से जमीन पर पटकने में भी देर नहीं करती? दिल्ली की ये हार आम आदमी पार्टी को लंबे समय तक सताएगी। जब गढ़ ही गड़गड़ा गया, तो भविष्य की डगर निश्चित रूप से गडबड़ाएगी। केजरीवाल को पार्टी की हार उतनी नहीं सताएगी, जितनी उनके शीर्ष नेतृत्व के हारने से उनका मनोबल टूटेगा। केजरीवाल के कद्दावर नेताओं के नेताओं के हारने से पार्टी के जनाधार में भी यहीं से डेंट लगना आरंभ हो जाएगा। क्योंकि सेना के साथ-साथ उनका सेनापति भी हार गए। भाजपा की जीत ने 'आप' का दिल्ली में लंबे समय तक राज करने का भ्रम भी तोड़ा है।

फिलहाल, राजधानी में कौन अलगे पांच वर्ष तक सत्ता पर काविज रहेगा, ये आठ तारीख को आए परिणाम से तय हो गया। भाजपा ने 'आप'दा को मात देकर अपना 27 साल का सूखा मिटा लिया। भाजपा की जीत ने कई भ्रट तोड़े हैं। केजरीवाल की टीम ये ठाने बैठी थी कि उन्हें कोई हरा ही नहीं सकता। दलों को इस सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए कि जीवंत लोकतंत्र में कोई दल स्थाई नहीं होता, सभी अस्थाई होते हैं? सियासी पार्टियों का बजूद जनता जनाधार की ताकत से ही मजबूत होता है। जनाधार जैसे ही खिसकता है, नींव भी कमजोर हो जाती है। एक जमाना था, जब जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों का पश्चिम बंगाल से लेकर भारत के दूसरे छोर तक बोला बाला होता था। आज ये दल किन परिस्थितियों में हैं, सभी जानते हैं, बताने की जरूरत नहीं? मुठ्ठी भर कार्यकर्ता भी उनके पास नहीं बचे? इन पार्टियों के कार्यालयों में ताले पड़े हैं। 'आम' से 'खास' बनने के बाद 'आप' पार्टी के नेताओं के पैर जमीन पर नहीं पड़ते थे। 'अहम' और 'घंमड़' उनमें आ गया था। खैर, उनके पास मौका अभी भी है, राजधानी वालों ने उनको विधानसभा में मुख्य और प्रचंड़ विपक्ष की भूमिका दी है जिसमें जनता उनकी परीक्षा लेगी। 'आप' वाले सरकार कैसे चलाते हैं, ये तो जनता ने अच्छे से देख लिया? विपक्ष में रहकर कैसा व्यवहार करेंगे हैं, ये उनको देखना है और परखना है। बहरहाल, दिल्ली में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के एक-दो नहीं, बल्कि बहुतेरे कारण हैं। हार के सियासी मायने भी दिलचस्प हैं। भारतीय राजनीति में इस परिणाम के असर दूर-दूर तक दिखेंगे। भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता भी मजबूत होगी। वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया गठबंधन' में बिखराव का होना भी स्वाभाविक रहेगा। क्योंकि इस जीत से भाजपा ने विपक्ष पर जबरदस्त मनौवैज्ञानिक बढ़ा ली है। भाजपा ने जिस अंदाज में पटकनी सत्ता दल को दी है, उन्हें उम्मीद नहीं थी। हारने के बाद केजरीवाल अब पुराने दिनों को जरूर याद करेंगे। गलतियां कहां-कहां हुईं, क्या खोया और क्या पाया? सभी मुद्दों पर गंभीरता से मंथन करेंगे। कैसे, उन्होंने अन्ना हजारे की आड़ लेकर अपनी राजनैतिक आभा चमकाई, और जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने 'आप' का गठन करके कांग्रेस की दिल्ली में समूची सियायी जमीन ही हड़पी। आज कांग्रेस अपनी दुर्दशा पर उतनी दुखी नहीं है जितनी केजरीवाल के हारने से खुश है। केजरीवाल ने भी कुछ इसी अंदाज में कभी शीला दीक्षित सहित उनकी टॉप लीडरशिप को एक झटके में हराया था। वही तस्वीर आज फिर उभरी। शीला दीक्षित की आत्मा भी आज खुश होंगी। केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लोगों ने उसी दिन से भांप लिया था। जब उन्होंने 2013 में धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीते थे और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। हांलाकि, कांग्रेस की उस एक मात्र भूल ने ही आगे चलकर 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका पूरा का पूरा सफाया हुआ। दूसरे चुनाव में 'आप' को मुस्लिम मतदाताओं ने भी खूब प्यार दिया। उनके समर्थन ने दिल्ली में रिकॉर्ड जीत दिलाई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डंकी रूट : स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग

हाल ही में अमेरिका से 104 अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगाकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। उनके साथ होने वाला यह दुर्व्यवहार नितांत निंदनीय है। यह अपमान वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इससे भी ज्यादा भूलना मुश्किल होगा, उन्हें आई वो परेशानियां, जो उन्होंने झेली। वह आर्थिक नुकसान जिसकी भरपाई अब कभी नहीं हो सकेगी। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या जिनकी वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात वे वहीं पर रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। उनके लिए यह यात्रा केवल एक असफल प्रयास नहीं थी, बल्कि उनके हवाई सपनों के अंत की भी साक्षी थी। *- सुरेंद्र दुबे, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# नेतन्याहू पर संघर्ष विराम आगे बढ़ाने का दबाव



हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की हालत दयनीय होने संबंधी नए विवरण सामने आने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा के साथ किए गए संघर्ष विराम समझौते को आगे बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने उस रुख पर कायम हैं कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करेगा। संघर्ष विराम की दूसरे चरण की वार्ता तीन फरवरी से शुरू होनी थी लेकिन इजराइल तथा हमास के बीच कोई खास प्रगति नहीं हुई है, जबकि इजराइली सेनाएं समझौते के तहत रविवार को गाजा गलियारे से हट गई हैं। नेतन्याहू ने वार्ता में मध्यस्थता कर रहे एक प्रतिनिधिमंडल को कतर भेजा था लेकिन इस प्रतिनिधिमंडल में उच्च स्तर के अधिकारी शामिल नहीं थे जिससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस चरण में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू हाल में ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे। माना जा रहा है कि वह इस मसले पर मंगलवार को अपने मंत्रियों के साथ एक अहम बैठक कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप ने रविवार को गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई।

## ऑफ बीट

# आस्ट्रेलिया में खिला सड़े शव की दुर्गंध वाला फूल

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला दुर्लभ फूल खिला है। तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है।



ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था। इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था। कॉर्प्स फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है। कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है।

## ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



प्रयागराज महाकुंभ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतः सलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है।
-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### फ्रांस और अमेरिका रहूंगा



अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में, मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। इसके अलावा हम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### न्यायाधीशों को निकालें



मैं यह प्रस्ताव करना चाहता हूं कि नई सरकार द्वारा निर्धारित सबसे खराब एक फीसदी नियुक्त न्यायाधीशों को हर साल निकाल दिया जाए। इससे सबसे भ्रष्ट और सबसे कम सक्षम लोग बाहर हो जाएंगे।
-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



मेरी फिल्म द सिग्नेचर के लिए ओटीटी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने की खुशी है। धन्यवाद, इस सम्मान को मैं केसी बोकाडिया, गजेंद्र अहिरे और मेरे साथी अभिनेताओं और तकनीशियनों के साथ साझा करता हूं। धन्यवाद, जय हो।
-अनुपम खेर, अभिनेता

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# बाजवा बोले- गिरेगी मान सरकार, कांग्रेस के संपर्क में मान के 30 'खेवनहार'

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की हार, केजरीवाल पर चहुंओर वार

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की हार और भाजपा की जीत के बाद पंजाब की राजनीतिक गरम है। पंजाब कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि राज्य में बड़ी उथल-पुथल होगी। राज्य में कांग्रेस के नेता और विधानसभा में एलओपी प्रताप सिंह बाजवा ने अब दावा किया है कि आप के 30 विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। पंजाब में भगवंत मान सरकार को खतरे के अटकलों के बीच अरविंद केजरीवाल मंगलवार को विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

**अब पंजाब में सियासी गरमी**

*सभी पार्टियों के अपने-अपने दावे अटकलों का बड़ा जोर*

### मान बनेंगे पंजाब के दूसरे शिंदे



दिल्ली में आप की हार पर कांग्रेस के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कड़ा हमला बोला था। बाजवा ने कहा था कि सीएम भगवंत मान अब दूसरे एकनाथ शिंदे बनेंगे। भगवंत मान के आप में अलग गुट बनाने के भी दावे विपक्ष द्वारा किए गए हैं। बाजवा ने कहा था कि केजरीवाल और पंजाब के मान ने पंजाबियों को बेवकूफ बनाने और 2022 में उनके वोट हासिल करने के लिए पंजाब में बड़े-बड़े वादे किए।

### केजरीवाल ने सभी विधायकों की बैठक बुलाई

दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद पंजाब आप में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंगलवार को प्रदेश के सभी विधायकों को दिल्ली में बैठक के लिए बुलाया है। इसी के चलते पंजाब सरकार की आज होने वाली कैबिनेट की मीटिंग स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक 13 फरवरी को चंडीगढ़ में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

*सिरसा का बड़ा आरोप*

### मान को अयोग्य बता हटाया जाएगा



भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक्स पर ट्वीट किया कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुलाई है। बताया जा रहा कि केजरीवाल भगवंत मान को अयोग्य बताकर सीएम पद से हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वे महिलाओं को 1000 रुपए देने का वादा पूरा करने में विफल रहे, नशाखोरी रोकने में विफल रहे और पंजाब की स्थिति को और खराब कर दिया। अब वे सारी विफलता मान पर मढ़ना चाहते हैं। वे आप पंजाब के विधायकों से कहलवा रहे हैं कि केजरीवाल एक 'अच्छे आदमी' हैं और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए।

**पंजाब में विधानसभा की स्थिति**

आप ने पंजाब में 2022 के चुनावों प्रचंड जीत हासिल की थी। पंजाब की 117 सदस्यों वाली विधानसभा में आप को 92 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी है उसके पास कुल 16 विधायक हैं। शिरोमणि अकाली दल के पास 3, भाजपा के दो और बीएसपी के पास 1 विधायक है। एक सीट पर निर्दलीय का कब्जा है। एक सीट रिक्त है।

*एक वॉट्सएप कॉल पर पंजाब में बवाल*

### केंद्रीय मंत्री का करीबी गिरफ्तार



पंजाब में एक मिस्ड वॉट्सएप कॉल के चलते राजनीतिक बवाल मच गया है। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के करीबी सहयोगी राजेश अत्री को पंजाब पुलिस ने एससी-एसटी ऐक्ट के केस में अरेस्ट कर लिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक वॉट्सऐप कॉल पर बदसलूकी की। उनके खिलाफ पटियाला के लाहौरी गेट के रहने वाले एक शख्स ने सिविल लाइंस पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने गलती से वॉट्सएप कॉल कर दी थी। राजेश अत्री ने उनसे बदतमीजी की और अपशब्द कहे। डीएसपी सतनाम सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

## खबर संक्षेप



### कार सवार मां और बेटी को मारी गोली, फरार

**मुजफ्फरनगर।** यहां के बिटावदा से परिवार के साथ गांव निस्तौली जिला गाजियाबाद जा रहे गौरव की कार से दाहा-बरनावा तिराहे पर बाइक में साइड लग गई। इसको लेकर हुए विवाद में बाइक सवार दो युवकों ने तमंचा निकालकर गौरव की पत्नी नीतू और बेटी अधीरा को गोली मार दी और फरार हो गए। घायल मां-बेटी को बड़ौत के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निस्तौली गांव के रहने वाले गौरव ने बताया कि बिटावदा गांव में उसकी ससुराल है।



### 1.88 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान 1.88 लाख करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अप्रैल से दिसंबर के बीच आईटीसी धोखाधड़ी के 72,393 मामलों सहित जीएसटी चोरी का आंकड़ा 1.88 लाख करोड़ रहा। इस दौरान 132 गिरफ्तारियां की गईं और 20,128 करोड़ की वसूली की गई। सोमवार को लोकसभा में इसकी जानकारी दी गई।



### गोंदिया में खेत में महिला का मिला जलता शव

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक गांव में महिला का जला हुआ शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। शव बाबई गांव के एक खेत में सुबह के समय बरामद किया गया। बाबई गांव में खेत में महिला का शव जलता हुआ पाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत आग बुझाकर शव का पंचनामा किया। इससे यह संदेह गहरा गया कि हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जलाया गया हो सकता है।

### लोकसभा में बजट चर्चा में ठाकुर ने कांग्रेस और राहुल पर साधा निशाना

# हमने टैक्स में जीरो दिया, कांग्रेस दिल्ली में जीरो का रिकार्ड बना रही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को बजट चर्चा के दौरान लोकसभा में कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संसद में राहुल गांधी का नाम लेते हुए एक पैंपलेट दिखाते हुए कहा कि राहुल जी जीरो चेक कर लीजिए। अनुराग ठाकुर ने जो पैंफलेट सदन में दिखाया उसमें 1200000 तक इनकम टैक्स पर जीरो टैक्स लिखा हुआ था। अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक जीरो और भी है। ये कांग्रेस की सीटों की बात नहीं है। ये जीरो गिनने की बात मैंने राहुल गांधी से कही है।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि मैं आपके सामने पूछना चाहता हूं सन 2014 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने कांग्रेस को कितनी सीटें दी, सदन में बैठे सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा कि जीरो, 2019 के लोकसभा में कितनी सीटें दी, सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा जीरो, 2020 के विधानसभा में कितनी सीटें दी जीरो, 2024 के लोकसभा में कितनी सीटें दीं सत्ता पक्ष के सांसदों ने कहा जीरो, 2025 के विधानसभा में कितनी सीटें दी जीरो, अगर ये जीरो का रिकॉर्ड बनाने का काम किसी ने किया है तो वो राहुल गांधी के नेतृत्व में राहुल गांधी ने किया है।

ज्ञात हो कि बजट सत्र के दौरान ही कुछ दिन पहले प्रधानंत्री मोदी ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा था। ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल में देश के बजाय एक परिवार को तवज्जो देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय देश 'स्कैम भारत' था, जो आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 'सक्षम भारत' बन गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश में 'कर आतंकवाद' था, लेकिन आज मोदी सरकार ने पहली बार 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करके मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष को न मध्यम वर्ग से मतलब है, न गरीब से और इसलिए इन घोषणाओं पर वह खुश नहीं है।

उन्होंने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट को 'बैंडेज बजट' की संज्ञा दी थी। ठाकुर ने कहा कि यह तो 'बूस्टर शॉट बजट' है। द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने सोमवार को केंद्रीय बजट को भेदभावपूर्ण तथा देश के आम लोगों के साथ अन्याय करार दिया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक कथित पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा कि क्या वह अब इस्तीफा देंगी। मारन ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि बजट में मध्य वर्ग के एक छोटे हिस्से को आयकर की राहत दी गई, लेकिन देश की बड़ी आबादी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।




**सदन में भाजपा सांसदों ने लगाए 'मोदी-मोदी' के नारे**

सोमवार को संसद की नियमित कार्यवाही अपेक्षाकृत शांत रही, जबकि पिछले कुछ दिनों में कुछ स्थगन देखने को मिले थे। दोनों सदनों ने बजट पर चर्चा जारी रखी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत की पृष्ठभूमि में पार्टी सदस्यों ने सोमवार को लोकसभा में 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। बीते आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद संसद के वर्तमान बजट सत्र का आज पहला कामकाजी दिन था। वहीं, आकाशवाणी पर क्रिकेट कमेंट्री की 'दयनीय स्थिति' पर तृणमूल सदस्य ने चिंता जताई।

### चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर बड़े बांध पर सैकिया ने जताई चिंता


भारतीय जनता पार्टी के सांसद दिलीप सैकिया ने चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी पर सबसे बड़े बांध का निर्माण किए जाने और इससे भारत, खासतौर पर उत्तर पूर्व राज्यों में आपदाओं का खतरा होने का दावा करते हुए सोमवार को सरकार से अनुरोध किया कि पड़ोसी देश से बात कर इसे रुकवाया जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि यदि कोई उधारकर्ता स्वर्ण ऋण का भुगतान करने में विफल रहता है तो बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा सोने की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने को लेकर कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि एनबीएफसी और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) समान नियमों द्वारा निर्देशित होते हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने ऋण गारंटी कोष योजना के तहत वर्ष 2024 तक 6.78 लाख छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए 3,019 करोड़ रुपये मंजूर किए। योजना के तहत, केंद्र सरकार छात्रों को बिना किसी गिरवी आदि (कोलेटरल सिक्योरिटी) के शिक्षा ऋण की गारंटी देती है।

### पीएम मोदी ने ली हुड्डा की कुशलता

## हरकत में कांग्रेस आलाकमान विधायक दल का नेता और पीसीसी की नियुक्ति जल्द

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद से लेकर अब तक कांग्रेस विधायक दल के नए नेता का चुनाव नहीं होने की वजह से कसमसा रहे हुड्डा समर्थकों को पीएम मोदी का 'मल्हम' मिला तो कयासों को जैसे पंख लग गये हों। चंडीगढ से लेकर एआईसीसी हेडक्वार्टर तक भूपिंदर सिंह हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशलक्षेम लेना, मिलने का आमंत्रण देना, फिर गृहमंत्री अमित शाह का उतनी ही गरमजोशी के साथ हाथ मिलाना 'कसमसाई सियासत' को नए रंग दे गया।

हरियाणा में नये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति होनी है। विधायक दल का नेता चुना है। वही विपक्षी दल का नेता होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा की खिलाफत कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला कर रहे हैं। हुड्डा खेमा लंबे समय से विधायक दल के नेता के तौर पर भूपिंदर सिंह हुड्डा के लिए लामबंद है। हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी सूबे में माइनस हुड्डा नेतृत्व को निकालना चाहता है, लेकिन ये इतना आसान होता तो अब तक विधायक दल का नेता भी चुन लिया जाता और प्रदेश के नये कांग्रेस अध्यक्ष की भी नियुक्ति हो जाती।

सूबे की जाट राजनीति में हुड्डा खेमे की धाक प्रमुख वजह है कि कांग्रेस आलाकमान चुनाव के बाद बर्फ पर लगा दिये गये भूपिंदर सिंह हुड्डा को नकार नहीं पा रहा है। ये बात अलग है कि हरियाणा को लेकर एआईसीसी में सोमवार को सुगबुगाहट दिखी। हरियाणा की सियासत से ताल्लुक रखने वाले संसद से निकलते कांग्रेसी सांसदों को भी इस बात का भान है कि नये नेता के चुनाव में अब देर हो रही है। हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र आहूत होना है। विपक्ष के नेता का चयन उस वजह से भी अवश्यंभावी हो चला है।

यही वजह है कि पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड के पोते जयवीर के वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से हुड्डा द्वय का मिलना, हालचाल लेना और मिलने का आमंत्रण प्रधानमंत्री से मिलना सियासी सुरसुरी छोड गया। हुड्डा समर्थकों ने विपक्ष के नेता पद के लिए हुड्डा के अलावा गीता भुक्कल और अशोक अरोडा का नाम भी आगे किया है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान की जगह अंबाला के सांसद वरुण मुलाना के पक्ष में लॉबिंग की जा रही है। नए कयासों के बाद उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही हरियाणा कांग्रेस में संपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकेगा।

### महाकुंभ के कारण केंद्र में करना पड़ा बदलाव

## अब प्रयागराज की जगह लखनऊ में होगी 15, 16 फरवरी की गेट परीक्षा

*आईआईटी रुड़की ने जारी की अधिसूचना*

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की ने 15 और 16 फरवरी को गेट परीक्षा के केंद्र में बदलाव किया है। यह बदलाव प्रयागराज परीक्षा केंद्र के लिए किया गया है। रुड़की ने गेट परीक्षा के केंद्रों को लखनऊ में बदलने के लिए अधिसूचना जारी की है। महाकुंभ के कारण इन तिथियों पर गेट परीक्षाएं अब लखनऊ में आयोजित की जाएंगी। जो भी उम्मीदवार उपरोक्त तिथि और परीक्षा केंद्र पर परीक्षाओं में शामिल होने वाले हैं, उनके लिए संशोधित प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी लखनऊ केंद्र के लिए एडमिट कार्ड की जांच और डाउनलोड कर सकते हैं।

**उधर, कुलकर्णी ने छोड़ा महामंडलेश्वर का पद**



पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी को बीते दिनों किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाया गया। उन्होंने महाकुंभ मेंपिंडदान किया था। इसके बाद से ही उनकी नियुक्ति पर सवाल उठ रहे थे। सोमवार को उन्होंने महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा दे दिया है।

### अभ्यर्थियों को पहले ही दी थी सूचना

उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि डाउनलोड किए गए एडमिट कार्ड पर सही अपडेट किए गए परीक्षा केंद्र का विवरण दिखाई दे रहा है। रुड़की ने 1 और 2 फरवरी को प्रयागराज में होने वाली परीक्षा केंद्रों में भी बदलाव की घोषणा की।

### पटियाला में कूड़े के ढेर से मिले 7 रॉकेट शेल



**पटियाला।** पंजाब के पटियाला जिले में कूड़े के ढेर से सात रॉकेट शेल बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक इन शेल्स में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ नहीं पाया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी है और सेना के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। पटियाला रेंज के डीआईजी मंदीप सिंह सिद्धू ने जानकारी दी कि ये रॉकेट शेल पटियाला रोड पर एक कूड़े के ढेर से बरामद किए गए। इससे हड़कंप मचा है।

## सोनिया गांधी ने जनगणना न कराए जाने पर मोदी सरकार को राज्यसभा में घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राजस्थान से राज्यसभा पहुंची कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने जब उच्च सदन में बोला तो ट्रेजरी बेंच ने गंभीरता से सुना। संबंधित मंत्री ने उनकी बातों को नोट किया। किसी तरह की कोई राजनीतिक टीका टिप्पणी किसी पक्ष से नहीं की गई। सोनिया ने शून्यकाल के दौरान जाति जनगणना को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा। सोनिया ने जल्द से जल्द जाति जनगणना कराने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि जब तक देश की जनगणना के मार्फत जनता की गिनती और उनके पिछड़े होने का अनुपातिक आंकड़े आज के संदर्भ में नहीं होंगे कोई भी योजना का लाभ उचित वर्ग तक नहीं पहुंच सकेगा। अब तक 2011 की जनगणना के हिसाब से योजनाएं बनाई और लागू की जा रही हैं जो उचित नहीं। योजनाओं के उचित क्रियान्वयन और उचित लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सोनिया ने जाति जनगणना की मांग उठाते हुए कहा है कि ये जल्द होना चाहिए जिससे सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गारंटीकृत लाभ मिल सके। खाद्य सुरक्षा विशेषाधिकारी नहीं बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सोनिया ने बताया कि यूपीए सरकार के दौरान इस कानून को लाया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को खाद्यान्न और पोषण मिल सके ये सुनिश्चित करना था। इस कानून की मदद से लाखों लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने में मदद की है और कोरोना काल के दौरान इस कानून से लोगों को काफी मदद मिली है।



### हरियाणा के परिवहन मंत्री ने अपने ही सीएम और प्रदेश अध्यक्ष पर साधा था निशाना

# नड्डा के निर्देश पर बड़ौली ने थमाया अनिल विज को नोटिस

आंनद राणा ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज को पार्टी की तरफ से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश यह नोटिस हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जारी किया है। विज को अगले तीन दिन के अंदर इस कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

बड़ौली की तरफ से लिखा गया है ,यह सूचित किया जाता है कि आपने हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और यह पार्टी की नीति तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है। आपका यह कदम न केवल पार्टी की विचारधारा के खिलाफ है बल्कि यह उस समय पर हुआ है जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनावों के लिए अभियान चला रही थी। चुनावी समय में एक सम्मानित मंत्रीपद वहन करते हुए इस प्रकार की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा, यह जानते हुए आपने ये बयान दिए हैं और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। आपको यह कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि तीन दिन में आप इस विषय में लिखित स्पष्टीकरण दें।' ज्ञात हो कि विज ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर हमला बोलते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री जब से सीएम बने हैं उड़न खटोले पर ही हैं। उन्होंने सीएम पर यह आरोप भी लगाया था कि वे पार्टी के साथ भितरघात करने वालों के प्रश्रय देने का भी आरोप लगाया था। उन्होंने कुछ दिन पहले अंबाला में कहा, 'जिन लोगों ने मुझे चुनाव हराने की कोशिश की, चाहे वह अधिकारी थे, कर्मचारी थे या छुटभैये नेता थे। मैंने इन सबके बारे में लिखकर दिया। 100 दिन हो चुके हैं, इस मामले में न तो मुझसे पूछा गया, न ही कोई कार्रवाई हुई। मुझे शक था कि मुझे हराने के लिए किसी बड़े नेता के द्वारा ये काम किया गया है। यहां तक कि मुझे मारने का भी प्रयास किया गया। मैं सबसे सीनियर नेता हूं, अगर मैं कह रहा हूं मेरे खिलाफ हराने की कोशिश की है, तो तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। 100 दिन तक कुछ नहीं किया गया, अब तो वह करें न करें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। हमारे मुख्यमंत्री, जब से सीएम बने हैं तब से उड़नखटोले पर ही हैं। नीचे उतरे तो जनता के प्रति देखें। ये मेरी आवाज नहीं है, सारे एमएलए सारे मंत्रियों की आवाज है। अंबाला छावनी की जनता ने मुझे यहां से जिताया है। उनके कामों के लिए मुझे जो भी करना पड़ेगा वह करूंगा। जान देनी पड़े तो दूंगा। धरना देना पड़े दूंगा। डल्लेवाल की तरह अनशन करना पड़े तो करूंगा।

विज ने इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली पर भी हमला बोला था। कथित रेप के आरोपों में पुलिस रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विज ने कहा था कि रेप के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष महिलाओं की मीटिंग कैसे ले सकता है। उन्होंने कहा था कि 376 का आरोपी प्रदेश अध्यक्ष नहीं रह सकता, बड़ौली को इस्तीफा दे देना चाहिए।

**कहा था, नायब जब से सीएम बने हैं उड़न खटोले पर हैं, नीचे उतरें तो लोगों को देखें**



**कथित रेप में मामला दर्ज होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली से मांगा था इस्तीफा**

### दिल्ली में मुख्यमंत्री पर कवायद

## पूर्वांचली, भारद्वाज को शिकस्त देने वाली शिखा का नाम आगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद भाजपा में मुख्यमंत्री पद के लिए नामों को लेकर मंथन जारी है। दिल्ली में मुख्यमंत्री का पद किसी महिला विधायक को सौंपा जा सकता है। खबर है कि एक उप-मुख्यमंत्री भी बनाए जाएंगे। सीएम पद पूर्वांचल से आने वाले किसी नेता को मिल सकता है। इस बीच पूर्वंचली और आप के सौरभ भारद्वाज को हराने वाली शिखा राय का नाम सबसे आगे है।



### इस बार 5 महिलाएं पहुंची विधानसभा

इस बार के चुनाव में सिर्फ पांच महिलाएं ही जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। इसमें 4 भाजपा की नेता है। सीएम आतिशी एकमात्र आप की नेता हैं। शालीमार बाग विधानसभा सीट पर भाजपा की रेखा गुप्ता ने जीत हासिल की। उन्होंने आप उम्मीदवार बंदना कुमारी को हराया है। वहीं वजीरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने आप के नीरज गुप्ता को शिकस्त दी हैं।

## अमेरिका आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 फीसदी शुल्क लगेगा

# ट्रंप की सोमवार को इस्पात, एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कनाडा तथा मेक्सिको सहित इस्पात और एल्युमीनियम के सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की सोमवार को घोषणा करेंगे। साथ ही इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे। सुपर बाउल में हिस्सा लेने के लिए फ्लोरिडा से न्यू ऑरलियन्स जाते समय विमान 'एयर फोर्स वन में' रविवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ''अमेरिका में आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा।'' एल्युमिनियम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''एल्युमीनियम भी '' व्यापार दंड के अधीन होगा।

■ एल्युमीनियम भी व्यापार दंड के अधीन होगा

### इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे

### पारस्परिक शुल्क की बात दोहराई

ट्रंप ने ''पारस्परिक शुल्क'' की घोषणा करने की बात भी दोहराई जिसका मतलब है कि अमेरिका उन उत्पादों पर आयात शुल्क लगाएगा जहां किसी अन्य देश ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, '' यदि वे हमसे 130 प्रतिशत शुल्क ले रहे हैं और हम उनसे कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे हैं, तो अब यह स्थिति ऐसी नहीं रहेगी।''



### कोरिया कर रहा समीक्षा

इस बीच, दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने देश के शीर्ष विदेश नीति एवं व्यापार अधिकारियों की सोमवार को बैठक बुलाई, जिसमें इस बात पर गौर किया गया कि इस्पात और एल्युमीनियम पर ट्रंप के प्रस्तावित शुल्क से उनके उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

### अमेरिका को बजट घाटा कम करने में मदद मिलेगी

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने पहले भी कई बार कहा है कि वह आयात करों को आव्रजन जैसे मुद्दों पर रियायतें दिलाने के साधन के साथ ही इसे सरकार के बजट घाटे को कम करने में मदद करने वाले राजस्व के स्रोत के रूप में भी देखते हैं।

### अमेरिका शुल्क प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा

ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह इस्पात और एल्युमीनियम आयात के लिए नए शुल्क की घोषणा करेंगे। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन किसी भी देश की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाए जाने पर उसके खिलाफ आयात शुल्क लगाने जा रहा है।

### द. कोरिया ने 2024 में 4.8 अरब डॉलर का इस्पात भेजा

दक्षिण कोरिया ने 2024 में जनवरी से नवंबर के बीच अमेरिका को करीब 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का इस्पात भेजा, जो इस अवधि के दौरान उसके वैश्विक निर्यात का 14 प्रतिशत था।

### भारतीय इस्पात उत्पादकों की चुनौतियां बढ़ेगी : मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात एवं एल्युमीनियम आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

### अमेरिका के इस्पात उद्योग को होगा फायदा

मूडीज रेटिंग्स के सहायक उपाध्यक्ष हुइ तिंग सिम ने कहा कि पिछले 12 महीनों में भारत में इस्पात के अधिक आयात ने पहले ही देश के इस्पात उत्पादकों की कीमतों और कमाई को घटा दिया है। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप प्रशासन के नए कदम से घरेलू इस्पात की मांग बढ़ेगी और बिक्री कीमतें बढ़ने से अमेरिका के इस्पात उत्पादकों को फायदा होगा।

## एलजी ने ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टेबलाइजर तकनीक का अनावरण किया



**नई दिल्ली।** इंडस्ट्रियल एयर कंप्रेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में, एल्जी इक्विपमेंट्स (बीएसई: 522074 एनएसई: एल्जीइक्विप), जो 64 वर्षों से अधिक के कंप्रेस्ड एयर एक्सीलेंस के साथ दुनिया के अग्रणी एयर-कंप्रेसर निर्माताओं में से एक है, ने आज अपनी नवीनतम कंप्रेस्ड एयर स्टेबलाइज़ेशन तकनीक की घोषणा की। स्टेबलाइजर सिस्टम को ऐसे प्लांट्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जहां एयर की मांग लगातार बदलती रहती है, जिससे यह अस्थिर कंप्रेसर प्रदर्शन, अक्षमता और बार-बार होने वाले लोड/अनलोड साइकल के कारण होने वाले नुकसान को दूर करने में मदद करता है। इंडस्ट्रियल वातावरण में, कंप्रेसर की क्षमता और प्लांट की एयर डिमांड के बीच का अंतर स्वाभाविक रूप से बदलता रहता है। यह बदलाव बार-बार कट-इन और कट-आउट ऑपरेशंस का कारण बनता है, जिससे कंप्रेसर अस्थिर हो जाता है।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client **SMT MANJU GUJRAL** W/o- Sh. Inderjeet Gujral, R/o-WZ-118/A, F/F, Gali No. 13, Guru Nanak Nagar, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi - 110018, has severed all her relations and have disowned her son Sh. Karan Gujral, from her all movable and immovable properties due to his disobedient nature. So my client shall not be responsible for any act of her Son Sh. Karan Gujral, if anyone do so then he/she will do so at his/her own risk.

**Gurdip Singh Dua (Advocate)**
**Enrl. No. D/235/1977**

## सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली(भाषा)।** मजबूत वैश्विक रुझानों और कमजोर रुपये के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में सोने ने 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय उर्फ लालू पुत्रः** सतीश कुमार **पताः** मकान नंबर जी–48 गली नंबर 16 जगतपुरी दिल्ली, ने **FIR No. 130/2024, U/s 380/411 IPC थानाः जगतपुरी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ लालू,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ लालू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 130/2024, U/s 380/411 IPC थानाः जगतपुरी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ लालू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**जेएमएफसी–05 कमरा नंबर 07**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/1271/SHD/2025**
**(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | **30-ELECT-10-T-R1-24-25-E3** डीएलआई–आरई सेक्शन के बीच स्वचालित सेक्शन के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 46.71 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 93,400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 05.03.2025, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 05.03.2025, 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | **www.ireps.gov.in** व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

443/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गौतम अदाणी ने की हेल्थ सिटी एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के शुभारंभ की घोषणा

**अहमदाबाद।** अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने अदाणी हेल्थ सिटी (एएचसी) एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसे समूह की गैर-लाभकारी स्वास्थ्य सेवा शाखा के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। गौतम अदाणी के 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमार्थ है' के सामाजिक दर्शन के अनुरूप, अदाणी परिवार पूरे भारत में समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सस्ती, विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल और चिकित्सा शिक्षा लाने की लागत पूरी तरह से वहन करेगा। अडानी परिवार



अहमदाबाद और मुंबई में इन पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। गौतम अडानी की भारत भर के शहरों और कस्बों में ऐसे और अधिक एकीकृत अडानी हेल्थ सिटी बनाने की योजना है। इन एकीकृत एएचसी परिसरों में से प्रत्येक में 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, 150 स्नातक, 80+ निवासियों और 40+ फेलो के वार्षिक प्रवेश के साथ मेडिकल कॉलेज, स्टेप-डाउन और संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाएं और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी। एएचसी चिकित्सा पारिस्थितिकी तंत्र का लक्ष्य सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों की सेवा करना, डॉक्टरों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करना और नैदानिक अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बायोमेडिकल सूचना विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करना है।

## हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 12 को खुलेगा

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 12 फरवरी को खुलेगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 674-708 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के बयान के अनुसार, आईपीओ 14 फरवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 11 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। आईपीओ पूर्ण रूप से 8,750 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीकृष्ण रामकार्तिकेयन ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' यह आईपीओ हेक्सावेयर की यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि हमारी मजबूत बुनियादी बातें और प्रौद्योगिकी-संचालित विकास रणनीति निवेशकों को आकर्षित करेगी।''

## प्रेम की अभिव्यक्ति' के साथ सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स का नया अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** ऐसी दुनिया में जहां शब्द अक्सर केंद्र में होते हैं, भारत के अग्रणी आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स को अपने नवीनतम अभियान, 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' का अनावरण करने पर गर्व है। टेलीपैथिक संचार की मूक लेकिन शक्तिशाली भाषा को उजागर करते हुए, दिल को छू लेने वाला अभियान अनकहे प्यार और गहनों की शाश्वत सुंदरता के बीच के बिंदुओं को खूबसूरती से जोड़ता है। इस अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने कहा, ''सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स में, हमारा मानना है कि प्यार छोटी-छोटी चीजों में सबसे अच्छी तरह से व्यक्त होता है - अनकहे क्षण, साझा झलकियां और शांत इशारे जो सबसे गहरे अर्थ रखते हैं। हमारा नया वेलेंटाइन संग्रह, 'एक्सप्रेशन ऑफ लव', शाश्वत डिजाइनों के माध्यम से इस सार को दर्शाता है जो स्थायी बंधनों की सुंदरता का जश्न मनाता है। हमारे हर संग्रह के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को प्यार की उनकी अनूठी कहानियों को संजोने और याद दिलाने में मदद करना है, जिससे यह अवसर वास्तव में अविस्मरणीय हो।'

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली एकल पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | रेलवे कॉलनी किशनगंज, दयाबस्ती, पंजाबी बाग, शकुरबस्ती, गाजियाबाद और पानीपत में कर्मचारी क्वार्टरों के रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध, जिसमें उप मुख्य अभियन्ता/नि0/शिवाजी ब्रिज, उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि0/शिवाजी ब्रिज, अधिशासी अभियन्ता/नि0/पानीपत, अधिकारी विश्राम गृह/पानीपत, वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता एवं वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/पी.वे के कार्यालय परिसर का परिवर्धन, परिवर्तन और नवीनीकरण शामिल है। शिवाजी ब्रिज कार्यालयों और पानीपत कार्यालय के विभिन्न स्थानों पर तथा उप मुख्य अभियन्ता के अधिकार क्षेत्र के तहत अन्य अधीनस्थ कार्यालयों संबद्ध कार्य। |
| 2. | कार्य पूरा होने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू0 73.24 लाख |
| 4. | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रू0 146500.00/– |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 11:30 बजे दिनांक **14.02.2025** से **28.02.2025** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 28.02.2025 को 11:30 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 14.02.2025 से 28.02.2025 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7. | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11:30 बजे दिनांक 28.02.2025 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

संख्या : 536-Acs-Maintenance-CSB-PNP दिनांक : 07.02.2025 440/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रिलायंस ने 10 रुपये में लॉन्च किया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर'

**मुंबई।** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' लॉन्च किया है। इस स्पोर्ट्स ड्रिंक को स्पिन के जादूगर और क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया गया है। मार्केट में मौजूद अन्य स्पोर्ट्स डिंक्स के मुकाबले 'स्पिनर' की कीमत काफी कम रखी गई है। 'स्पिनर' को केवल 10 रुपये में खरीदा जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि अगले 3 वर्षों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स का मार्किट 1 अरब डॉलर हो जाएगा और 'स्पिनर' इस मार्किट का बड़ा खिलाड़ी साबित होगा। बाजार में पैर रखते ही स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' ने इंडियन क्रिकेट लीग यानी आईपीएल की कई टीमों के साथ साझेदारी कर ली है। इनमें लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस साझेदारी से क्रिकेट के दीवानों के बीच 'स्पिनर' का क्रेज बढ़ेगा। 'स्पिनर' के सह-निर्माता और क्रिकेट के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने कहा, "मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ इस रोमांचक उद्यम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। एक एथलीट के तौर पर, मैं जानता हूं कि हाइड्रेशन कितना महत्वपूर्ण है, खासतौर पर जब आप कहीं जा रहे हों या खेल रहे हों।

## नेशनल फर्टिलाइजर्स का लाभ 70 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत घटकर 45.81 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 150.90 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

## राशिफल

**मेष** भाग–दौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिल सकते हैं।

**सिंह** व्यवधान आ सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निराशा एवं असन्तोष के भाव मन में रहेंगे। किसी सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**तुला** भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में व्यर्थ की भागदौड़ हो सकती है।

**वृश्चिक** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। आय भी बढ़ेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** भाइयों का साथ मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मकर** किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, लेकिन आलस्य की अधिकता हो सकती है।

**कुंभ** मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन में निराशा के भाव आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप की धमकी से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 548 अंक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ और बैंक, धातु तथा पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 548.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी का बाजार धारणा पर असर जारी है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2024-25-20** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | (i) 'Dismantling, Cleaning & painting of Bogies for WAP-7 Class locomotive Qty. 52 Locos' and 'Dismantling, Cleaning & painting of Bogies for WAP-5 Class locomotive Qty. 64 Locos', (ii) 'Removal of unmodified footstep and Fitment of Modified foot step in Bogie frame of WAP-7 locomotives, Qty. 120 locos', (iii) 'Removal and Fitment of cattle guard in WAP-7 locomotive, Qty. 100 Nos.' and (iv) 'Removing and installation of high speed sheet type cattle guard fitment in WAP-5 class locomotives, Qty. 50 Nos.' for the period of 36 months at Electric Loco Shed Ghaziabad. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 30,40,720.00 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 60,800.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 06.03.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.03.2025 (After 11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

नोटः (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्याः 230-TRS-GZB-2024-25-20 दिनांकः 10.02.2025 456/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

**मुकदमा न.241 दिनांक 04/12/2024 धारा 127 (6) BNS**
**थाना सदर जिला रेवाड़ी**



**गुमशुदा की पहचानः-**
नाम- विपिन पुत्र बलवंत सिंह, निवासी-जाटी थाना सदर जिला रेवाड़ी
उम्र 26 साल
कद- 6 फुट
हुलिया- रंग गेहुवा, गोल चेहरा, मजबूत शरीर जिसने सफ़ेद पैंट व सफेद शर्ट पहनी हुई है दिनांक-13/07/2024 से घर से काम की तलाश में गया था। जिस संबंध मे FIR NO-241 Dt. 04/12/2024 U/S 127(6) BNS थाना सदर रेवाड़ी दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

सम्पर्क नम्बर-
1. अनुसंधानकर्ता - 9671598183
2. प्रबंधक अफसर सदर रेवाड़ी- 7056666123
3. थाना सदर रेवाड़ी- 01274-22621
4. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच-1084/11/3110/2025/32337/88/7 दि. 10.02.25

## शब्द पहेली - 5775




**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली- 5774 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



# ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक के बावजूद हारा दक्षिण अफ्रीका, फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

एजेंसी ⏭ लाहौर


केन विलियमसन का नाबाद शतक दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ा। इससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के मैच में छह विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका के 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने विलियमसन की 113 गेंद में नाबाद 133 रन की पारी की बदौलत 48.4 ओवर मे चार विकेट पर 308 रन बनाकर जीत दर्ज की। विलियमसन का 2019 विश्व कप के बाद यह पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक है।

## 187 रन की साझेदारी

विलियमसन ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (97 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन की साझेदारी भी की। कॉनवे ने 107 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा।

## डेब्यू में 150+ रन बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर




ब्रीट्जके पदार्पण करते हुए एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने। इस महीने होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल ब्रीट्जके ने 148 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों से 150 रन की पारी खेली जिससे टीम ने छह विकेट पर 304 रन बनाए। वियान मुल्डर ने भी 60 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 64 रन का योगदान दिया। ब्रीट्जके ने वेस्टइंडीज के डेस्मंड हेन्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण करते हुए रिकॉर्ड 148 रन की पारी खेली थी।

## विलियमसन ने 113 गेंद में खेली नाबाद 133 रन की पारी

### 128 गेंद में जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने आठवें ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा (20) का विकेट गंवाया जिसके बाद ब्रीट्जके ने जेसन स्मिथ (41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़कर पारी को संवारा और फिर वियान मुल्डर के साथ भी चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। ब्रीट्जके ने विल ओरोर्के पर स्क्वायर कट से चौका जड़कर 128 गेंद में शतक पूरा किया। उन्होंने अगली 20 गेंद में हेन्स के 47 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।




### 4 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

ब्रीट्जके दक्षिण अफ्रीका के उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने सोमवार को एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सात खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे।

### अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज

कोलिन इनग्राम, बावुमा और रीजा हेंड्रिक्स के बाद ब्रीट्जके पदार्पण मुकाबले में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज हैं। मैट हेनरी (59 रन पर दो विकेट) ने ब्रीट्जके को मिड ऑफ पर माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराके उनकी पारी का अंत किया। ओरोर्के ने भी 72 रन देकर दो विकेट चटकाए।

## खबर संक्षेप




### इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कटक।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की। बटलर ने संवाददाताओं से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए वास्तव में निराशाजनक है क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है।'

### पाकिस्तान घर में करेगा दमदार प्रदर्शन : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण और घरेलू परिस्थितियों में खेलने से मेजबान पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उसे सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी। शास्त्री ने कहा, 'मेरा मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की टीम है जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में उसका प्रदर्शन बेहतरीन था।'



### जिल टीचमैन ने जीता मुंबई ओपन खिताब

**मुंबई।** भारत की प्रार्थना थोंबारे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो यहां मुंबई ओपन डब्लूटीए 125 सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के युगल फाइनल में अमीना अंशबा और एलेना प्रिडैंकिना की रूसी जोड़ी से हार गईं, जबकि जिल टीचमैन ने मनचया सवांगकाउ को हराकर एकल खिताब जीता। स्विट्जरलैंड की टीचमैन ने थाईलैंड की सवांगकाउ को 6-3, 6-4 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल के फाइनल में अंशबा और प्रिडैंकिना की जोड़ी ने थोम्बारे और हार्टोनो को 7-6 (4), 2-6, 10-7 से पराजित किया। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक और 5,700 अमेरिकी डॉलर का इनाम जीता।



### आयरलैंड ने लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता

**बुलावायो।** आयरलैंड ने सोमवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन जिंबॉब्वे को 63 रन से हराकर लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आयरलैंड को 2017 में पूर्ण सदस्य का दर्जा दिया था जिससे वह टेस्ट क्रिकेट खेलने की योग्यता हासिल कर गया।

## रणजी ट्रॉफी : फॉर्म में वापसी करते हुए खेली 70 रन की पारी

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, मुंबई ने हरियाणा पर कसा शिकंजा

**मुंबई ने 292 रन की बनाई बढ़त, शार्दुल ने झटके 5 विकेट**

एजेंसी ⏭ कोलकाता

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर निकल गए थे।




### विदर्भ ने तमिलनाडु पर बनाई 297 रन की बढ़त

**नागपुर।** विदर्भ के तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छठी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा जिससे पिछले साल की उपविजेता टीम ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ कुल 297 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। साई किशोर की टीम 64.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 128 रन की बड़ी बढ़त मिली। मौजूदा सत्र में अब तक अजेय विदर्भ ने तीसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 169 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 297 रन तक पहुंचाया।

### 14 पारी के बाद फिफ्टी

सूर्य कुमार ने इस तरह से सभी तरह की क्रिकेट में 14 पारियों के बाद अर्धशतक लगाया। इससे पहले पिछली 10 पारियों में उनका उच्चतम स्कोर 20 रन था। उन्होंने अनुज ठकराल की गेंद को हुक करके मिडऑन पर कैच थमाया।

### गुजरात 511 रन का विशाल स्कोर

**राजकोट।** जयमीत पटेल ने सुबह अपना शतक पूरा किया लेकिन वह विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल थे, जिन्होंने 140 रन की शानदार पारी खेलकर गुजरात को सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र को 216 रन पर आउट करने के बाद गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर बनाकर 295 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 33 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी गुजरात से 262 रन पीछे है।

### कप्तान डोगरा 73 रन पर नाबाद

**पुणे।** कप्तान पारस डोगरा के नाबाद अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां केरल के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाकर 179 रन की बढ़त हासिल की। डोगरा 73 रन बनाकर खेल रहे हैं। कन्हैया वधावन 42 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर चुके हैं। केरल ने इससे पहले दिन की शुरुआत नौ विकेट पर 200 रन से की और टीम इस समय जम्मू-कश्मीर के पहली पारी के स्कोर से 80 रन पीछे थी। जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में बढ़त बनाने की उम्मीद थी लेकिन सलमान निजारा ने 172 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेलकर केरल को 281 रन तक पहुंचाकर उसे एक रन की बढ़त दिला दी।

# गुकेश ने गंवाई पहली बाजी आज वापसी पर टिकी नजरें




एजेंसी ⏭ हैम्बर्ग

**■ फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज**

विश्व चैंपियन डी गुकेश पहली बाजी गंवाने के बाद मंगलवार को यहां फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेंगे।

रविवार को 'सामान्य टाइम कंट्रोल' के अंतर्गत गुकेश क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में करुआना से हार गए थे। भारतीय खिलाड़ी अब काले मोहरों से खेलते हुए दबाव में होगा और मुकाबले को बराबर कराने के लिए उन्हें करुआना को हर हाल में हराना होगा। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है। पहली बाजी में गुकेश ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उन्होंने करुआना को वापसी करने का मौका दे दिया।

### कार्लसन की आसान जीत

मैग्नस कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल की अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के जेवोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा के साथ ड्रॉ खेला जबकि नौवें स्थान के मुकाबले में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसीव को हराया।



## 38वां राष्ट्रीय खेल

# देव ने पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण




एजेंसी ⏭ देहरादून

मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने सोमवार को यहां पुरुष पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे जिसमें से पंजाब ने तीन जीते जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सेना, तमिलनाडु और मेजबान उत्तराखंड के खाते में एक-एक स्वर्ण पदक आया।

उन्नीस साल के देव ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था। इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता जीतने के दौरान बनाया था।

### शीर्ष पर तेजिंदर

पुरुष गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के तेजिंदर पाल सिंह तूर ने 19.74 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। गत चैंपियन मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल (19.38 मीटर) और पंजाब के प्रभकृपाल सिंह (19.04 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

### सुमित ने जीता सोना

सेना के सुमित कुमार ने आठ मिनट 46.26 सेकेंड के समय के साथ पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण जीता जबकि गिटसन धर्मरे, आकाश बाबू, वासन और अश्विन कृष्णा की तमिलनाडु की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी खिताब अपने नाम किया। महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में उत्तराखंड की अंकिता नौ मिनट 53.63 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि पंजाब की निहारिका वशिष्ठ ने 13.37 मीटर के प्रयास से महिला त्रिकूद का स्वर्ण पदक जीता। महिला चार गुणा 400 मीटर रिले का स्वर्ण पदक रमनदीप कौर, ट्विंकल चौधरी, किरणपाल कौर और रशदीप कौर की पंजाब की टीम के नाम रहा।

### अनुष्का बनीं तार गोला फेंक चैंपियन

उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने महिला तार गोला फेंक में खेलों के रिकॉर्ड 62.89 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी के नाम था जिन्होंने 62.47 मीटर के प्रयास से 2023 राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सोमवार को तान्या 59.74 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि उत्तर प्रदेश की ही नंदिनी ने 58.89 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता।

## आईएसएसएफ अकादमी ने सिमोन से की साझेदारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ अकादमी ने अपने शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और देश में कोचिंग मानकों को ऊंचा करने के लिए भारत के पूर्व निशानेबाज शिमोन शरीफ के साथ साझेदारी की है। आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली के पहले राइफल निशानेबाज शरीफ को आईएसएसएफ अकादमी से एक पत्र मिला है जिसमें उसने भारत में निशानेबाजी कोचिंग अकादमी चलाने वाले इस राइफलमैन के साथ अपने जुड़ाव की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है, 'इस साझेदारी से हमारा लक्ष्य आईएसएसएफ अकादमी के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोचिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है जहां कोच आवश्यक कौशल, ज्ञान और आईएसएसएफ से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र धारक हैं।'

## 3000 मीटर स्टीपलचेज...




**देहरादून।** सोमवार को देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लेते एथलीट।

## रुद्रांक्ष, सिफत ने जीता लगातार दूसरा ट्रायल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल और पंजाब की सिफत कौर सामरा ने सोमवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस टी2 मुकाबलों में जीत हासिल की।

इन दोनों शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों ने रविवार को डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में टी1 ट्रायल भी जीते थे। पुरुष एयर राइफल विश्व चैंपियन 2022 रुद्रांक्ष ने फाइनल में 253.3 अंक के साथ आसान जीत दर्ज की जबकि सिफत पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 469.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जो उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.2 अंक अधिक है। पंजाब की ही सिमरनप्रीत कौर बरार ने 36 अंक के साथ महिला 25 मीटर पिस्टल टी1 जीता।

## एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिपः मालविका को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# सिंधू के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

एजेंसी ⏭ किंगदाओ

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधू ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है। सिंधू गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।




### अब तक स्वर्ण का सूखा

भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।

### सभी अनुभवी खिलाड़ी

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### पुंछ में घेराबंदी कर तलाशी अभियान जारी

**मेंढर।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार को करीब एक दर्जन इलाकों की



घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद मेंढर, सुरनकोट और गुरसाई इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह ने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के साथ मिलकर सुरनकोट में चानन का निचला भाग, सैर, सनाई जंगल, चिति भाटी और फजलाबाद, मेंढर में दराई जंगल में घेराबंदी की।

### आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तीन फरवरी को एक बंद पुलिस चौकी के पास हुए 'विस्फोट' में कथित



रुप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर भागने की कोशिश की। एक आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों को गोली लगी।

## पीएम नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना

# मैं अपने मित्र ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक पहले कार्यकाल में काम की मधुर यादें साथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस पहुंचे। उनकी यह द्विपक्षीय यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के 2047 होराइजन रोडमैप की प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। फ्रांस से पीएम मोदी अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। पीएम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। अपने दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि फ्रांस से मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाउंगा। मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि जनवरी में उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत और शपथ ग्रहण के बाद यह हमारी पहली मुलाकात होगी, लेकिन मुझे उनके पहले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बनाने में साथ काम करने की बहुत ही मधुर याद है।

पीएम मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से द्विपक्षीय बैठक करेंगे और व्यापार जगत के नेताओं व भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे। पीएम ने कहा कि उनकी अमेरिका यात्रा दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी। ट्रंप के पहले कार्यकाल में हमारे सहयोग की सफलताओं को आगे बढ़ाने और प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित हमारी साझेदारी को और बढ़ाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने का अवसर होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने नागरिकों के लाभ के लिए साथ मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे।

### आज एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता भी करेंगे

### भारत और फ्रांस 2047 रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करेंगे



### एआई का उपयोग सार्वजनिक भलाई के लिए करेंगे

वहीं, फ्रांस यात्रा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। इसमें वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 के रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर भी होगी।

### रात्रिभोज में शामिल हुए, द्विपक्षीय चर्चा की


सोमवार शाम पेरिस पहुंचने पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पेरिस में मौजूद भारतीयों ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य देशों के प्रमुखों और अन्य प्रमुख नेताओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज में हिस्सा लिया। इस रात्रिभोज का उद्देश्य देशों के प्रमुखों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करना है। यह रात्रिभोज फ्रांस के राष्ट्रपति के आवास मशहूर एलिसी पैलेस में हुआ, जहां टेक क्षेत्र के कई मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी मौजूद रहे।

### वार कब्रिस्तान में भारतीय सैनिकों को देंगे श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मैं मार्सिले में स्थित मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। जिसे कॉमनवेल्थ वार ग्रेव्स कमीशन द्वारा संचालित किया जाता है। इसके साथ ही, मार्सिले में भारत के नवीनतम कॉन्सुलेट जनरल का उद्घाटन भी करेंगे।

## बांग्लादेश और भारत रोकेंगे तनाव

# डॉ. जयशंकर से मस्कट में मिल सकते हैं तौहीद हुसैन



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन जल्द विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात कर सकते हैं। दोनों नेताओं की मुलाकात अगले सप्ताह मस्कट में आयोजित होने वाले हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह जानकारी सोमवार को ढाका की स्थानीय मीडिया ने दी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, इस बैठक के दौरान बांग्लादेश दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव को रोकने के उद्देश्य से एक संदेश देना चाहेगा। '8वां हिंद महासागर सम्मेलन' 16-17 फरवरी को मस्कट, ओमान में होगा। इसका आयोजन ओमान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन कर रहा है।

### बांग्लादेश में 'ऑपरेशन डेविल हंट'

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 'ऑपरेशन डेविल हंट' नाम से एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अब तक 1,308 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह ऑपरेशन खासतौर पर उन लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा है, जो सरकार के मुताबिक देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह संयुक्त बल अभियान है, जिसमें पुलिस, सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, हिंसा फैलाने वालों और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को गिरफ्तार करना है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की अगुवाई में अंतरिम सरकार ने शनिवार को इस ऑपरेशन का आदेश दिया। इसके पीछे कारण यह था कि ढाका के बाहरी इलाके में अवामी लीग के नेता के घर पर हमले के बाद छात्र कार्यकर्ता घायल हो गए थे।

### बांग्लादेश को चुभ गई भारत की बात

बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के आवास को ध्वस्त करने को लेकर भारत अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस कड़े सवाल किए हैं, जिसपर यूनुस सरकार को मिर्ची लग गई है। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मुजीबुर रहमान के आवास पर आगजनी की घटना की निंदा की थी। बांग्लादेश ने इस घटना पर भारत की टिप्पणी को गलत और अनुचित बताया। इसे आंतरिक मामला बताते हुए किसी देश को टिप्पणी न करने की बात कही।

## तंगहाल पाकिस्तान को आसानी से नहीं मिलेगा कर्ज

# आईएमएफ की तकनीकी टीम करेगी दौरा 6 संस्थानों के कामकाज की करेगी समीक्षा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पाकिस्तान के न्यायिक और नियामक तंत्र की समीक्षा कर रहा है। यह कदम पाकिस्तान के सात अरब डॉलर के ऋण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका मकसद भ्रष्टाचार और शासन से जुड़ी समस्याओं को हल करना है। संघीय शहबाज शरीफ सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के वित्त मंत्रालय ने रविवार को बताया कि आईएमएफ की एक तकनीकी टीम एक सप्ताह के लिए पाकिस्तान आई है, ताकि वह शासन से जुड़े छह प्रमुख क्षेत्रों और संस्थाओं की जांच कर सके। पाकिस्तान ने अक्तूबर 2023 में आईएमएफ के साथ एक समझौता किया था, जिसमें उसने भ्रष्टाचार से निपटने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों व निवेश के लिए एक समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने का वादा किया था।



### आतंकवाद रोधी कार्रवाई पर निगाह

आईएमएफ पाकिस्तान के छह महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों के कामों की समीक्षा करेगा, जिनमें वित्तीय व्यवस्था, केंद्रीय बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय क्षेत्र की निगरानी, बाजार नियमन, कानून का शासन, धनशोधन और आतंकवाद-रोधी वित्तीय कार्रवाई शामिल हैं। आईएमएफ की टीम वित्त मंत्रालय, संघीय राजस्व बोर्ड, पाकिस्तान स्टेट बैंक, पाकिस्तान के ऑडिटर जनरल, पाकिस्तान चुनाव आयोग, कानून और न्याय मंत्रालय के साथ बैठक करेगी।

## राष्ट्रपति ट्रंप का एक और बड़ा फैसला

# स्टील-एल्युमीनियम इंपोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, तबसे वे लगातार बड़े और चौकाने वाले फैसले ले रहे हैं। ट्रंप ने अपनी व्यापार नीति में एक और बड़ा बदलाव करते हुए सभी स्टील और एल्युमीनियम आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने घोषणा की कि ये टैरिफ अतिरिक्त धातु शुल्कों के अतिरिक्त होगा। ये कब से लागू होगा, इसका खुलासा इस सप्ताह के अंत में होने की उम्मीद है। रविवार को न्यू ऑरलियन्स में ट्रंप ने कहा कि वे मंगलवार की शुरुआत में पारस्परिक टैरिफ की घोषणा करेंगे, जो तुरंत प्रभावी होंगे।



### नहीं बनेंगे नए सिक्के

ट्रंप ने नए सिक्के की ढलाई रोकने के लिए ट्रेजरी को निर्देश दिया है। ट्रंप ने इसके पीछे अधिक लागत का हवाला दिया है। ट्रंप ने कहा कि बहुत लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेनीज का खनन किया है जिसकी कीमत सचमुच हमें 2 सेंट से अधिक है। ट्रंप ने रविवार रात ट्रुथ सोशल साइट पर एक पोस्ट में लिखा। मैंने अमेरिकी ट्रेजरी के अपने सचिव को नए पैसे का उत्पादन बंद करने का निर्देश दिया है।

## यूरोप जाने वाले प्रवासियों के मामले में लीबिया में बड़ा खुलासा

# दो कब्र में दफन 49 लाशें बरामद गोली मार उतारा गया मौत के घाट

एजेंसी ▶▶ काहिरा

अमेरिका और यूरोप में अच्छी जिंदगी की चाहत में लोग अपना वेतन छोड़ जाते हैं। अवैध रास्तों में उन्हें यातनाओं का सामना करना पड़ा है। कई बार उन्हें मौत के घाट भी उतरना पड़ता है। ऐसा ही दर्दनाक हादसा लीबिया में हुआ है। लीबिया के अधिकारियों के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी रेगिस्तान में दो सामूहिक कब्रों से करीब 49 शव मिले हैं। सभी शव यूरोप जाने वाले प्रवासियों के हैं। सुरक्षा निदेशालय ने कहा कि पहली सामूहिक कब्र शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी शहर कुफरा में एक खेत में मिली है। इसमें 19 शव दफन हैं। फेसबुक में पोस्ट तस्वीरों में पुलिस अधिकारी और चिकित्सक रेत में खुदाई करते दिख रहे हैं।

### दूसरी कब्र में 30 लाशें मिलीं



अल-अबरीन चैरिटी का कहना है कि कब्र में दफनाने से पहले कुछ लोगों को गोली मारी गई। कुफरा में सुरक्षा कक्ष के प्रमुख मोहम्मद अल-फदील ने बताया कि मानव तस्करी केंद्र पर छापा मारने के बाद कुफरा में एक कब्र और मिली है। इसमें 30 शव दफन मिले हैं। उन्होंने कहा कि जीवित बचे लोगों ने बताया कि लगभग 70 लोग कब्र में दफन थे। पूरे इलाके में पुलिस तलाशी अभियान में जुटी है।

### 76 प्रवासियों को कराया गया मुक्त

रविवार को लीबिया के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने तस्करी केंद्र से 76 प्रवासियों को मुक्त कराया है। तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। बता दें कि लीबिया में पहले भी सामूहिक कब्रें मिल चुकी हैं। पिछले साल अधिकारियों ने राजधानी त्रिपोली से 350 किलोमीटर दक्षिण में शुआरिफ क्षेत्र में 65 प्रवासियों के शवों को कब्र से निकाला था।

## संसद में उपस्थित होंगे सांसद राशिद

# दिल्ली हाई कोर्ट ने दी दो दिनों की कस्टडी पैरोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रमुख और बारामुल्ला से सांसद इंजीनियर रशीद को दो दिन की कस्टडी पैरोल दी है। अदालत ने कहा कि इस अवधि के दौरान उन्हें इंटरनेट का उपयोग करने या मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं है।

कथित आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी करार दिए जाने के बाद से रशीद 2019 से जेल में हैं। उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में बारामुल्ला निर्वाचन क्षेत्र से सांसद के रूप में चुना गया था।

### बिफरीं महबूबा

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ़्ती ने पैरोल दिए जाने में देरी पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया कि यह वास्तव में 'लोकतंत्र की मां' का काम है। गुरमीत सिंह, जो स्वयं को राम रहीम भी कहता है, रेप और हत्या के मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद भी महीनों पैरोल पर बाहर रहता है। वहीं, हमारे सम्माननीय सांसद इंजीनियर रशीद को संसद में भाग लेने के लिए केवल दो दिन की हिरासत पैरोल दी गई है, वह भी केवल उच्च न्यायालय के आदेश के बाद।

### आईआरबी चौकी से लूटे 9 में से 8 शस्त्र बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के थौबल जिले में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की चौकी से लूटे गए नौ में से आठ शस्त्र बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जिले के नगामुखोंग तलहटी में तलाशी अभियान के दौरान तीन एके और पांच एसएलआर समेत आठ आग्नेयास्त्र बरामद किए गए और बाद में एक अन्य अभियान में प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया गया। यह अभियान तब शुरू किया गया जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस करीब 30 हथियारबंद बदमाशों ने (शनिवार रात) थौबल जिले के काकमाई में एक पुलिस चौकी पर धावा बोला था।

# अमेरिका से लौटे नाती ने चाकू से 70 बार गोदकर की हत्या

## 500 करोड़ का मालिक था मृतक

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। वेलजन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के 86 वर्षीय संस्थापक, वेलामाती चंद्रशेखर जनार्दन राव की उनके ही घर में हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। हत्या के तीन दिन बाद, पुलिस ने उनके नाती किलारू कीर्ति तेजा को अपने नाना की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना संपत्ति विवाद के चलते हुई। बताया जा रहा है। मृतक करीब 500 करोड़ का मालिक था। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि तेजा ने अपने नाना पर 70 से भी ज़्यादा बार चाकू से वार किए।

### अमेरिका से पढ़ाई करके लौटा था

शुरुआती जांच से पता चला है कि तेजा हाल ही में अमेरिका से मास्टर्स की डिग्री पूरी करके हैदराबाद लौटा था। वह हैदराबाद के पश्चिमी कॉरिडोर में स्थित एक गेटेड कम्युनिटी, लैंको हिल्स में रह रहा था। तेजा राव से नाराज़ था। उसे लगता था कि उसके साथ परिवार के दूसरे सदस्यों की तुलना में भेदभाव किया जाता है। जनार्दन राव की तीन बेटियां और एक बेटा है। तेजा उनकी तीन बेटियों में से दूसरे नंबर की बेटी सरोजनी का बेटा है।

## बढ़ती भीड़ को देखते हुए सऊदी अरब के उमरा मंत्रालय का बड़ा फैसला

# हज में बच्चों के जाने पर बैन, 14 देशों के लिए बदले वीजा नियम

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने हज को लेकर इस बार बड़ा फैसला किया है। सऊदी अरब के नए फैसले के मुताबिक अब बच्चों का हज में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि हज के दौरान हर साल बढ़ती भीड़ को लेकर ये फैसला लिया गया है। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें हज करने से रोका गया है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय का कहना है कि 2025 में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो पहली बार हज करने आए हैं। बच्चों पर प्रतिबंध भी इसी वजह से लगाया है कि उन्हें भीड़ भाड़ में होने वाली परेशानी से बचाया जा सके।

### पहली बार हज करने वालों को देंगे प्राथमिकता

### सिर्फ सिंगल एंट्री वीजा 30 दिनों तक वैध रहेगा

### नुसुक एप के जरिए करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन



सऊदी अरब के नागरिक और वहां रहने वाले नुसुक एप के जरिए या ऑफिशियल ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।आवेदकों को अपनी जानकारी सत्यापित कराने के साथ ही उनके साथ यात्रा करने वाले का भी पंजीकृत करना होगा। सऊदी अरब के नए वीजा नियमों से अल्जीरिया, बांग्लादेश, मिस्त्र, इथोपिया, भारत, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सूडान, ट्यूनीशिया और यमन पर देश प्रभावित होंगे।

### एक साल का मल्टीपल एंट्री वीजा निलंबित

सऊदी अरब की सरकार ने इन देशों के साथ पर्यटन, व्यापार और पारिवारिक यात्राओं के लिए एक साल के मल्टीपल एंट्री वीजा को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। नए नियमों के तहत, इन देशों के लोग केवल सिंगल एंट्री वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो कि 30 दिनों के लिए वैलिड होगा। सऊदी अरब हज और उमरा को लेकर अपने नियमों में बदलाव करता रहता है। 2024 में सऊदी अरब ने उमरा के दौरान ग्रेट ग्रैंड मस्जिद के पास भीड़ जुटने के कारण फोटोग्राफी से लोगों को बचने की सलाह दी थी। मंत्रालय ने बिना परमिशन किसी की फोटो लेने और ज्यादा देर तक ग्रेट ग्रैंड मस्जिद के पास फोटोग्राफी करने से बचने को कहा था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109